आचार्य श्री वसुनंदी विरचित

रयणकंडो

(प्राकृत सूक्ति कोश)

कृति	:	रयणकंडो
मंगल आशीर्वाद	:	परम पूज्य श्वेतपिच्छाचार्य श्री 108 विद्यानन्द जी मुनिराज(2016-17)
कृतिकार	:	आचार्य श्री 108 वसुनन्दी जी मुनिराज
संपादन	:	आर्यिका वर्धस्वनंदनी
प्राप्ति स्थान	:	• श्री जम्बूस्वामी तपोस्थली, बोलखेड़ा (कामां) राजस्थान
संस्करण	:	प्रथम 1000 (सन् 2017)
संशोधित संस्करण	:	1000 (सन् 2019)
प्रकाशक	:	निर्ग्रंथ ग्रंथमाला समिति
मुद्रक	:	पारस प्रकाशन, दिल्ली मो.: 9811374961, 9818394651, 9811363613 pkjainparas@gmail.com, kavijain1982@gmail.com

"णाणं पयासओ"

सूर्योदय होने से केवल तमोपुंज का ही अंत नहीं होता अपितु दिव्य प्रकाश का भी उदय होता है। प्रकाश जीवंतता का प्रतीक है, दिवाकर का प्रकाश दिव्यता का द्योतक भी है, उसके माध्यम से प्राणी दिव्यता को प्राप्त करने में समर्थ होता है। प्रकाश को केवलज्ञान का ही प्रतीक नहीं माना अपितु सुख का कारण भी स्वीकार किया गया है। इसीलिए न्याय ग्रन्थों में दीपक को स्वपर प्रकाशी निरूपित करते हुये ज्ञान की महिमा को प्रदर्शित किया है। जिस प्रकार प्रकाश के बिना अंधकार में जीया गया जीवन अनेक दु:ख, क्लेश, अशांति, वैमनस्यता, ईर्ष्या, विद्वेष, चिन्ता आदि विकारों को जन्म देने वाला होता है एवं दुष्कृत्यों का निमित्त कारण बन जाता है, उसी प्रकार चेतना में विद्यमान अंधकार मिथ्यात्व, अज्ञान, असंयम और दु:ख रूप प्रवृत्ति कराने वाला होता है।

बहिर्जगत में विद्यमान तमसावृत्त निशा का निराकरण करने के लिये आदित्य समर्थ होता है। अनेक चंद्रादि ज्योतिर्ग्रह निशा में उदित होकर अपने अस्तित्व का बोध कराते हुये शीतल प्रकाश भी प्रदान करते हैं। चेतना के प्रदेशों पर विद्यमान मिथ्यात्वादि के अंधकार को दूर करने में सूर्यादि अनेक ग्रह भी समर्थ नहीं होते, आत्मप्रदेशों में विद्यमान अंधकार को सम्यक्त्व, सम्यक्ज्ञान एवं सम्यक्चारित्र के तीन रत्न ही तिरोहित

करने में समर्थ होते हैं। इन तीन रत्नों की प्राप्ति सर्वज्ञ, वीतरागी, प्राणी मात्र के लिए हितोपदेशी जिनेन्द्र देव के माध्यम से ही संभव है किन्तु वर्तमान में दुखमा नाम का पंचमकाल उदयावस्था को प्राप्त है अतः भरत, ऐरावत क्षेत्र में केवली भगवान् का यहाँ सद्भाव संभव नहीं है, उनके अभाव में जिनवाणी भव्य प्राणियों के मिथ्यात्वादि अंधकार को दूर करने में समर्थ है।

आ. पद्मनन्दी स्वामी जी ने पद्मनंदीपंचविंशतिका में लिखा है-

सम्प्रत्यस्ति न केवली किल किलौ त्रैलोक्यचूड़ामणि-
स्तद्वाचः परमासतेऽत्र भरत क्षेत्रे जगद्योतिका।
सद्रत्नत्रयधारिणो यतिवरास्तेषां समालम्बनं,
तत्पूजा जिनवाचिपूजनमतः साक्षाज्जिनः पूजितः॥

वर्तमान में इस कलिकाल में तीन लोक के पूज्य केवली प्रभु इस भरत क्षेत्र में साक्षात् नहीं हैं तथापि समस्त भरतक्षेत्र में जगत्प्रकाशिनी केवली प्रभु की वाणी मौजूद है तथा उस वाणी के आधारस्तंभ श्रेष्ठ रत्नत्रयधारी मुनि भी हैं इसीलिए उन मुनि का पूजन तो सरस्वती का पूजन है तथा सरस्वती का पूजन साक्षात् केवली का पूजन है।

जिनवाणी का संवर्धन, संरक्षण एवं संस्थिति वर्तमान में निर्ग्रंथ साधु आदि चतुर्विध संघ से है। निर्ग्रंथ संत आदि आत्मसाधक जिनवाणी की दिव्य देशना के माध्यम से स्वपर का कल्याण करने में संलग्न हैं। जिनवाणी का प्रचार-प्रसार ज्ञानावरणी, दर्शनावरणी कर्म के क्षयोपशम को वृद्धिंगत करने में भी कारण है तथा अशुभ आयु, अशुभ नाम, नीच गोत्र, असाता वेदनीय एवं अंतराय कर्म के बंधन से बचाने वाला है, आत्मकल्याण के मार्ग में आने वाले विघ्नों को विलुप्त करने वाला है। जिनवाणी के सम्यक् प्रचार-प्रसार से असातावेदनीय को सातावेदनीय में, अशुभ नामकर्म को शुभ नामकर्म में, नीचगोत्र को उच्चगोत्र में संक्रमित भी किया जा सकता है। जिनवाणी के अध्ययन-अध्यापन से शुभास्रव, सातिशय पुण्य का बंध, अशुभ का संवर एवं पूर्वबद्ध कर्मों की निर्जरा

होती है।

वर्ष 2016-2017 हम परम पूज्य अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोगी आचार्य श्री वसुनंदी जी गुरुदेव के स्वर्ण जयन्ती वर्ष के रूप में अनेक धार्मिक अनुष्ठानों के साथ आयोजित कर रहे हैं। इसी श्रृंखला में आचार्य प्रणीत वर्तमान में अनुपलब्ध बहुपयोगी 50 शास्त्रों का प्रकाशन करने का संकल्प निर्ग्रंथ ग्रंथमाला समिति आदि संस्थाओं ने लिया है। उसी क्रम में प्रस्तुत ग्रंथ रयणकंडों आपके श्री करकमलों में स्वपर हित की मंगल भावना से समर्पित है।

हमें आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि आप प्रस्तुत ग्रंथ के माध्यम से स्व-पर कल्याण की भावना को वृद्धिंगत करते हुए जिनशासन की प्रभावना में भी निमित्त बनेंगे। सुधी पाठकों से सविनय अनुरोध है वे प्रस्तुत ग्रंथ से स्वकीय पात्रता के अनुसार आत्मा को पवित्र करने वाली सतत प्रवाही श्रुत गंगा से श्रुतामृत को ग्रहण कर उसका सदुपयोग ही करें। हंसवत् क्षीरग्राही दृष्टि बनाकर गुणों को ही ग्रहण करें, दोषों का परिमार्जन करने में तत्पर हों। प्रमादवश, अज्ञानतावश हुयी त्रुटियों को या चूक को मूल या चूक समझकर ही विसर्जित कर दें। आप जैसे सुधी पाठक इस ग्रंथ रूपी दधिका में उतरकर नवनीत को ही ग्रहण करें क्योंकि कोई भी ग्वाल या गोपी छाछ ग्रहण करने के उद्देश्य से दधि मंथन नहीं करती। अतः आप भी तदैव प्रवृत्ति करें।

मैं अंतस् की समग्र निष्ठा, भक्ति, समर्पण के साथ सर्वज्ञ देव, श्रुत सिंधु एवं निर्ग्रंथ गुरुओं के चरणों में अनंतशः प्रणाम निवेदित करता हूँ तथा परम पूज्य आचार्य श्री वसुनंदी जी गुरुदेव के पद कमलों में सिद्ध, श्रुत, आचार्य भक्ति सहित कोटिशः नमन करता हुआ उनके स्वस्थ संयमी जीवन की एवं आत्म ध्यान के संवर्द्धन की भावना करता हूँ।

जिन श्रुताम्बुज चंचरीक
-मुनि प्रज्ञानंद

संपादकीय...

तपस्यभ्यन्तरे बाह्ये, स्थिते द्वादशधा तपः।
स्वाध्यायेन समं नास्ति, न भूतं न भविष्यति॥

108/3 मरण कंडिका॥

बाह्य और अभ्यंतर के भेद से तप बारह प्रकार का है, उसमें स्वाध्याय नाम के अभ्यंतर तप के समान दूसरा तप न है, न था और न रहेगा।

जिनाज्ञा स्वपरोत्तारा, भक्तिर्वात्सल्य वर्द्धनी।
तीर्थप्रवर्तिका साधोर्ज्ञानतः परदेशना॥112॥

स्वाध्याय के द्वारा जिनाज्ञा का पालन, स्वपर उद्धार, भक्ति, वात्सल्य वृद्धि, तीर्थप्रवर्तन, उपदेश इतने गुण प्राप्त होते हैं। अतः स्वाध्याय में सदैव रत रहना चाहिए।

प्राकृत भाषा ही क्यों-भारतीय साहित्य विविधता में एकता के साथ विकसित हुआ है। भारत में विभिन्न भाषाओं और लिपियों का उदय हुआ है। प्राकृत भाषा प्राचीनतम भाषा मानी जाती है। अनादिनिधन णमोकार महामंत्र भी प्राकृत भाषा में ही है। प्राचीन ग्रन्थों का प्राकृत भाषा में होना भी इस भाषा की प्राचीनता को प्रमाणित करता है।

प्राकृत भाषा भारतीय आर्य भाषा परिवार की एक सुसमृद्ध भाषा रही

है। प्राचीन समय से यह लोकभाषा के रूप में भी प्रतिष्ठित रही है। प्राकृत शब्द प्रकृति से ही निकला है अर्थात् जिसमें कोई कृत्रिमता न हो। प्राचीन समय की उसी सरल-सहज भाषा को प्राकृत भाषा का नाम दिया गया। भारतीय लोक-जीवन के बहुआयामी पक्ष, दार्शनिक एवं आध्यात्मिक परंपराएँ प्राकृत साहित्य में निहित है।

अपनी संस्कृति व सभ्यता को जीवंत रखने के लिए प्राकृत भाषा अत्यंतावश्यक है। परम पूज्य श्वेतपिच्छाचार्य श्री विद्यानंद जी मुनिराज का इस भाषा के संवर्द्धन व संरक्षण के लिए विशेष प्रयास रहा और अब अपने गुरु के पदचिह्नों पर बढ़ते हुए परम पूज्य अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोगी आचार्य श्री वसुनंदी जी मुनिराज ने प्राकृत भाषा में कई ग्रंथों की रचना की।

सूक्तियाँ व इनकी उपयोगिता:-सूक्ति शब्द का संधि विच्छेद करने पर सु+उक्ति प्राप्त होता है जिसका अर्थ अच्छी उक्ति। सूक्ति यानि अच्छे और सुंदर ढंग से कही गई बहुत अच्छी बात। कम शब्दों में अपनी संपूर्ण बात कह देना, एक कला है। गागर में सागर भर देने जैसी होती हैं सूक्तियाँ। ये चिंतन की गहराईयों में से समाधान के मोती प्रदान करती हैं।

ये सूक्तियाँ प्राणी की मानसिकता व विचारों का निर्माण करती हैं तथा अनेक अवसरों व परिस्थितियों में ये किसी सुहृद मित्र की भांति पथ-प्रदर्शन करती हैं जैसे फलों का सार उनका रस, दूध का सार घी होता है उसी प्रकार ज्ञान का सार सूक्त वचन होते हैं। ये वचन जीवन के महत्त्वपूर्ण निर्णयों की पूर्व-पीठिका तैयार करते हैं। संत-साधु-मनीषियों के अनुभव, दर्शन व परिपक्व विचारों से प्राणियों का पथ प्रशस्त होता है।

प्रत्येक सूक्ति अपने साथ बहुत महत्त्वपूर्ण शिक्षा लिए होती है। इस "रयणकंडो" नामक ग्रंथ के अंतर्गत भी 3333 सूक्तियों को रचा गया है। परम पूज्य आचार्य गुरुवर श्री वसुनंदी जी मुनिराज द्वारा इस दीर्घकाय ग्रंथ की रचना अल्प समय में ही की गई है। इसके अंतर्गत दैनिक

जीवन में उपयोगी कई शीर्षकों पर सूक्तियाँ हैं तो वहीं ज्योतिष, वास्तु, आध्यात्मिक, नैतिक, सामाजिक, राजनैतिक जैसे विषयों को भी लिया है।

जैसे-

अण्णाणव्व ण को वि सत्तू।

अज्ञान के समान कोई शत्रु नहीं है।

जोदिससत्थेसु बेदह-लग्ग-रासी य।

ज्योतिष शास्त्रों में 12 राशि और लग्न माने जाते हैं।

आचार्य श्री वसुनंदी जी मुनिराज:-चारित्र चक्रवर्ती आचार्य श्री शांतिसागर जी मुनिराज, महातपस्वी आचार्य श्री पाय सागर जी मुनिराज, आचार्य श्री जयकीर्ति जी मुनिराज, भारत गौरव आचार्य श्री देशभूषण जी मुनिराज, राष्ट्र संत श्वेतपिच्छाचार्य श्री विद्यानंद जी मुनिराज इसी गौरवशाली परंपरा के महान् आचार्य अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोगी आचार्य श्री वसुनंदी जी मुनिराज जो कि इस अद्भुत ग्रंथ "रयणकंडो" के कृतिकार हैं।

इनका जन्म 3 अक्टूबर 1967 को श्रीमान् रिखब चंद जी एवं श्रीमती त्रिवेणी बाई के परिवार में धौलपुर के विरौंधा नामक गाँव में हुआ। बी. कॉम तक शिक्षा प्राप्त कर 14 मई 1988 की अल्पायु में दिनेश ने ब्रह्मचर्य व्रत को ग्रहण किया। पुन: 16 नवंबर 1988 को क्षुल्लक दीक्षा ग्रहण की। 11 अक्टूबर 1989 को दिगंबर मुनि दीक्षा अंगीकार की 17 फरवरी 2002 को राष्ट्रसंत आचार्य श्री विद्यानंद जी मुनिराज ने इन्हें उपाध्याय पद, 1 अप्रैल 2009 को एलाचार्य पद तथा 3 जनवरी 2015 को आचार्य पद प्रदान किया।

राजस्थान की धरती पर जन्म लेने के बाद भी आचार्य गुरुवर बंगाली, कन्नड़, मराठी, शॉर्टहैण्ड, संस्कृत, प्राकृत, अंग्रेजी, अपभ्रंश, उर्दू आदि भाषाओं में विशारद हैं। आचार्य श्री के द्वारा अभी तक समवसरण-सोहा,

राष्ट्र-शांति-महायज्ञ, अज्ज-सक्किदी, जिण-वयण-सारो, समणायारो, विज्जा-वसु-सावयायारो, अप्प-विहवो, यति-कृति-कर्म, अर्हं सूक्ति कोष, तच्च-सारो, विस्स-पुज्जो दियंबरो, विस्स-धम्मो आदि 40 प्राकृत ग्रंथों की रचना हो चुकी है।

जन-जन में धर्म की, सदाचार की अलख जगाने वाले ये संत अपने संघ के कुशल संचालन, समाज को दिशा निर्देशन, तीर्थों का निर्माण, जीर्णोद्धार, जप, तप करते हुये कब श्रुतक्रीड़ा में निमग्न हो यह अद्भुत सम्पत्ति यहाँ वर्तमान काल में साधना करने वाले साधक व श्रावकों को ही नहीं अपितु भविष्य में जिनशासन की छत्रछाया में रहने वाले भव्यात्माओं को भी सौंपते हैं, यह अत्यन्त आश्चर्य की बात है।

आचार्य श्री की सौम्यमुद्रा व लेखनी को देख चित्त उन महान् आचार्यों, आचार्य श्री कुंद-कुंद स्वामी, श्री वीरसेन स्वामी की कल्पना करता है जिन्होंने इस ही प्रकार आत्मध्यान के समय में से अमूल्य क्षण ग्रंथ लेखन को प्रदान कर हम सभी पर महती अनुकंपा की। पूर्वाचार्य यदि श्रुत अनुक्रम से हमें प्रदान न करते तो बिना इस दीप्ति के सम्यक्मार्ग का अन्वेषण बहुत कठिन होता।

कई नेत्र साक्षी हैं लेखन के समय वे बिना किसी ग्रंथ के अंतरंग उत्ताल ज्ञान की वीचियों से अल्प समय में ही कई श्लोकों की रचना करते हैं। उस पर भी विनय, लघुता के अतुल्य भंडार यदि उनसे प्रश्न किया जाता है कि इतने कम समय में यह लेखन कैसे संभव है, तब उत्तर एक ही होता है कि "यह मेरा कुछ नहीं है परमपूज्य आचार्य श्री विद्यानन्द जी गुरुदेव की कृपादृष्टि है उन्हीं का आशीर्वाद है।

तब लगता है कि सही कहा जाता है कि वृक्ष पर जितने फल होते हैं वह वृक्ष उतना ही झुकता है और व्यक्ति में जितने गुण होते हैं वह उतना ही नमता है।

प्रस्तुत ग्रंथ 'रयणकंडो' परम पूज्य आचार्य श्री वसुनंदी जी मुनिराज द्वारा रचित एक सूक्ति कोष है। इस ग्रंथ का संपादन करने का सौभाग्य मुझे प्राप्त हुआ है। आर्यिका वर्चस्व नंदनी माता जी, आर्यिका श्रेयनंदनी

माता जी, आर्यिका सुरम्यनंदनी माता जी एवं आर्यिका यशोनंदनी माता जी का इसमें अविस्मरणीय सहयोग मुझे प्राप्त हुआ। यदि इस पुस्तक के संपादन में कोई त्रुटि रह गई हो तो विज्ञजन संशोधित कर पढ़ें, हंसवत् गुणग्राही दृष्टि से ही इसका अध्ययन करें।

इस ग्रंथ के संपादन में सहयोगी बा. ब्र. डॉ. प्रज्ञा दीदी, संघस्थ त्यागीव्रती एवं मुद्रण व प्रकाशन करने में सहयोगी सभी धर्मस्नेही जनों को पूज्य गुरुदेव का मंगलमय शुभाशीष। गुरुवर श्री की साधना सदा ही वर्द्धमान अवस्था को प्राप्त हो। शताधिक वर्षों तक स्व संयम व ज्ञान की सुगंधि से जन-जन को सुगंधित करते रहें तथा अपने लक्ष्य मोक्ष को शीघ्र ही प्राप्त करें। इन्हीं शुभ भावनाओं के साथ परम पूज्य आचार्य गुरुवर श्री वसुनंदी जी मुनिराज के चरणों में सिद्ध, श्रुत, आचार्य भक्ति सहित त्रिकाल नमोस्तु-नमोस्तु-नमोस्तु!

मेरे पास सब कुछ तुम्हारा, तुम चरणों में अर्पित है।
और तुम्हारी चेतन कृति ही, तुम्हें स्वयं समर्पित है।।

श्री शुभमिति वैशाख कृष्ण 11
वीर निर्वाण संवत् 2543
श्री दि. जैन मंदिर
नोएडा (उत्तर प्रदेश)

ॐ ह्रीं नमः
आर्यिका वर्धस्व नंदनी
22 अप्रैल, 2017

दो शब्द

मनुष्य की भाषा सृष्टि के आरम्भ से ही निरन्तर प्रवाहमान रही है, परन्तु इस प्रवाह के आदि और अन्त के विषय में भाषा हिन्दी विज्ञों की जहाँ तक दृष्टि जाती है उसके आधार पर यही कहा जा सकता है कि ऋग्वेद काल से सदियों पूर्व सिन्धु घाटी में विकसित मानव केन्द्रों की सभ्यता व संस्कृति उच्च कोटि की थी। सिन्धु सभ्यता के नागरिक साहित्यिक पाश से मुक्त जिस जन प्रचलित भाषा का कथ्यरूप से प्रयोग करते थे, वही जन प्रचलित भाषा अपने अनेक प्रादेशिक भाषाओं के रूप में भारत देश की आद्य भाषा मानी जाती थी। इन प्रादेशिक भाषाओं के विविध रूपों के आधार से परिमार्जित रूप में जो साहित्य लिखा गया वह वैदिक साहित्य कहलाया। इस वैदिक साहित्य की भाषा को छान्दस नाम दिया गया। जन प्रचलित भाषा से उद्भूत यह छान्दस ही उस समय की प्रथम साहित्यिक आर्य भाषा बनी।

तदनन्तर उदीच्य प्रदेश गान्धार के शालातुर गाँव में जन्मे तथा तक्षशिला में शिक्षा प्राप्त किये भारतीय संस्कृति के असाधारण विद्वान् पाणिनी ने छान्दस के आधार से तत्कालीन भाषा को व्याकरण द्वारा नियन्त्रित कर एक नयी स्थिर भाषा संस्कृत को जन्म दिया। पाणिनी के बाद इस संस्कृत भाषा में कोई परिवर्तन नहीं हुआ किन्तु वैदिक साहित्य की छान्दस निरन्तर प्रवाहमान रही। छान्दस में जो जन तत्त्व समाविष्ट

थे वे पाणिनी व्याकरण द्वारा नियन्त्रित नहीं हो सके। फलतः छान्दस का मौलिक विकास प्राकृत में हुआ।

ई. पूर्व छठी शताब्दी में भगवान् महावीर ने सामाजिक क्रान्ति के साथ जन भाषा प्राकृत में अपना धर्मोपदेश दिया। महावीर प्रभु की उस दिव्य ध्वनि को अर्थतः ग्रहण कर उनके गौतम गणधर आदि शिष्यों ने आचारांग, सूत्रकृतांग, स्थानांग आदि द्वादश ग्रंथों की रचना की। गणधरों द्वारा रचित ये ग्रंथ ही श्रुत अर्थात् आगम के नाम से जाने गये। भगवान् महावीर के निर्वाण के दो सौ वर्षों के बाद सम्राट चन्द्रगुप्त के राज्यकाल में मगध में 12 वर्ष तक भीषण अकाल पड़ा। उस समय समस्त श्रुत ज्ञान के अन्तिम उत्तराधिकारी श्रुतकेवली भद्रबाहु हुए। अकाल के समय ये अनेक मुनियों के साथ अपनी मुनिचर्या के निर्वाह हेतु दक्षिण भारत चले गये। उस भीषण अकाल में भगवान् महावीर के गणधरों द्वारा रचित वे बारह मूल ग्रंथ लुप्त हो गये। उनका आंशिक ज्ञान मात्र मुनि परम्परा में ही सुरक्षित रहा। इस आंशिक ज्ञान के आधार पर ही पुनः सर्वप्रथम आचार्य धरसेन के संरक्षण में षट्खण्डागम सूत्र ग्रंथ की रचना सम्पन्न हुई। उसके बाद गुणधर आचार्य के तत्त्वाधान में कषाय पाहुड़ नामक आगम की रचना हुई। इन ग्रन्थों की भाषा को शौरसेनी प्राकृत नाम दिया गया। आगे कुन्दकुन्द आदि आचार्यों ने इस भाषा को सार्वभौमिकता प्रदान की। तभी से यह शौरसेनी प्राकृत दिगम्बर जैन आगम ग्रन्थों की मूल भाषा बन गयी।

आज हमारे लिए यह अत्यन्त प्रसन्नता का विषय है कि शौरसेनी प्राकृत भाषा के उन्नायक सन्त शिरोमणि सिद्धान्त चक्रवर्ती परमपूज्य आचार्य श्री विद्यानन्दजी मुनिराज के परम प्रभावक **शिष्य आचार्य श्री वसुनन्दी जी महाराज द्वारा रचित रयणकंडो** नामक ग्रंथ में निहित सूक्तियों का मानव-जीवन को व्यवस्थित करने में अत्यन्त योगदान है। प्रस्तुत ग्रंथ की सूक्तियों को पढ़ने का सुअवसर मुझे परमपूज्य माताजी के संयोग से उस समय मिला जब मैं अकल्पनीय दुःख के सागर में निमग्न थी। इन सूक्तियों ने मुझे उस दुःख को सहन करने के साथ जो

असीम ऊर्जा प्रदान की उसे कभी भी विस्मरण नहीं किया जा सकेगा। मुझे पूरा विश्वास है सूक्तियों रूप इस पुस्तक की सभी पाठकों के जीवन को व्यवस्थित करने में महती भूमिका रहेगी।

'सूक्ति' शब्द का अर्थ है सु + उक्ति (वचन)। जो सुनने में सुन्दर मनोहारी और चमत्कार प्रकट करने के साथ कर्णप्रिय हो, वह सूक्ति कहलाती है। सूक्ति मानव के हजारों वर्षों का निचोड़ होती है। सूक्ति थोड़े शब्दों में अधिक अभिप्राय प्रकट करने वाली होती है। वह कम से कम शब्दों में अधिक और गम्भीर बात कह देती है तथा श्रोता के हृदय पर सीधा प्रभाव डालती है। जिस सत्य का हम किसी भी कहानी, नाटक, उपन्यास के अनेक पन्नों को पढ़ने के बाद अन्वेषण कर पाते हैं, सूक्ति उस सत्य को प्रभावी रूप में थोड़े से शब्दों में प्रकट कर देती है।

प्रस्तुत ग्रंथ की सूक्तियाँ प्राकृत भाषा में लोक जीवन के ताजे रस से सरोबार और लोक शक्ति से समन्वित है। ये सूक्तियाँ मानव जीवन की जटिलता, जड़ता और रूढ़िबद्धता को तोड़कर नवीन चेतना जागृत करने वाला अपूर्व सन्देश लेकर अवतरित हुई हैं। ये लोक जीवन की भाषा प्राकृत के ताजे रस से भरी हुई हैं। ये लोक शक्ति से ओतप्रोत बल, वीर्य, ओज और शक्ति का संपुञ्ज तो है ही साथ में इनमें धर्म, नीति, सत्व और संयम के विजयश्री की पताका भी फहरा रही है। जीवन का कोई ऐसा पक्ष नहीं जो इन सूक्तियों में नहीं आ सका। ये मानव को आन्दोलित करने की विशिष्ट क्षमता के साथ उदात्त मानव मूल्यों को अपनी कोख में छिपाये हुए हैं।

आचार्य श्री वसुनन्दी जी महाराज की हम श्रावकों पर असीम अनुकंपा है कि उन्होंने हम सभी के लिए इस ग्रंथ की रचना की है। मैं सभी श्रावकों के साथ आचार्य श्री के चरणों में बार-बार नमोस्तु करती हूँ।

स्नेह लता जैन
सहायक निर्देशक
अपभ्रंश साहित्य अकादमी, जयपुर

अनुक्रमणिका

विषय	पृ. सं
मंगलाचरण	
अंकुर	1
अंतराय	1
अंधकार	1
अंश	2
अग्नि	2
अचौर्य	3
अज्ञान	3
अज्ञानी	4
अणुव्रत	5
अति	5
अतिथि	6
अति भोजन	6
अधम	6
अधिवक्ता	7
अनर्थ	7
अनुकंपा	7
अनुपयोगी	8
अनुप्रेक्षा	8
अनुमान	10
अनुरक्ति	11
अनुशासन	11
अनेकांत	13
अन्न	14
अन्याय	15
अन्यायी	15
अपकीर्ति	15
अपमान	16
अपयश	16
अपराधी	17
अपरिग्रह	17
अप्रमत्त	17
अब्रह्म	18
अभव्य	18
अभिमान	18
अभ्यास	18
अराजकता	19
अरिहंत	20
अर्थ	20
अल्प	22
अवग्रह	22
अवस्था	23
अविद्या	23
अविनय	23
अविनीत	23
अविवेक	24
अव्यवस्था	24
असंतुष्ट	25
असंयम	25
असंयमी	25
असत्य	25
अहंकार	26
अहिंसा	27
आकांक्षा	29
आकृति	29
आकिंचन्य	29
आगम	30
आग्रह	30
आचार्य	30
आत्मज्ञान	31
आत्म प्रशंसक	31
आत्मलीन	31
आत्महित	32
आत्मा	33
आध्यात्म विद्या	37
आनन्द	38
आपत्ति	38
आप्त	39

विषय	पृ. सं
आयु	39
आरोग्य	40
आर्जव	40
आर्त्त	41
आर्य	42
आलस्य	42
आशा	44
आशीर्वाद	45
आश्रम	46
आसक्त	46
आस्तिक्य	46
आहार	47
इच्छा	48
इन्द्रिय	48
इष्टवस्तु	51
ईर्ष्या	52
ईश्वर	53
ईहा	53
उच्चपद	54
उत्सव	54
उत्साह	55
उदार	57
उद्देश्य	58
उद्यम/उद्यमहीन	58
उपकार	62
उपदेश	63
उपयोग	64
उपवास	64
उपशम	64
उपाय	65
उपेक्षा	65
ऋजु	66
ऋषि	66
औषधि	67
कदाचार	68
कन्या	68
कपटी	70
करुणा	71
कर्त्तव्य	71
कर्त्ता	72
कर्म	73
कलत्र	79
कलह	80
कला	80
कल्याण	81
कवि	81
कषाय	82
काम	83
कामदेव	87
कामना	87
काय	88
कायर	88
कायोत्सर्ग	88
कारण	89
कारुण्य	89
कार्य	89
कार्योपरान्त	93
काल	94
काव्य	98
कीर्तन	100
कीर्ति	100
कुजाति	101
कुटिल	101
कुतर्क	101
कुदेश	102
कुपात्र	102
कुपुत्र	103
कुमार्ग	103
कुल	104
कुलीन	107

विषय	पृ. सं
कुशल	107
कृतघ्न	107
कृतज्ञ	108
कृति	109
कृपण	109
कृश	110
कृषक	110
कृषि	111
केवलज्ञान	112
क्रिया	113
क्रोध	113
क्रोधी	114
क्षणभंगुर	115
क्षत्रिय	116
क्षुद्र	116
क्षुधा	116
क्षुभित	117
क्षमा	117
गंधोदक	119
गंभीरता	119
गति	119
गन्तव्य	120
गर्हा	120
गीत	120
गुण	120
गुणी	124
गुप्ति	127
गुरु	127
गुरुभक्ति	136
गृह	136
गृहिणी	138
गृहस्थ	139
गौ (गाय)	140
चक्रवर्ती	141
चतुर	141
चारित्र	142
चिंतन	142
चिंता	143
चित्त	144
चित्रकला	148
चेष्टा	148
चेहरा	148
चोरी	149
जनक	149
जननी (माता)	150
जन्म	152
जन्मभूमि	152
जमाता	153
जल	153
जाति	154
जाया	154
जितेन्द्रिय	154
जिन	155
जिनधर्म	156
जिनवचन	156
जीव	157
जीवन	159
जीविका	161
जीवित	161
जुआ	161
जैन	162
ज्ञान	163
ज्ञानी	166
ज्योतिष	172
णमोकार	179
तटस्थ	180
तत्त्व	180
तप	182
तपस्वी	185
तर्क	186

विषय	पृ. सं
तीर्थ	186
तीर्थंकर	187
तृष्णा	188
तेज	190
तेजस्वी	191
त्रस	191
त्याग	191
दंभ	192
दया	193
दरिद्रता	195
दर्शनावरणीय कर्म	196
दांत	196
दाता	197
दान	197
दाम्पत्य	201
दास	201
दिगम्बर	201
दीक्षा	203
दीक्षित	204
दीनवृत्ति	204
दीपक	205
दीर्घसूत्री	205
दु:ख	205
दुर्जन	208
दुर्बल	209
दुर्बुद्धि	210
दुर्भाग्य	210
दुर्लभ	210
दुष्कर्म	211
दुष्ट	211
दूध	215
दूरदर्शिता	215
दृष्टि	215
देव	215
देश	218
देह (शरीर)	218
दोष	219
द्वेष	221
धन	221
धनी	227
धर्म	227
धर्मात्मा	232
धारणा	233
धीर	233
धीरत्व	234
धृष्ट	234
धैर्य	235
ध्यान	235
नम्रता	235
नय	236
नर	236
नरक	236
नाटक	237
नायक	237
निंदनीय	238
निंदा/निंदक	238
नि:कांक्ष	238
नि:शंक	239
निक्षेप	239
निद्रा	239
निमित्त	240
नियति	240
नियम	241
नियोग	241
निरक्षर	241
निरामय	242
निरीह	242
निर्गुण	242
निर्ग्रन्थ	243
निर्णय	244

विषय	पृ. सं
निर्दयी	244
निर्धन	245
निर्बल	245
निर्भीक	245
निर्मल	245
निर्वाण	246
निर्वेग	247
निश्चय	247
निष्क्रिय	248
निष्ठा	248
निस्पृह	248
निस्सार	249
नीच	249
नीति	250
न्यायप्रिय	250
पगदण्डी	250
पण्डित	251
पति	253
पत्नी	253
पथ्य	254
परमात्मा	254
परमेष्ठी	255
परस्पर सहयोग	255
पराक्रम	257
पराधीन	257
पराभव	258
परिग्रह	258
परिवर्तन	260
परिश्रम	260
परोक्ष	261
परोपकार	261
परोपदेश	262
पर्याय	262
पात्र	262
पाप	264
पापी	266
पाषाण	268
पृथ्वी	268
पुण्य	270
पुत्र	276
पुद्गल	277
पुरातन	278
पुरुष	278
पुरुषार्थ	280
पुरोहित	283
पूजक	283
पूजा	284
पूज्य	285
पूर्ण	285
प्रकृति	285
प्रगल्भ	286
प्रजा	286
प्रज्ञा	286
प्रति-उपकार	288
प्रतिज्ञा	289
प्रतिष्ठा	290
प्रत्यक्ष	290
प्रत्याख्यान	290
प्रभावना	291
प्रभु	291
प्रभुता	292
प्रमाण	292
प्रमाद	293
प्रमेय	294
प्रयोजन	295
प्रवचन	295
प्रवासी	296
प्रशंसा	296
प्रशम	296
प्रसन्नता	297

विषय	पृ. सं
प्राज्ञ	297
प्राण	297
प्रिय	299
प्रीति	300
प्रार्थना	301
प्रेम	302
बंध	306
बंधु	307
बल	307
बसंत	308
बुद्धि	310
बुभुक्षु	312
ब्रह्मचर्य	313
ब्राह्मण	313
भक्त/भक्ति	313
भगवान्	315
भयभीत	315
भवन	315
भवितव्यता	316
भव्य	317
भाग्य (विधि)	317
भार	319
भारत	320
भार्या	322
भाव	323
भावना	324
भाषण	324
भाषा	325
भीरुता	326
भृत्य	327
भेदनीति	328
भोग	329
भोजन	330
भ्राता	332
मंगल	333
मंत्री मण्डल	334
मति	335
मधु-मांस-मद्य	336
मन	337
मनस्वी	339
मनुष्य भव	339
महात्मा	340
महापुरुष	340
महाव्रत	348
मातृभूमि	349
मात्सर्य	349
मान	349
माया	351
मायाचारी	351
मार्ग	351
मित्र	352
मिथ्यात्व	354
मिथ्यादृष्टि	355
मुमुक्षु	355
मूर्ख/मूढ़	355
मूर्च्छा	359
मूलगुण	359
मृत्यु	359
मृदु	361
मेघ	362
मैत्री	364
मोक्ष	365
मोह/मोही	368
मौन	371
यत्न	373
यश	374
याचक	376
योग	377
योगी	378
योद्धा	380

विषय	पृ. सं
यौवन	381
रक्षा/संरक्षण	382
रत्न	383
रत्नत्रय	385
रम्य	386
रसना	387
राग	387
राग-द्वेष	389
राजधर्म	389
राजा	390
राज्य	397
रात्रि भोजन	397
रासायनिक पदार्थ	398
रूप	398
रोग	399
रोगी	400
लक्षण	400
लक्ष्मी	402
लक्ष्य	403
लघु	403
लेश्या	404
लोकतन्त्र	405
लोभ	405
लोभी	406
वंदना	407
वक्ता	407
वचन	408
वर	410
वस्तु	411
वाचाल	412
वाणी	412
वात्सल्य	413
वासना	413
वास्तुशास्त्र	414
विद्या	415
विधाता	420
विनय/विनयी	421
विनाश	422
वियोग	423
विरह	423
विरोध	423
विवेक	424
विवेकी	425
विश्वस्थ जन	425
विष	426
विषय	426
विषयासक्त	429
विषाद	429
वीतराग/वीतरागी	430
वृक्ष	430
वृद्ध/वृद्धावस्था	430
वेदना	432
वेदनीय कर्म	432
वैभव	433
वैय्यावृत्ति	433
वैराग्य	434
व्यय	435
व्यर्थ	435
व्यवहार	436
व्यसन	436
व्रत	437
व्रती	438
शक्ति/समर्थ	438
शक्तिहीन	439
शत्रु	440
शराबी	441
शांति	441
शास्त्र	443
शिक्षा	444
शिव	446

विषय	पृ. सं
शिष्य	447
शील	447
शुद्ध	450
शुभ	450
शूरवीर	451
शोक	451
शोभा	452
श्रद्धा	453
श्रम	453
श्रमण	453
श्रावक	454
श्रीमान	454
श्रृंगार	455
श्रेयस्कर	455
संकल्प	456
संक्लेशता	456
संगति	457
संगीत	459
संतति	459
सन्तोष/संतोषी	460
संयम/संयमी	461
संयोग	463
संवर	464
संवेग	464
संसार	465
संस्कार	468
संस्कृति	468
सच्चरित्र/चरित्र	469
सज्जन	469
सत्य	479
सदाचार/सदाचारी	480
सभ्य	481
समता	481
समाज	483
समाधि	483
समिति	484
समृद्धि	484
सम्मान	484
सम्यक्त्व	484
सम्यग्ज्ञान/सम्यग्ज्ञानी	485
सम्यग्दृष्टि	486
सहिष्णु	486
साधु	486
सामायिक	487
सावद्य	488
सिद्ध	488
सुकथा/जिनकथा	488
सुख	489
सुबुद्धि	491
सूर्य	491
सेनापति	492
सेवा	492
सौन्दर्य	492
स्तवन	492
स्त्री	493
स्मृति	495
स्याद्वाद	495
स्वपरघाती	495
स्वभाव (प्रकृति)	495
स्वरूप	497
स्वाधीनता	497
स्वाध्याय	498
स्वार्थ/स्वार्थी	499
हिंसक	500
हित	501
हीनता/हीन	501
हेतु	501
हेयोपादेय	502

मंगलाचरण

वीयरायिं जिणं देवं, अणंत-णाण-संजुदं।
संलीणं णिय-अप्पम्मि, भत्तीए पणमामि हं।।1।।

मैं (आचार्य वसुनंदी) वीतरागी, अनंत ज्ञान से संयुक्त व निजात्मा में लीन जिनेन्द्र देव को भक्ति से नमस्कार करता हूँ।

I (Acharya Vasunandi) bow to jinendra Deva who is dispassionate , endowed with infinite knowledge and absorbed in own soul.

णमित्ता धम्म-सत्थं च, सिया-अंकेण संजुदं।।
जिणसासण-थंभोव्व-कुंदकुंदाइयं तहा।।2।।

विज्जाणंदं महासाहुं, मम हिअय-वासिदं।
वोच्छे रयणकंडं हं, भव्वाणं सुह-कारणं।।3।।

स्यात् चिह्न से संयुक्त धर्म शास्त्रों को जिनशासन के स्तंभ के समान कुंदकुंदादि आचार्यों को तथा मेरे हृदय में वास करने वाले महासाधु श्री विद्यानंद आचार्य को नमस्कार करके मैं (आचार्य वसुनंदी) भव्यों के सुख के लिए 'रयणकंडो' कहता हूँ।

After bowing to religious scriptures, endowed with relatisism, Acharya Kundkund and other Acharya who are like pillar of jinshasan and Acharya vidhyanand ji who dwells in my heart, I (Acharya Vasunandi) Say 'Rayankando' for the peace of accomplishable souls.

रयणकंडो

अंकुर

1. **बीयेण विणा णो अंकुरो।**

बीज के बिना अंकुर नहीं होता है।

There can be no sprout without the seed.

अंतराय

2. **कस्सिं कज्जे फले वा विज्जमाणं विग्घं अंतरायो।**

किसी भी कार्य या फल में विद्यमान विघ्न अंतराय कहलाता है।

Obstacle in any work or its fruition is called obstructive karma.

3. **अणंत-सत्ति-घादगो अंतरायो।**

अनन्तशक्ति का घात करने वाला अंतराय है।

Destructor of infinite power is obstructive Karma.

अंधकार

4. **अंधयारो पयास-विणासगो।**

अंधकार प्रकाश का विनाशक है।

Darkness is the destroyer of light.

5. **मोहाइ - अंधयारो हु महाहिसावो।**

मोहादि अंधकार ही महा अभिशाप है।

Worldly infatuation's darkness is dire curse.

6. **अविज्जा हि सघणो तमो।**

अविद्या ही सघन अंधकार है।

Ignorance is dense darkness.

7. **अंधारे गजो वि पडदि कूवे।**

अंधकार में हाथी भी कूप में गिरता है।

Even an elephant falls down in the well, in darkness.

8. **दिवायरो पडणयाले अंधयारो सहजो हु आगच्छदि।**

दिवाकर के पतन काल में अंधकार सहज ही आ जाता है।

When the sun is in its decline, darkness naturally sets in.

9. **जलिद-दीवो जत्थ ण तमो तत्थ।**

जिस स्थान पर प्रज्ज्वलित दीपक होता है उस स्थान पर अंधकार नहीं रहता।

Where there is aflame lamp, there is no darkness.

अंश

10. **अंसीए अंसो अभिण्णो।**

अंशी से अंश अभिन्न है।

Part cannot be seperated from the whole.

अग्नि

11. **दहदि तिणग्गीए तूलं, णो जलहि-जलं।**

तृणों की अग्नि से रुई जल सकती है, समुद्र का पानी नहीं।

Grass fire can burn cotton, but not the ocean.

12. **अग्गि-संजोगेण जलं वि किंचि उण्णं होदि।**

अग्नि के संयोग से जल भी किञ्चित् गर्म होता है।

Water also gets a little hot when comes in contact with fire means it does't leave its original nature.

13. **तिव्वतिणग्गी वि णो सुस्सदि वारिहिं।**

तृणों की अग्नि यदि तीव्र भी हो जाए तब भी समुद्र को नहीं सुखा सकती है।

If grass fire becomes very intense then it cannot dry the ocean.

14. **चंदनं वि देदि तावं तिव्वग्गि-जोगेण।**

तीव्र अग्नि के संयोग से चंदन भी ताप देता है।

When in contact with intense fire, sandal wood also gives heat.

15. **अग्गीए सह लोहो वि सहदि ताडणं।**

अग्नि के साथ लोहा भी ताड़न सहता है।

In contact with fire, iron also has to endure beatings

अचौर्य

16. **अदत्तगहण-वज्जणं अचोरिअं।**

अदत्त ग्रहण परित्याग ही अचौर्य व्रत है।

Not receiving a thing without being given is nonstealing vow.

अज्ञान

17. **अण्णाणं हि महा तमो।**

अज्ञान महान् अंधकार है।

Ignorance is utter darkness.

18. **अण्णाणेण उप्पज्जदि पावं।**

अज्ञान से पाप उत्पन्न होता है।

Sin proceed from ignorance.

19. **अण्णाणं हि भवदुक्ख-मूलं।**

अज्ञान ही भवदु:ख का मूल है।

Ignorance is the root of worldly pains.

20. **अण्णाणव्व ण को वि सत्तू।**

अज्ञान के समान कोई शत्रु नहीं है।

There is no enemy like ignorance.

21. **अण्णाणं णत्थि जत्थ णाणी-दाणी-संजमी-जोदिसविदो-सव्वोवयारी य।**

जिस स्थान पर ज्ञानी पुरुष, दानी, संयमी साधक, ज्योतिषविद् और सर्वोपकारी रहते हैं उस स्थान पर अज्ञान नहीं रहता।

Where learned men, donors, self-restrained, devotees, astrologers and benevolent people live, there can be no ignorance.

22. **अण्णाणेण होदि लोए गुण-णिंदा वि।**

अज्ञानता से लोक में गुणों की भी निंदा होती है।

Virtues are also censured in the world because of ignorance.

अज्ञानी

23. **सण्णाण-विहीणो अण्णाणी।**

सद्ज्ञान से हीन अज्ञानी है।

A person without right knowledge is an ignorant man.

24. **विसय-कसायासत्तो अण्णाणी।**

विषय कषायों में आसक्त अज्ञानी है।

A person engrossed in worldly pleasures & passions is ignorant.

25. **अण्णाणी हु पसुव्व।**

अज्ञानी निश्चय से पशु समान है।

An ignorant man is like an animal.

26. **बलिट्ठे वि अण्णाणी दुहं लहदि सया।**

अज्ञानी बलवान् (होते हुए) भी सदा दुःख पाता है।

An ignorant person always gets sorrows inspite of being strong.

27. **अण्णाणी हु अदिबालो।**

अज्ञानी निश्चय से अतिबाल है।

Ignorant is precisely an infant.

अणुव्रत

28. **जावज्जीवं थूल-पावुज्झणं अणुव्वदं।**

यावज्जीवन स्थूल पापों का परित्याग अणुव्रत है।

Giving up major sins for whole life is small vow (Anu Vrat).

अति

29. **अदि इदि-कारणं।**

अति इति का कारण है।

Generally, excess is the cause of end.

30. **अदि दोसगेहं सय।**

अति सदा दोषों का घर है।

Excess is always the home of vices.

31. **चंदणादु वि उप्पज्जदि अग्गी अदि-घासेण।**

अति घर्षण (रगड़) से चंदन में भी अग्नि उत्पन्न हो जाती है।

Extreme friction produces fire even in sandal wood.

32. **अदिपरिययेण हु अवण्णा।**

अतिपरिचय से अवज्ञा होती है।

Disregard happens from excessive introduction.

33. **अदिभारेण सीददि।**

अतिभार से पुरुष दु:खी होता है।

Man becomes sad because of too much responsibilities.

अतिथि

34. **परमदेवो पाव-मोअगो हु अदिही।**

अतिथि निश्चय से परमदेव और पापमोचक है।

Guest is supreme god and surely sin releaser.

35. **णिग्गंथदिही हु पुण्ण-देवो।**

निर्ग्रन्थ अतिथि ही सम्पूर्ण देव हैं।

Digamber guests (saints) are complete God.

36. **दियंबरो अदिही हु भगवंतो।**

दिगम्बर अतिथि निश्चय रूप से भगवान् हैं।

Digamber saints are God in true sense.

37. **अब्भागयो संमाणणीयो।**

अभ्यागत सम्माननीय है।

A guest is always honourable.

अति भोजन

38. **अदिभोयण-गिद्धो उअर-सत्तू।**

अतिभोजन गृद्ध अपने पेट का शत्रु है।

A voracious eater is the enemy of his own stomach.

अधम

39. **णो आयरदि णाणं अहमो।**

जो ज्ञान का आदर नहीं करता है वह ही अधम है।

One who doesn't respect knowledge is a base person.

अधिवक्ता

40. **अहिवत्ता णायमंदिर-रक्खगो।**

अधिवक्ता न्याय मंदिर का रक्षक है।

Lawyer is the protector of the temple of justice.

अनर्थ

41. **अणत्थो हि पाव-कारणं।**

अनर्थ ही पाप का कारण है।

Unethical act is the cause of sin.

42. **को पालदि अणत्थ-मूलं?**

अनर्थ के मूल को कौन पालता है?

Who nourishes the root of evil?

अनुकंपा

43. **जीवा पडि अवहावणं अणुकंपा।**

जीवों के प्रति दया करना अनुकम्पा है।

Being compassionate towards all creatures is Anukampa.

44. **परदया-भावो हि अणुकंपा।**

दूसरों पर दयावृत्ति का भाव ही अनुकम्पा है।

Being kind to others is compassion.

45. **मुणिचित्ते विज्जदे अकारणमणुकंपा।**

मुनियों के चित्त में अकारण अनुकम्पा रहती है।

Non-causal compassion remains in the heart of saints.

46. **अकारण-अणुकंपा महापुण्ण-कारणं।**

अकारण अनुकम्पा महापुण्य का कारण है।

Non-causal compassion is the cause of great blessing.

अनुपयोगी

47. **अणुवजुत्तं वत्थुं परिच्चायं।**

अनुपयोगी वस्तु त्याज्य है।

Useless thing is worth abandoning.

अनुप्रेक्षा

48. **पज्जवट्ठियेण दव्वमणिच्चं चिंतणमिणं अणिच्चणुवेक्खा।**

पर्यायार्थिक नय की अपेक्षा सभी द्रव्य अनित्य हैं यह चिन्तन ही अनित्यानुप्रेक्षा है।

From mode point of view all substances are mortal, thinking this is Anitya anupreksha (perishable contemplation).

49. **णो सरणं संसारे चिंतणमिणं असरणणुवेक्खा।**

संसार में शरण नहीं है यह चिंतन अशरणानुप्रेक्षा है।

There is no protector in the world, thinking this is Asharana anupreksha (helplessness or Unprotectiveness).

50. **जीवस्स संसारपरिब्भमण-कारण-चिंतणं संसारणुवेक्खा।**

जीव के संसार परिभ्रमण के कारणों का चिंतन करना संसारानुप्रेक्षा है।

Meditating upon causes of transmigration of worldly beings is Sansaar anupreksha (transmigration contemplation).

51. **जीवो एगो तिक्काले चिंतणमिणं एगत्तणुवेक्खा।**

तीनों कालों में जीव एक होता है यह चिन्तन एकत्वानुप्रेक्षा है।

Soul is one in three periods, thinking this is Ekatva anupreksha (singularity contemplation).

52. **अप्पसुद्धसरूवं विणा परभावा जीवादो सया भिण्णा चिंतणमिणं अण्णत्तणुवेक्खा।**

आत्मा के शुद्ध स्वभाव के बिना परभाव जीव से सदा भिन्न हैं यह चिंतन अन्यत्वानुप्रेक्षा है।

Except of pure nature, all alien qualities are different from soul, thinking this is anyatva Anuperksha (Seperateness contemplation).

53. **भव-कारणं मलकूवो देहो चिंतणमिणं असुइ-अणुवेक्खा।**

देह संसार का कारण व मल का कूप है यह चिंतन अशुचि अनुप्रेक्षा है।

Body is the cause of transmigration and is the well of excrement, thinking this is Ashuchi anupreksha (the impureness of the body).

54. **कम्मागमदार-जोगादि-कारण-चिंतणं आसवणुवेक्खा।**

कर्मागमन के द्वार, योगादि कारणों का चिंतन आस्रवानुप्रेक्षा है।

Thinking over gate of karmas or cause of yogas etc. is Ashrava anupreksha (influx contemplation).

55. **कम्मणिरोह-हेदु-चिंतणं संवरणुवेक्खा।**

कर्मनिरोध के हेतुओं का चिंतन संवरानुप्रेक्षा है।

Thinking over the causes of stopping karmas is Sanvar anuperksha (stoppage contemplation).

56. **एगदेस-कम्मक्खय-कारण-चिंतणं णिज्जरणुवेक्खा।**

एकदेश कर्म क्षय के कारण का चिंतन निर्जरानुप्रेक्षा है।

Reflecting on causes of shedding karmas partially is Nirjara anupreksha (Disintegration contemplation).

57. **जत्थ जीवो जम्मदि मरदि सो लोगो, तस्स चिंतणं लोगणुवेक्खा।**

जिस क्षेत्र में जीव जन्मता-मरता है वह लोक है, उस क्षेत्र का (लोक का) चिंतन लोकानुप्रेक्षा है।

Area in which living beings take birth and dead is called universe and reflecting on universe is lok anupreksha (universe contemplation).

58. **अप्प-सुद्धसहाव-चिंतणं धम्मणुवेक्खा।**

आत्मा के शुद्ध स्वभाव का चिंतन धर्मानुप्रेक्षा है।

Meditating over pure nature of soul is Dharma anupreksha (the truth promulgated by lord jina).

59. **बोहिलाहो सुद्ध-अप्पुवलद्धी वा महा दुल्लहा चिंतणमिणं बोहिदुल्लहणुवेक्खा।**

बोधिलाभ अथवा शुद्ध आत्मोपलब्धि महादुर्लभ है ऐसा चिंतन करना बोधिदुर्लभ अनुप्रेक्षा है।

Gain of self enlightment or pure self attainment is very difficult, thinking this is Bodhi Durlabh anupreksha (difficult enlightment).

60. **पुणपुण तच्चपेक्खणं अणुवेक्खा।**

पुनः पुनः तत्त्वप्रेक्षण अनुप्रेक्षा है।

Thinking of real state again and again is contemplation.

61. **अणुवेक्खा वि भावणा।**

अनुप्रेक्षा भी भावना है।

Contemplation is also feeling.

अनुमान

62. **धूमेण अग्गि-णाणं अणुमाणं।**

धूम से अग्नि का ज्ञान अनुमान है।

Assuming fire on seeing smoke is inference.

63. **सीयणिलेण को ण जाणदि समीवे जलं।**

ठण्डी वायु से कौन नहीं जानता कि समीप में जल है।

Who doesn't know that water is nearer by cool air?

64. **अणुमाणं वि सण्णाणं।**

अनुमान ज्ञान भी सम्यग्ज्ञान है।

Inference knowledge is also right knowledge.

अनुरक्ति

65. **परदव्वेसुं अदिलीणत्तं हु अणुरत्ती।**

परद्रव्यों में अतिलीनता ही अनुरक्ति है।

Being engrossed in alien substances is attachment or predilection.

66. **दुच्चयो दढबंध-रायो।**

दृढ़ निबन्धन राग कठिनता से त्यागने योग्य होता है।

Strong affection is very difficult to give up.

67. **वियारहीणो तिव्वाणुरायी।**

तीव्रानुरागी विचारहीन होता है।

Extremely affectionate person is thoughtless.

68. **बद्धमूलणुराय-चागणं दुल्लहं।**

बद्धमूल अनुराग त्यागना दुर्लभ है।

It is difficult to give up bonded affection.

अनुशासन

69. **अणुसासणं महापुरिस-लक्खणं।**

अनुशासन महापुरुष का लक्षण है।

Discipline is the symptom of a great man.

70. **अणुसासणं धम्म-पोसगं।**

अनुशासन धर्म का पोषक होता है।

Discipline nourishes religion.

71. **अणुसासणं ववहार-धम्म-पाणो।**

अनुशासन व्यवहार-धर्म का प्राण है।

Discipline is the vitality of practical religion.

72. **अणुसासणं सस्सद सुह-रज्ज-पहो।**

अनुशासन शाश्वत सुख का राजपथ है।

Discipline is a high way of eternal bliss.

73. **जहा णो णीरं विणा सरिदा तहेव अणुसासणं विणा रज्जं।**

जैसे जल के बिना नदी नहीं होती उसी प्रकार अनुशासन के बिना राज्य।

As there is no river without water similarly kingdom without disciple.

74. **जह रयणजुत्त-रयणागारो तहेव अणुसासण-जुत्त-सासणं।**

जैसे समुद्र रत्नों से युक्त होता है उसी प्रकार अनुशासन युक्त शासन।

As ocean is endowed with gems similarly rule with discipline.

75. **सासगो वि होज्ज अणुसासण-बद्धो।**

शासक भी अनुशासन बद्ध होना चाहिए।

Ruler should also be disciplined.

76. **सुसक्किदणुसासणं विज्जदे भारहे।**

भारत में सुसंस्कृत अनुशासन विद्यमान है।

There is cultivated discipline in India.

77. **सज्जणा करेज्ज मिदु-अणुसासणं।**

सज्जन मृदु अनुशासन करे।

Soften discipline should be done by gentle man.

78. **दुट्ठाणं होज्ज कक्कसणुसासणं होज्ज।**

दुष्टों के लिए कर्कस अनुशासन होना चाहिए।

Discipline should be harsh for scoundrels.

79. **अणुसासणहीणस्स को मण्णदि सासणं?**

अनुशासनहीन का शासन कौन मानता है।

Who follows the discipline of non- disciplined?

80. **अणुसासणं मूलाहारोव्व सिक्खाखेत्ते।**

शिक्षा के क्षेत्र में अनुशासन मूलाधार के समान है।

Discipline is like a foundation in area of education.

81. **जह सिक्खगो अणुसासगो तह विज्जत्थी वि।**

जैसे शिक्षक अनुशासक होता है वैसे ही विद्यार्थी भी।

As there are teachers similarly students.

82. **जिणसासणे अप्पाणुसासणं पहाणं।**

जिनशासन में आत्मानुशासन प्रधान है।

Discipline on soul is prime in jinshasan.

83. **अणुसासणं सेदू समण-सावयाणं।**

श्रमण और श्रावकों का सेतू अनुशासन है।

Bridge of ascetics and layman is discipline.

अनेकांत

84. **अणेग-सम्मेगंतो हु अणेगंतो।**

अनेक सम्यक् एकान्त ही अनेकान्त है।

Many real one sided views is relative pluralism.

85. **पत्तेय-वत्थुम्मि विज्जमाणा अणेग-धम्मा हु अणेगंतो।**

प्रत्येक वस्तु में अनेक धर्म विद्यमान रहते हैं वही अनेकांत है।

Many religions exist in everything, this is relative pluralism.

86. **सव्ववत्थूणि अणेगंतरूवा, अणेगंतो वि णेगंतरूवो।**

सभी वस्तुएँ अनेकान्तरूप हैं वह अनेकान्त भी एकान्त रूप नहीं है।

All things are relatively plural and even that pluralism is not holistically singular.

अन्न

87. **जत्थ बहु-अण्णाणि थोवा भक्खगा तत्थेव समिद्धी।**

जहाँ अन्न बहुत हो और खाने वाले कम, वहाँ ही समृद्धि है।

Where there is plenty of grain and less consumers, there is prosperity.

88. **जत्थ ण कयावि खयदि अण्णं तं संपण्णं गेहं।**

जहाँ कभी भी अन्न क्षीण नहीं होता वह सम्पन्न घर है।

The home in which grain never lessens is a prosperous home.

89. **अण्णं वि गोरसव्व पुट्ठिदं।**

अन्न भी गौरस के समान पुष्टिदायक है।

Grain is also nutritious like cow products.

90. **अण्णं हु विदिय-पाणो सज्जणाणं।**

सज्जनों के लिए अन्न द्वितीय प्राण है।

Food is second vital (life) breath for virtuous people.

91. **सव्वभोयणेसु अण्णं परमं।**

सभी भोज्यपदार्थों में अन्न परमभोजन है।

Grain is the supreme food in all eatables.

92. **जीरणण्णं हु पसंसणीयं।**

पचा हुआ अन्न ही प्रशंसनीय है।

Only digested food is praiseworthy.

93. **णो साहणा अण्णं विणा।**

अन्न के बिना साधना नहीं होती।

Penance cannot be done without meal.

अन्याय

94. **धम्म-विवरिय-मग्गो अण्णायो।**

धर्म से विपरीत मार्ग अन्याय है।

Opposite path from religion is injustice.

95. **अण्णायं सोढुं असमत्थो वीरो।**

अन्याय सहने में जो असमर्थ है वह वीर है।

One who is unable to tolerate injustice is brave.

96. **अण्णायज्जिदं दुहकरं।**

अन्याय से कुछ भी अर्जित निश्चित रूप से दु:खकारी है।

Anything earned by injustice, causes pain.

97. **अविस्ससणीयमण्णायज्जिद-धणं।**

अन्याय से अर्जित धन अविश्वसनीय है।

Money earned by injustice is not trustworthy.

अन्यायी

98. **अण्णायी सवर-घादगो।**

अन्यायी स्व-पर घातक होता है।

An unjust person harms others as well as himself.

99. **अण्णायिणो ण को वि बंधू।**

अन्यायीजन का कोई भी बंधु नहीं है।

No one befriends an unjust preson.

अपकीर्ति

100. **अवकित्ती दुह-कारणं।**

अपकीर्ति दु:ख का कारण है।

Infamy is the cause of pain.

अपमान

101. **अवमाणजणिद-दुक्खेण मरणं वरं।**

अपमान जनित दु:ख से मृत्यु अच्छी है।

Death is better than the pain of insult.

102. **सजणकदवमाणो दुस्सहो।**

अपनों के द्वारा किया गया अपमान निश्चय ही दुस्सह होता है।

Contempt by one's own people is unbearable.

103. **वंचणं अवमाणं च बुद्धिमंता णो पयासेज्जा।**

वंचना और अपमान बुद्धिमानों को प्रकाशित नहीं करना चाहिए।

Wise man shouldn't show deception and disrespect.

104. **अवमाणिदो सल्लजुदो य महादुही।**

अपमानित और शल्ययुक्त महादु:खी होता है।

Dishonoured and stinged person is full of sorrow.

105. **महापुरिसस्स अवमाणो णरइदुक्खादो भयंकरो।**

महापुरुष का अपमान नरक के दु:ख से भयंकर है।

Insult of a greatman is more terrible than facing the pain of hell.

106. **अवमाणो मित्ति-धंसगो।**

अपमान मैत्री का ध्वंसक है।

Dishonour is the destroyer of friendship.

अपयश

107. **अवजसो पच्छण्ण-सत्तू।**

अपयश प्रच्छन्न शत्रु है।

Ignominy is disguised enemy.

अपराधी

108. **अवराह-चागेण विणा णो मुत्ती।**

अपराध त्याग के बिना मुक्ति नहीं है।

There is no emancipation without giving up offence.

109. **अवरद्धिगो सया संकणिज्जो।**

अपराधी सदा शंकनीय होता है।

Guilty is always suspected.

110. **पुण्ण-णिरवराहो ण को वि देहीसुं।**

संसारियों में पूर्ण निरपराधी कोई भी नहीं है।

No worldly soul is completely innocent.

अपरिग्रह

111. **परदव्वेहिं मुच्छाभाव-चागो हि अपरिग्गहो।**

परद्रव्यों से मूर्च्छा भाव का त्याग ही अपरिग्रह है।

Giving up attachment of worldly substances is nonaccumulation.

अप्रमत्त

112. **सया जागरियो अप्पमत्तो।**

जो सदा जागरुक है वह अप्रमत्त है।

One who is always aware is conscious or non-careless.

113. **अप्पमादो उण्णदि-कारणं पमादो विवरीदस्स।**

अप्रमाद उन्नति का कारण है और प्रमाद अवनति का।

Awareness is the cause of progress and carelessness is of downfall.

114. **सया जागरियस्स किं भयं?**

सदा जागरुक के लिए क्या भय?

One who is always alert, has no fear.

अब्रह्म

115. **परवत्थु-समयेसु वा रमण-भावो हु अबंभो।**

परवस्तु में या पर समय में रमण करने का भाव ही निश्चय से अब्रह्म है।

Thinking of Indulging in alien substances or soul is incontinece from ultimate point of view.

116. **कुसील-संसग्गिस्स धण-विहवो मलव्व।**

कुशीलवान् का धन वैभव केवल मल की तरह है।

Wealth of characterless is only like dirt.

अभव्य

117. **अभव्वा ण लहेज्ज जिणपदं कया वि।**

अभव्य जिनपद को कदापि प्राप्त नहीं कर सकते।

Non-potential soul cannot attain jina pad.

अभिमान

118. **अहिमाणो हि पडण-कारणं।**

अभिमान ही पतन का कारण है।

Ego is the cause of downfall.

119. **अहिमाणी णो मण्णदे विणय-मुल्लं।**

अभिमानी विनय का मूल्य नहीं मानता है।

Egoist doesn't recognize the significance of being humble.

अभ्यास

120. **अब्भासदि जम्मि होदि णिउणो तम्मि।**

जो जिस कार्य में अभ्यास करता है उसमें वह निपुण होता है।

A person becomes proficient in the work, he practices.

121. **अणब्भासेण णिप्फला किरिया।**

अनभ्यास से क्रिया निष्फल होती है।

Work become unsuccessful without practice.

122. **अब्भासेण को ण कुसलो।**

अभ्यास से कौन कुशल नहीं होता।

Who doesn't become skilled by practice?

123. **अब्भासेण ण असंभवो किं वि।**

अभ्यास से कुछ भी असंभव नहीं है।

Practice makes things possible.

अराजकता

124. **जत्थ अरायगदा कहिं कुसल-खेमो तत्थ?**

अराजकता जहाँ रहती है वहाँ कुशल क्षेम कहाँ है?

Where anarchy exists, there is no tranquility.

125. **अरायगदा ण कस्स वि सुहदा।**

अराजकता किसी के लिए भी सुखप्रद नहीं है।

Anarchy is not benificial for anyone.

126. **कहिं रक्खा अत्थित्थीण अरायगदाए?**

अराजकता के काल में स्त्री और धन की कहाँ रक्षा होती है?

At the time of anarchy, women and money cannot be protected.

127. **अरायगदाए णस्संति अहियारा कत्तव्वा।**

अराजकता के काल में अधिकार और कर्त्तव्य नष्ट हो जाते हैं।

Duties and rights get destroyed at the time of anarchy.

128. **अरायगदा सव्व-दुह-जणणी।**

अराजकता सर्वदु:खों की जननी है।

Anarchy is the mother of all sorrows.

129. **अरायगदा पडण-पदीगं।**

अराजकता पतन का प्रतीक है।

Anarchy is the symbol of decline.

130. **अरायगदाए असंभवो कल्लाणो।**

अराजकता के काल में कल्याण असंभव है।

Welfare is impossible at the time of anarchy.

131. **अरायगदाए णो को वि णिरापदो रट्ठे।**

अराजकता के समय राष्ट्र में कोई भी निरापद नहीं।

No one is safe in the nation at the time of anarchy.

अरिहंत

132. **अरिहा हु परमगुरू।**

निश्चय से अरिहंत परमेष्ठी परम गुरु हैं।

Arihanta is supreme preceptor.

133. **अरिहा सयल-परमप्पा।**

अरिहंत सकल परमात्मा कहे जाते हैं।

Arihanta is said to be tangible God.

अर्थ

134. **अत्थो अणत्थमूलो।**

अर्थ (धन) अनर्थ का मूल है।

Wealth is the root of improper acts.

135. **अत्थेण वड्ढदि अत्थो।**

अर्थ से अर्थ वृद्धिंगत होता है।

Money increases by money.

136. **अत्थेण अत्थसिद्धी णो परमत्थेण।**

अर्थ से ही अर्थ (प्रयोजन) की सिद्धि होती है, परमार्थ से नहीं।

Purpose get fulfilled by money.

137. **धीमंता ण कुव्वंति पावं अत्थसिद्धीए।**

बुद्धिमान् अर्थ की सिद्धि के लिए पाप नहीं करते।

Wise do not sin for fulfilling their purpose of money.

138. **विचित्ता हि विदूणं अत्थ-परूवणा।**

विद्वानों की अर्थप्ररूपणा विचित्र ही है।

Money presentation of scholars is very strange.

139. **अत्थ-दासो पुरिसो णो पुरिसस्स अत्थो।**

अर्थ का दास पुरुष है पुरुष का दास अर्थ नहीं।

Man is a slave of money, money is not servant of man.

140. **अत्थ-चागेण सदुवजोगेण वा सुहं।**

अर्थ (धन) के सदुपयोग या त्याग से सुख उत्पन्न होता है।

Happiness generates from the good use of money or by giving up money.

141. **अत्थ-पयडी हु परिच्चाया।**

अर्थ की प्रकृति ही त्याज्य है।

Nature of wealth is worth abandoning.

142. **अत्थो सुह-हेदू वि।**

अर्थ सुख का भी हेतु है।

Money is also the cause of happiness.

143. **धम्ममग्गज्जिदो अत्थो जहत्थो।**

धर्ममार्ग से अर्जित यथार्थ धन है।

Money which is earned justly is real money.

144. **उवयारो उवभोगो य अत्थ-महाफलं।**

उपकार और उपभोग अर्थ (धन) के महाफल हैं।

Beneficence and enjoyment are the greatest fruits of wealth.

145. **अत्थासत्ताणं ण को वि गुरू ण बंधू।**

अर्थ में आसक्तों के लिए न कोई गुरु है न बंधु।

There is neither any preceptor nor friend for the people who indulge in wealth.

अल्प

146. **अप्पविज्जा तच्छिंडा।**

अल्पविद्या भयंकर है।

Little knowledge is very dangerous.

147. **अप्पणाणी वि पसंसणीयो मूढेसु।**

मूर्खों में अल्पज्ञानी भी प्रशंसनीय होता है।

Person who has little knowledge is also praised amidst the foolish.

148. **अप्पसत्तिवंताणं लहुकज्जं वि महाणो।**

अल्पशक्ति वालों के लिए लघुकार्य भी महान् है।

Small work is also great for man with little strength.

अवग्रह

149. **दंसणं पच्छा अवग्गहो।**

दर्शन के बाद अवग्रह होता है।

Apprehension comes after perception.

150. **वत्थु-पढमवगाहगं णाणं अवग्गहो।**

वस्तुओं का प्रथम अवगाहक ज्ञान अवग्रह है।

First attained knowledge of things is apperhension.

151. **अवग्गहो वि सुदणाण-हेदू।**

अवग्रह भी श्रुतज्ञान का हेतु है।

Apprehension is also the cause of Scriptural knowledge.

अवस्था

152. **अवत्था हु पवट्टदि सुहं दुहे मित्तं सत्तुम्मि सम्पत्तिं विपत्तीए य।**

अवस्था ही सुख को दुःख में, मित्र को शत्रु में और सम्पत्ति को विपत्ति में प्रवर्तन कराती है।

Only circumstances transformed joy to sorrow, friends to enemy and prosperity to adversity.

अविद्या

153. **अविज्जा विग्घ-मूलं।**

अविद्या विघ्नों का मूल है।

Ignorance is the root of obstacles.

154. **ण कयावि सुहंकरा अविज्जा।**

अविद्या कभी भी सुखकारी नहीं होती।

Ignorance never causes of happiness.

155. **अविज्जा हु महातमो।**

अविद्या ही महा तम है।

Ignorance is dense darkness.

अविनय

156. **अविणयो धंसदि सेयरुक्खं।**

अविनय श्रेयरूपी वृक्ष को नष्ट करती है।

Rudeness cuts the tree of welfare.

अविनीत

157. **अविणीदो महाविज्जं महागुणं ण लहेदि कयावि।**

अविनीत कभी भी महाविद्या और महागुणों को प्राप्त नहीं करता।

Immodest person never gains great knowledge and virtues.

158. **अविणीदो कहं लहेज्ज सुविज्जं?**

अविनीत को सुशिक्षा कैसे प्राप्त हो सकती है?

How can good education be attained by an ill-mannered person?

अविवेक

159. **दुह-रुक्ख-मूलमविवेगो।**

दु:ख वृक्ष का मूल अविवेक है।

Imprudence is the root of the tree of sorrow.

160. **अविवेगो दुहदो अग्गिकुंडव्व।**

अविवेक अग्निकुण्ड के समान दु:खदायक है।

Imprudence is as painful as the fire pit.

अव्यवस्था

161. **अव्ववत्था हु सव्वकज्जेसु पडण-कारणं।**

सभी कार्यों में अव्यवस्था ही पतन का कारण है।

Only disorder is the cause of fall in all works.

162. **उवयारो वि भयंकरो अव्ववत्थिदाण।**

अव्यवस्थित चित्त वालों का उपकार भी भयंकर होता है।

Beneficence is also dangerous in unsettled minds.

163. **अव्ववत्था हु वेफल्लं।**

अव्यवस्था ही विफलता है।

Disorder is failure.

164. **अव्ववत्था दुहंकरी।**

अव्यवस्था दु:खकारी है।

Disorder is sorrowful.

असंतुष्ट

165. **दुक्खं लहंति सव्वदा अतुट्ठा सक्क-चक्की वि।**

असंतुष्ट इन्द्र व चक्रवर्ती भी सर्वदा दु:ख पाते हैं।

Unsatisfied Indra and sovereign king also suffer pains.

असंयम

166. **भवबीयमसंजमो।**

असंयम संसार का बीज है।

Non-restraint is the seed of transmigration.

167. **बहुदुहमग्गो असंजमो।**

असंयम बहुत दु:खों का मार्ग है।

Incontinence is the path of extreme sorrow.

असंयमी

168. **सिला ण तारदि अण्णं तहा असंजमी वि।**

जैसे पत्थर की शिला अन्य शिला को तारने में समर्थ नहीं होती है, वैसे ही असंयमी अन्य व्यक्तियों को तारने में समर्थ नहीं होते।

Just as rock connot carve another rock similarly unrestrained individual can't guide others.

असत्य

169. **अलीय-वयणं भावो वा असच्चं।**

अलीक वचन या भाव असत्य है।

False words and emotions are lies.

170. **असच्च-भाव-वयणेहि वा पाव-बंधणं।**

असत्य भाव व वचनों से पाप बंध होता है।

Inauspicious karmas bind us by false emotions and words.

171. **तच्चणाणी ण भासंति असच्चवयणं कया वि।**

तत्त्वज्ञानी असत्यवचन कभी नहीं कहते हैं।

A knower of reality never lies.

172. **हिदंकरो ण कंखदि मोसभासणं।**

हितकारी (सबका हित चाहने वाला) मिथ्यावचन नहीं बोलना चाहता।

Beneficent person doesn't want to speak untruth.

173. **मूलहीण-रुक्खोव्व मोसभासी धम्मी।**

झूठ बोलने वाला धार्मिक मूलहीन वृक्ष की तरह है।

A pious liar is like a rootless tree.

174. **मोसवयणं हु महाविसो।**

असत्यवचन ही महाविष है।

Lies are like poison.

175. **मोसवयणं घिणिद-मलोव्व।**

असत्यवचन घृणित मल है।

False words are like hated dirt.

176. **हिंसा इव मोसवयणं।**

मिथ्यावचन हिंसा के समान हैं।

Untrue words are like violence.

अहंकार

177. **अहंकारो जीवणुत्थाणे महा रिऊ।**

अहंकार जीवन उत्थान में महा शत्रु है।

Arrogance is the greatest enemy of life's upliftment.

178. **दुग्गदि-कारणं ण थब्भदि णाणी।**

ज्ञानी दुर्गति का कारण-अहंकार नहीं करता।

Learned never adheres to arrogance which is the cause of downfall.

179. **अहंकारजइयो सया सुही।**

अहंकार पर विजय प्राप्त करने वाला सदा सुखी होता है।

He who conquers ego, always remains happy.

180. **णाणीणं वि दुक्करं अहंकार-णासणं।**

ज्ञानियों के लिए भी अहंकार का नाश करना दुष्कर है।

It is very difficult to destroy ego even also for learned men.

181. **अहंकारो अण्णाण-सहोदरो।**

अहंकार अज्ञान का सहोदर है।

Ego is the brother of ignorance.

अहिंसा

182. **तिजोगेण हिंसाभाव-चागो अहिंसा।**

त्रियोग से हिंसा भाव का त्याग ही अहिंसा है।

Giving up violence by three volitions is non-violence.

183. **अहिंसा हि धम्म-मूलो।**

अहिंसा ही धर्म का मूल है।

Non-violence is the root of religion.

184. **सव्व-सावज्ज-विरत्ती हु अहिंसा।**

सर्व सावद्य से विरक्ति ही अहिंसा है।

Detachment from all sinful activities is non-violence.

185. **अहिंसाइ-गुणाकिण्णस्स को वि सुक्किदं दुक्करं ण।**

अहिंसादि गुणों से समाकीर्ण के लिए कोई भी सुकार्य दुष्कर नहीं है।

No work is difficult for him who is endowed with qualities like non-violence etc.

186. **महाधम्मो अहिंसा हि विस्स-रक्खगो।**

महाधर्म अहिंसा ही विश्व की रक्षक है।

Only the great religion, non-violence is the protector of the world.

187. **णिस्संग-दयावंतस्स चित्ते चिट्ठदि अहिंसा।**

नि:संग और दयायुक्त के चित्त में अहिंसा ठहरती है।

Non-violence remains in the heart of those who are detached and merciful.

188. **पाणि-रक्खणं हु महाधम्मो।**

प्राणियों की रक्षा करना ही महाधर्म है।

To protect all creatures is great religion.

189. **अहिंसा-णिद्देसगं हि धम्म-सत्थं।**

अहिंसा का निर्देश करने वाला ही धर्मशास्त्र है।

Only the Instructor for non-violence is religious scripture.

190. **मादुव्व अहिंसा हु सव्व-हिदकारिणी।**

माता के समान अहिंसा निश्चय से सबका हित करने वाली है।

Non-violence shows benevolence to everyone like a mother.

191. **संसार-मरुभूए अहिंसा हु अमिय-सायरो।**

संसार रूपी मरुभूमि में अहिंसा ही अमृत का सागर है।

Non-violence is the sea of nector in this world like desert.

192. **अहिंसा हु सव्व-सेट्ठ-धम्मो।**

अहिंसा ही सर्वश्रेष्ठ धर्म है।

Non-violence is the greatest religion.

193. **अहिंसा-धम्मम्मि हिंसाए किंचि वि ण ठाणं।**

अहिंसा धर्म में हिंसा को किंचित् भी स्थान नहीं है।

There is no place for violence in non-violent reilgion.

आकांक्षा

194. **कंखा हु महा-दुक्खं पुण्णापुण्णा वा।**

आकांक्षा ही महादु:ख है वह पूर्ण हो जाए या अपूर्ण।

Desire is deep sorrow whether it is fulfilled or unfulfilled.

195. **जो जस्स वंछदि तं लहिय णंद-मणुभवदि।**

जो जिसकी वांछा करता है वह उसको प्राप्त कर आनन्द का अनुभव करता है।

One feels happy after getting his desired thing.

196. **णिस्सीम-कंखा णिस्सीम-दुह-हेदू।**

नि:सीम आकांक्षा नि:सीम दु:ख का कारण है।

Endless desire is the cause of endless sorrows.

आकृति

197. **वत्थुणो बहि-आयारो आकिदी।**

वस्तु का बाह्य आकार आकृति है।

Extrinsic form of a thing is shape.

आकिंचन्य

198. **आकिंचणं गुणवड्ढगं।**

आकिंचन्य भाव गुणवर्द्धक है।

Detachment increases one's qualities.

199. **भवणासगं महाधम्मं हु आकिंचणं।**

आकिंचन्य ही संसार का विनाश करने वाला महाधर्म है।

Detachment is supreme religion and destructor

of transmigration.

आगम

200. **सव्वण्हु-भासिदो णिग्गंथ-गुंफिदो हि आगमो।**

सर्वज्ञ द्वारा कथित निर्ग्रन्थों द्वारा ग्रंथित ही आगम कहा गया है।

That which is said by Arihanta and composed by Digamber saints is Agam.

आग्रह

201. **अणग्गहो बुद्धिफलं।**

बुद्धि का फल आग्रह नहीं होना है।

Fruition of knowledge shouldn't be insistence.

202. **गिहो णस्सदि एगं दुरग्गहो बहुत्तं।**

ग्रह एक को नष्ट करता है और दुराग्रह बहुतों को।

Planet destroys one and insistence destroys many people.

आचार्य

203. **सयायार-पालणे णिउणो हु आइरियो।**

सदाचार पालन में निपुण ही आचार्य है।

One who is skilled in good conduct is preceptor.

204. **णिम्मलायारेण आइरियो।**

निर्मल आचार से आचार्य होता है।

One with holy conduct is a preceptor.

205. **आइरियेण लद्धिअ-विज्जा हु सुहंकरा।**

आचार्य से प्राप्त विद्या ही सुखकारी है।

Only the knowledge attained by preceptor is joyful.

आत्मज्ञान

206. **इह पर-लोयम्मि अप्पणाणिणो ण को वि मित्तं ण च सत्तू।**

इह लोक और पर लोक में आत्मज्ञानी का न कोई मित्र है, न कोई शत्रु।

There is neither friend nor enemy in this or any other world of self enlightened.

207. **अप्पणाणं हु अप्पणाणं, तमप्पं वि बहुत्तं।**

आत्मज्ञान ही आत्मज्ञान है, वह आत्मज्ञान अल्प भी बहुत होता है।

Self knowledge is self consciousness. Even a little of self-consciouness is much.

208. **अप्पणाणं हु महालाहो।**

निश्चय से आत्मज्ञान ही महालाभ है।

Self-realisation is great profit from ultimate point of view.

209. **अप्पणाणं भवसायर-तारणाय पोत्तं।**

आत्मज्ञान भवसागर से तारने के लिए नाव है।

Self knowledge is the boat to cross the ocean of this world.

आत्म प्रशंसक

210. **अप्पप्पसंसगो हु णो पसंसणीयो।**

आत्मप्रशंसक निश्चय से प्रशंसनीय नहीं है।

Self-admirer is definitely not praise-worthy.

आत्मलीन

211. **अप्प-सहाव-लीणो णो पस्सदि संसारं।**

आत्म स्वभाव में लीन इस संसार को नहीं देखता।

One who is engrossed in self nature, doesn't

see the world.

212. **अप्पलीणो हु सग-सामी।**

आत्मलीन ही स्व का स्वामी है।

Self-absorbed is his own master.

आत्महित

213. **णिरत्थगं हु पियवयणं जदि णो अप्प-हिदंकरं।**

प्रियवचन यदि आत्महितकारी नहीं हों तो निरर्थक हैं।

If kind words are not self profiting then they are useless.

214. **पढिय सव्व-सत्थाणि जदि अप्पहिद-मग्गं ण रुच्चेज्ज तहा सव्व-णिरत्थगं।**

सम्पूर्ण शास्त्रों को पढ़कर भी यदि आत्महित का मार्ग नहीं रुचता तो सब निरर्थक है।

Even after reading all scriptures, the path of self welfare is not liked then everything is meaningless.

215. **कणगो कणगो य परिच्चायो अप्पहिदेसीणं।**

कनक (सोना) कनक (अनाज) आत्महितैषियों के लिए त्याज्य है।

For the self-interested, gold and grain is worth giving up.

216. **जणसंपक्को बाहदि अप्पहिदमग्गं।**

लौकिक जन का सम्पर्क आत्महित के मार्ग का विरोध करता है।

Living with worldly people is an obstacle in the way of self-welfare.

आत्मा

217. **जो जाणदि अप्पं सो सव्वं।**

जो अपनी आत्मा को जानता है वह सबको जानता है।

A person who knows his own soul, knows everyone.

218. **परत्थादो विरत्तो दु अप्पणाणी।**

पर पदार्थों से विरक्त ही आत्मज्ञानी है।

One who is detached to alien substances is self-knower.

219. **अप्पा हु गुरू अप्पस्स।**

आत्मा ही आत्मा का गुरु है।

The soul is the preceptor of itself.

220. **अप्प-णिंदाए पावं विणस्सदि।**

आत्म निंदा से पाप नष्ट होता है।

To censure oneself destroys sin.

221. **अप्प-पसंसगो ण गारवं लहदे।**

आत्म प्रशंसक गौरव को प्राप्त नहीं होता।

Self admirer doesn't get dignity.

222. **अप्पबोहो महातित्थं णाणी णिमज्जदि तस्सिं।**

आत्मबोध ही महातीर्थ है, ज्ञानी उसमें निमग्न रहता है।

Self-knowledge is the greatest pilgrimage, scholars should remain engrossed in it.

223. **अप्पलाहोव्व ण का वि णिही।**

आत्मलाभ के समान कोई भी निधि नहीं है।

There is no treasure like attainment.

224. **सुद्धप्प-लाहो हु महासुहं।**

शुद्धात्म लाभ ही महासुख है।

Self-consciousness is the greatest pleasure.

225. **अप्पणंत-सत्ति-संपण्णो।**

आत्मा अनन्तशक्ति सम्पन्न है।

Soul is abundantly endowed with infinite power.

226. **अणादिदो अप्पस्स णो को वि णिय-परो।**

अनादि से आत्मा का कोई भी निज-पर नहीं है।

The soul is independent of self and other from beginningless period.

227. **सगप्पा हि सगो।**

अपनी आत्मा ही अपनी है।

Only your soul is yours.

228. **केवलणाणेण सुद्धो होदि अप्पा।**

केवलज्ञान से आत्मा शुद्ध होती है।

Soul becomes pure from (omniscience) complete knowledge.

229. **अप्पा सव्वविगार-रहिदो सहावेण।**

स्वभाव से आत्मा सब विकारों से रहित है।

Soul is free from all maladies by nature.

230. **अप्पा उक्किट्ठो सुन्दरो लोए।**

आत्मा लोक में उत्कृष्ट सुन्दर है।

Soul is the supreme beauty in the universe.

231. **संत-मणम्मि पयासदे अप्पजोदी।**

शांत मन में आत्म ज्योति प्रकाशित होती है।

Soul is enlightened in a peaceful heart.

232. **संतप्पा णासदि अण्णाणं।**

शान्त आत्मा सहजतापूर्वक अज्ञान का नाश कर देती है।

Peaceful soul destroys ignorance easily.

233. **सगप्प-सम्पत्तिं कहणे को समत्थो?**

आत्मा की स्वकीय सम्पत्ति को कहने में कौन समर्थ है?

Who can speak of soul's own wealth?

234. **मोक्खो ण अप्पादु दूरो।**

मोक्ष आत्मा से दूर नहीं है।

Salvation is not far from soul.

235. **सव्व-सत्तीसु पहाणा अप्प-सत्ती।**

आत्मा की शक्ति सर्व शक्तियों में प्रधान है।

The strength of soul is the chief among all strengths.

236. **देहभिण्ण-देहीणप्पा हु चिदप्पा ।**

देह से भिन्न संसारी प्राणियों की आत्मा ही चिदात्मा है।

The soul which is seperate from body of worldly beings, is the supreme soul.

237. **सहावेण पत्तेयं अप्पा सुद्धो।**

स्वभाव से प्रत्येक आत्मा शुद्ध होती है।

Every soul is pure by nature.

238. **सगप्पं जाणदि सो आगमसारं।**

जो अपनी आत्मा को जानता है वह आगम का सार जानता है।

He who knows his own soul, knows the gist of scripture.

239. **सत्तु-मित्तस्स भावो वि अप्प-सत्तू मित्तं च।**

शत्रु मित्रता का भाव भी आत्मा का शत्रु-मित्र है।

Feeling of enmity or friendship is also the enemy or friend of the soul.

240. **अप्पा ण पोसदि देहपोसम्मि।**

देह के पुष्ट होने पर आत्मा पुष्ट नहीं होती।

When the body is nourished, the soul doesn't get nourishment.

241. **सगपरिणाम-विसुद्धी हु अप्पस्स परं धणं।**

आत्मा की परिणाम विशुद्धि ही आत्मा का परम धन है।

Purity of self thought is the greatest wealth of soul.

242. **अप्परक्खव्व ण को वि धम्मो।**

आत्मा के रक्षण के समान अन्य कोई धर्म नहीं है।

There is no other religion like protecting the soul.

243. **अग्गीए सुवण्णादी सुद्धो होदि तहा तवग्गीए अप्पा।**

जैसे अग्नि से सुवर्ण आदि धातु शुद्ध होती है वैसे ही तपाग्नि से आत्मा शुद्ध होती है।

As gold and other metals get purified by fire similarly soul gets purified by penance.

244. **जहा रज्जुणा जलपत्तं कूवादो कड्ढदि तहा सम्मत्तेण अप्पं भवसायरादो।**

जैसे रस्सी के द्वारा जलपात्र कुएँ से निकाला जाता है वैसे सम्यक्त्व द्वारा आत्मा भवसागर से।

Just as the bucket is pulled out of the well by a string, similarly the soul is pulled out from the ocean of the world by perception or right faith.

245. **सगदव्वाइ-चउक्के मम सस्सदहियारो।**

स्वद्रव्यादि चतुष्टय पर मेरा शाश्वत अधिकार है।

I have eternal right on quaternity as self substances etc.

246. **जाव सुहुमो ताव थूलो वि अप्पा।**

आत्मा जितना सूक्ष्म है उतना ही स्थूल भी।

Soul is as much gross as it is fine.

247. **संजदप्पस्स किं करिस्सदि जमो?**

जिसने अपनी आत्मा को संयमित कर लिया है उसका यमराज क्या करेगा?

What can king of yama do of him who has restrained his own soul?

248. **अप्पाणंद-भोत्तू ण बिहेदि कयावि।**

आत्मानंद का भोक्ता कभी भी डरता नहीं है।

The enjoyer of soul's happiness is never afraid.

249. **अप्पस्स महासत्ती सवरणंद-कारणं।**

आत्मा की महाशक्ति स्वपर आनन्द का कारण है।

The great power of soul is the cause of others and one's joy.

250. **एग-समये अप्प-अप्पियर-दव्व-रक्खा असंभवो।**

एक समय में आत्मा तथा आत्मेतर इन दो द्रव्यों का रक्षण असंभव है।

Protecting two substances 'soul and other than soul' at a time is impossible.

आध्यात्म विद्या

251. **सवर-संतिदा अज्झप्प-विज्जा।**

अध्यात्मविद्या स्वपर के लिए शान्तिप्रद है।

Spiritual knowledge is peaceful for self and others.

252. **अज्झप्पणाणं विणा भववड्ढगं सद्दणाणं।**

बिना अध्यात्मज्ञान के शब्द ज्ञान संसार वर्धन करने वाला है।

Without spiritual knowledge, only knowledge of letters can grow the world.

253. **सया सुहंकरी अज्झप्प-विज्जा।**

अध्यात्म विद्या सदा सुखकारी होती है।

Spiritual knowledge is always beneficial.

254. **अज्झप्पविज्जा अमरत्त-कारणं।**

अध्यात्मविद्या अमरत्व का कारण है।

Spiritual knowledge is the cause of immortality.

आनन्द

255. **सव्वकाले णंदाणुभवो संभवो।**

सर्वकाल में आनन्द का अनुभव संभव है।

It is possible to feel happiness everytime.

आपत्ति

256. **ण थिरा संपत्ति-आपत्ती य लोए।**

लोक में सम्पत्ति और आपत्ति स्थिर नहीं है।

Prosperity and adversity are not stable in the world.

257. **आपत्ती वि सम्पत्ती साहु-समागमे।**

साधु के समागम में आपत्ति भी सम्पत्ति हो जाती है।

Adversity becomes prosperity when associated with an ascetic.

258. **हिदंकरा वि विमुहा आपत्तीए।**

आपत्तिकाल में हितकर भी विमुख हो जाते हैं।

Even the well-wishers become opponents at the time of adversity.

259. **आपत्तीए बहुसत्तू उप्पज्जंति।**

आपत्तिकाल में बहुत शत्रु उत्पन्न हो जाते हैं।

Many enemies are born at the time of adversity.

260. **मित्त-परिक्खा हु आपत्तीए।**

आपत्ति में ही मित्र की परीक्षा होती है।

A friend is examined only at the time of adversity.

261. **आपत्तीए सुबुद्धी वि णस्सदि।**

आपत्तिकाल में सुबुद्धि नष्ट हो जाती है।

Intelligence gets destroyed at the time of adversity.

आप्त

262. **वीयरायी सव्वण्हू हु अत्तो।**

वीतरागी व सर्वज्ञ ही आप्त हैं।

Only the unpassionate and omniscient is god.

आयु

263. **आऊ णिच्चं जमेण अक्कंतो।**

आयु नित्य ही यम से आक्रान्त है।

Life is always feared by yama.

264. **आउकम्म-खीणस्स मिच्चू णिच्छियो।**

जिसका आयुकर्म क्षीण है उसकी मृत्यु निश्चित है।

One whose age determining karmas get destroyed, his death is fixed.

265. **आउ-कम्म-णिसेगे जीवा पाण-रक्खण-कारणं लहंते।**

आयुकर्म के निषेक होने पर प्राणियों को प्राणरक्षा का कारण मिल जाता है।

Creatures get the cause of protective life if age determining karma is left.

266. **जीवण-मूलं आऊ।**

जीवन का मूल आयु है।

The foundation of life is age.

267. **आउ-साखा सूल-फुल्ल सहिदा।**

आयु रूपी शाखा काँटे और फूल से सहित होती है।

The branch of life has both thorns and flowers (sorrow & happiness).

268. **पत्तेगं आऊ अप्पो हु भासदि।**

प्रत्येक आयु अल्प ही प्रतिभासित होती है।

Every life seems short.

आरोग्य

269. **आरोग्ग-लाहोव्व कं वि वत्थुं रमणीयं णो लोए ।**

इस लोक में आरोग्य लाभ के समान कोई भी रमणीय वस्तु नहीं है।

In this world, there is nothing as splendid as good health.

270. **आरोग्गव्व णो सुहं।**

आरोग्य के समान सुख नहीं है।

There is no happiness like good health.

271. **आरोग्गं सव्वपुरिसट्ठ-मूलं।**

आरोग्य सभी पुरुषार्थों का मूल है।

Good health is the root of all efforts.

272. **लाहेसु मुक्खो आरोग्गलाहो।**

लाभों में आरोग्यलाभ मुख्य है।

Amongst all profits, the chief profit is good health.

आर्जव

273. **उत्तम-अज्जवं गुणागरो।**

उत्तम आर्जव गुणों का भण्डार है।

Supreme simplicity is a treasure trove of virtues.

274. **मण-वयण-कायेगा वित्ती अज्जव-भावो।**

मन, वचन, काय की एक सी वृत्ति आर्जव भाव है।

Same state of mind, speech and body is simplicity.

275. **णेव करेज्ज कवडं, णेव छड्डेज्ज अज्जवं च।**

कभी कपट नहीं करना चाहिए और न कभी आर्जवभाव छोड़ना चाहिए।

One should neither be deceitful nor leave simplicity.

276. **कवडं मिच्चू अज्जवं सुही जीवणं च।**

कपट मृत्यु है और आर्जव सुखी जीवन।

Deceit is death and simplicity is happy life.

277. **कवडं पावं अज्जवं महाधम्मो य।**

कपट ही पाप है और आर्जव महाधर्म।

Deception is sin and simplicity is supreme religion.

278. **सरलो हु बंभणाणी।**

सरलचित्त ही ब्रह्मज्ञानी होता है।

Only simple hearted people are self-enlightened.

279. **कवडीसु पीदी णो णीदी।**

कपटियों से प्रीति, नीति नहीं है।

It is not good to be friendly with the deceitful.

आर्त्त

280. **अट्टं वि दुस्सहं लोए।**

आर्त्त परिणाम लोक में दुस्सह हैं।

Painful feelings are unbearable in this world.

281. **अट्टं धम्मं समरावदि।**

आर्त्त परिणाम धर्म का स्मरण कराता है।

Outcome of extreme pain is a reminder of religion.

282. **अट्टज्झाणिणो ण रुच्चदे देहसुहं।**

आर्त्तध्यानी को देहसुख अच्छा नहीं लगता है।

A mournful meditator doesn't like the joy of body.

आर्य

283. **अज्जवकज्जेहिं अज्जा णो जादि-विज्जा-खेत्तेहिं।**

सरलकार्यों से आर्य होते हैं न कि जाति, विद्या और क्षेत्र से।

Civilized people are defined by simple works, not by caste, knowledge and region.

284. **कयावि मिच्छोव्व ववहारो णो कुव्वंति अज्जा।**

आर्य कभी भी म्लेच्छों की तरह व्यवहार नहीं करते हैं।

Civilized people never behave like the uncivilized.

285. **अज्जो कयावि णो करेज्ज अप्प-पसंसा।**

आर्य कभी भी आत्म प्रशंसा नहीं करे।

Civilized people should never indulge in self-praise.

आलस्य

286. **अलसो सव्व-सुफल-अणाहियारी।**

आलसी सर्व सुफलों का अनधिकारी है।

Lazy cannot claim on good deeds and their outcomes.

287. **आलस्सो हु महाविग्घो अप्प-हिय-पहे।**

आत्म हित के पथ में आलस्य ही महाविघ्न है।

Laziness is the chief obstacle on the way of self

welfare.

288. **सव्वकज्जेसु अजोग्गो अलसो।**

आलसी सभी कार्यों के लिए अयोग्य होता है।

Lazy is ineligible for all works.

289. **अलसो हु णिद्धणो।**

आलसी ही निर्धन है।

A slothful person is always poor.

290. **अलसाणं कहिं जसो बलं धणं च।**

आलसियों के लिए कहाँ यश, बल और धन।

There is no fame, power and money for the lazy.

291. **अलसो ण समत्थो धण-जस-विज्जा-धम्म-रक्खाए।**

आलसी धन, यश, विद्या और धर्म की रक्षा में समर्थ नहीं है।

The lazy can not protect money, fame, skills and religion.

292. **अलसो हु दारिद्द-कारणं।**

आलस्य ही निर्धनता का कारण है।

Laziness is the only cause of poverty.

293. **आलस्सो मित्तरूवे सत्तू।**

आलस्य मित्र के रूप में शत्रु है।

Laziness is the enemy disguised as friend.

294. **आलस्सो दुह-मूलं।**

आलस्य दु:ख का मूल है।

Laziness is the root of sorrow.

295. **अलसाणं सव्व-विज्जा-गुणा विणस्संति।**

आलसियों के सभी विद्या गुण नष्ट हो जाते हैं।

All the skills and virtues of the lazy get destroyed.

296. **दक्खाणं सुहदजीवणं वि आलसाण सया दुहदं।**

दक्षों का सुखदजीवन भी आलसियों के लिए सदा दु:खद ही है।

Even the happy life of a skilled person is painful for a lazy person.

आशा

297. **आसा हु महापासो जीवो बंधदि सव्वदा।**

आशा ही महापाश है जो जीव को सदा बांध के रखती है।

Desire is the heavy noose which always binds the soul.

298. **आसा चिरंजीवी सया।**

आशा सदा चिरंजीवी होती है।

Desire always lives long.

299. **आसाबद्धो हु पराहीणो।**

आशाबद्ध ही पराधीन है।

Only he who is bound by desire is enslaves by others.

300. **पर-आसापास-बद्धो सया दुही।**

दूसरों के द्वारा आशा-पाश बद्ध सदा दु:खी रहता है।

A person attached to others by desire always remains miserable.

301. **को समत्थो आसा-उदहि-तरेदुं?**

आशा सागर से तरने के लिए कौन समर्थ है?

Who is able to cross the sea of desires?

302. **तिव्वासा सत्तिदा।**

तीव्र आशा शक्तिदायिनी होती है।

Strong desire confers power.

303. **आसा सया जोव्वणसीला।**

आशा सदा यौवनशीला होती है।

Desire is always young.

304. **आसा कुव्वदि सगसामिं दासो।**

आशा स्व स्वामी को दास बनाती है।

Desire can enslave even a self-reliant person.

305. **आसा-हीणो सया सुही।**

आशा हीन सदा सुखी रहता है।

He always remains happy who has no desires.

306. **परासावंतो दुही णिच्चं।**

पर की आशा करने वाला हमेशा दु:खी रहता है।

He who desires others' possession, always remains unhappy.

307. **बलिट्ठा धणासा जीविदासा य पाणीसु।**

धनाशा और जीविताशा प्राणियों में बलवती रहती है।

Desire for money and life remains very strong in creatures.

308. **को रायी समत्थो आसं खयिदुं?**

ऐसा कौन रागी है जो आशा को नष्ट करने में समर्थ है?

Which worldly person is able to destroy the desires?

309. **आसाए को रित्तो?**

लोक में आशा से रिक्त कौन है?

Who is free from desires in this world?

आशीर्वाद

310. **गुरु-आसीवायो हु वरो।**

गुरुओं का आशीर्वाद ही वरदान है।

Blessings of spiritual Gurus is a boon.

311. **सव्व-कल्लाणं होज्ज महप्पाणं आसीवायो।**

सभी का कल्याण हो ऐसा महात्माओं का आशीर्वाद है।

Great saints bless for the welfare of all.

आश्रम

312. **आसमो धम्म-साहणं ण दु सज्झो।**

आश्रम धर्म का साधन है साध्य नहीं।

Ashram is the means of religion not its end.

313. **समण-ठाणं आसमो।**

श्रमणों के रहने का स्थान आश्रम है।

Home of ascetics is called Ashram.

314. **अहिंसा-सच्च-णिस्संग-बंभचेरं च अप्पासमो।**

अहिंसा, सत्य, नि:संग (चोरी व परिग्रह रहित) और ब्रह्मचर्य आत्मा का आश्रम है।

Non-violence, truth, asceticism and chastity are the abode of soul.

आसक्त

315. **परासत्तो पराहीणो।**

परपदार्थों में आसक्त ही पराधीन है।

Indulged in alien substances is dependent.

316. **भव-भावासत्तो चुक्कदि पदे पदे।**

संसार के भावों में आसक्त जीव पद-पद पर भूल करता है।

A soul indulged in worldly attachment makes mistakes at every step.

आस्तिक्य

317. **सग-अत्थित्त-बोहो अत्थिक्क-भावो।**

स्व अस्तित्व का बोध आस्तिक्य भाव है।

Knowledge of self-existence is credo.

आहार

318 **अज्जा सागाहारं दु भुंजेज्ज।**

आर्य पुरुषों को शाकाहार ही करना चाहिए।

Noble people should take only vegetarian food.

319 **पागदिगाहारेण विणा को वि जीवो अप्प-संतिं लद्धुं णो समत्थो।**

प्राकृतिक आहार के बिना कोई भी जीव आत्म शान्ति पाने में समर्थ नहीं होता।

No one is able to get peace without natural (vegetarian) meal.

320. **पागदिगाहारो वि ओसहिव्व।**

प्राकृतिक आहार भी औषधि रूप माना जाता है।

Natural food is also considered a medicine.

321. **विणा आहार-सुद्धीए णो चित्तसुद्धी।**

बिना आहारशुद्धि के चित्तशुद्धि नहीं होती।

Without purity of meal, there cannot be purity of mind.

322. **आहार-सुद्धी धम्मंगं।**

आहारशुद्धि धर्म का अंग है।

Purity of meal is a part of religion.

323. **सुद्धाहारो वि तव-कारणं।**

शुद्ध आहार भी तप का कारण है।

Pure meal is also a cause of penance.

324. **णिरामिसभोई दयावरो।**

निरामिषभोजी दयालु होता है।

Only a vegetarian is compassionate.

325. **आहारो वि महोसही।**

आहार भी महौषधि है।

Meal is also medicine.

इच्छा

326. **इच्छा अणंता संसारीणं।**

संसारी प्राणियों की अनन्त इच्छा होती हैं।

Transmigrating souls have infinite desires.

327. **धि इच्छं अंतहीणं।**

अन्तहीन इच्छा को धिक्कार है।

Endless desire is reproachful.

328. **अंतहीणा णिस्सारिच्छा सव्व-दुहकारणं।**

अंतहीन निस्सार इच्छा ही सर्वदु:खों का कारण है।

Only endless and worthless desire is the cause of all pains.

329. **सफला इच्छा पुण्णवंताणं।**

पुण्यवानों की सभी इच्छा सदा ही सफल होती है।

All desires of virtuous people are always fulfilled.

इन्द्रिय

330. **इंदिय-विसयासत्ती हु भव-कारणं।**

इन्द्रिय विषयों में आसक्ति नियम से संसार का कारण है।

Attachment to sensual pleasures is surely the cause of transmigration.

331. **णो इट्ठफलं विणा इंदिय-णिग्गहेण।**

बिना इन्द्रिय निग्रह के कोई भी इच्छित फलों को प्राप्त नहीं करता।

Desired result cannot be attained without control of senses.

332. **इंदियाणि बहिमुहाणि।**

इन्द्रियाँ बहिर्मुखी होती हैं।

Senses are extrovert.

333. **इंदियाणि बहि-अत्थाणि जाणदि णो अंतरंगस्स।**

इन्द्रियाँ बाह्य पदार्थ जानती हैं न कि अंतरंग के।

Senses know exterior substances not the interior ones.

334. **इंदियजयी हु अप्पजयी।**

इन्द्रियजयी ही आत्मजयी है।

Conqueror of senses is the conqueror of soul.

335. **इंदिय-जयेण विणा ण को वि जिणो।**

इन्द्रियजय के बिना कोई भी जिन नहीं हो सकता।

No one is capable of becoming Jina without conquering senses.

336. **इंदिय-असंजमो हु भवदुक्ख-कारणं।**

इन्द्रियों का असंयम ही भव दु:खों का कारण है।

Unrestrained senses are the only cause of pain in the world.

337. **इंदियवसो हु महादुही।**

इंद्रियवशी ही महादु:खी है।।

One who is under the control of his senses always suffers pain.

338. **इंदिय-असंजमो मरणादो दुहंकरो।**

इन्द्रियों का असंयम ही मरण से अधिक दु:खकारी है।

restrained of the senses is more painful than death.

339. **णरय-सग्गा वि इंदियपरिणामो।**

नरक और स्वर्ग भी इन्द्रियों का परिणाम है।

Hell and heaven are also the result of senses.

340. **तवसारो इंदियणिग्गहो।**

इन्द्रियनिग्रह तप का सार है।

Sense-restraint is the gist of penance.

341. **अणिग्गहिय-इंदियाणि अइदुहकारणं।**

अनिग्रही इन्द्रियाँ अतिदु:ख का कारण हैं।

Non-restrained senses are the cause of deep sorrow.

342. **इंदियविक्खेवो बंधणं संजमो मोक्खो य।**

इंद्रिय विक्षेप बंधन है और इन्द्रिय संयम मोक्ष है।

Sense-deflexion or deviation is bondage and selfrestraint is emancipation.

343. **इंदिय-विसय-लोहेण को ण लहदि संकडं?**

इन्द्रिय विषय के लोभ से कौन संकट प्राप्त नहीं करता है?

Who doesn't get into trouble because of the greed of sense enjoyment?

344. **इंदियजयी ठिदपण्णो।**

इन्द्रियजयी स्थितप्रज्ञ है।

Conqueror of senses is immortal.

345. **इंदिय-तिव्ववेयो सज्जणाणं दूहवदि।**

इंद्रियों का तीव्रवेग सज्जनों को दु:ख देता है।

The onrush of sensations gives pain to virtuous people.

346. **जोगि-पाणो इंदियणिग्गहो।**

इन्द्रियनिग्रह योगियों का प्राण है।

Sense-resistance is the life of ascetic.

347. **सव्विंदिय-णिग्गाही विस्सरायो।**

सर्वइन्द्रिय निग्रही विश्व का राजा है।

One, whose all senses are restrained, is the king of the universe.

348. **एगिंदिय-णिग्गहो वि दुस्सहो दीहसंसारीणं।**

दीर्घ संसारियों के लिए एक इंद्रिय का निग्रह भी दुस्सह है।

For long-aged worldly being even single sense restraint is a very difficult.

349. **दुद्धर-तवस्सी वि ण विस्ससेज्ज इंदियविसयेसु।**

दुर्द्धरतपस्वी को भी इंद्रिय विषयों पर विश्वास नहीं करना चाहिए।

Even a strong ascetic shouldn't rely on sense-enjoyments.

350. **इंदियणिग्गहो तव-मूलं।**

इन्द्रियनिग्रह तप का मूल है।

Sense-resistance is the root of penance.

इष्टवस्तु

351. **इट्ठवत्थुं सव्व-सुहंकरं।**

इष्टवस्तु सबके लिए सुखकारी है।

Desirable things are the cause of pleasure for everyone.

352. **इट्ठवत्थु-विजोगेणं होदि दुहं सव्वदा।**

इष्ट वस्तु के वियोग से सदैव दु:ख होता है।

Everyone suffers pain from seperation of desirable things.

353. **इट्ठवत्थुणा कस्स चित्तं ण तिप्पदि?**

इष्ट वस्तु से किसका चित्त संतुष्ट नहीं होता?

Whose heart doesn't get satisfied from desirable thing?

354. **इट्ठवत्थुं समीवे सुही।**

जो इष्टवस्तु के समीप होता है वह सुखी है।

A person experiences bliss when he is close to his desirable thing.

355. **चिरकंखिद-वत्थुणा को ण णंददि?**

चिरकांक्षित वस्तु के द्वारा कौन आनन्द को प्राप्त नहीं होता?

Who doesn't get happy after attanining long desired thing? Means everyone becomes happy.

ईर्ष्या

356. **धम्मी मा करेज्ज इस्सं।**

धर्मात्माओं को ईर्ष्या नहीं करनी चाहिए।

Pious people shouldn't feel envious.

357. **इस्साए विणस्संति सव्वगुणा।**

ईर्ष्या भाव से सब गुणों का नाश होता है।

All virtues get destroyed by envy.

358. **णिसेवदु ईसं दट्ठिय इस्सं।**

ईर्ष्या को छोड़कर अपने ईश्वर को भजो।

Leave envy and worship god.

359. **इस्सा कलह-कारणं।**

ईर्ष्या कलह का कारण है।

Envy is the cause of strife.

360. **इस्सा बुद्धि-भक्खगा।**

ईर्ष्या बुद्धि का भक्षण करने वाली है।

Envy devours the mind.

361. **इस्सा णासदि पुण्णं।**

ईर्ष्या पुण्य को क्षीण करती है।

Envy diminishes merits.

362. **इस्साए अहोगदी।**

ईर्ष्या से अधोगति प्राप्त होती है।

Envy takes us to a lower place.

ईश्वर

363. **ईसरो सस्सदो सिद्धो।**

ईश्वर शाश्वत सिद्ध है।

God is eternal.

364. **कया वि णो जम्मदि ईसरो।**

ईश्वर कभी भी उत्पन्न नहीं होता।

God never arises (born).

365. **जम्म-मरण-रहिदो सुद्धप्पा ईसरो।**

जन्म मरण रहित शुद्धात्मा ईश्वर है।

A pure soul free from birth and death, is god.

366. **ईस-णाणं हु लोयम्मि।**

ईश्वर का ज्ञान सर्वलोक में रहता है।

Knowledge of God exists in the whole world.

ईहा

367. **पदत्थेसु विसेस-जिण्णासा ईहा।**

पदार्थों को विशेष जानने की इच्छा ईहा है।

Desire to especially know the things is speculation.

368. **ईहा भववड्ढगा।**

ईहा भव को बढ़ाने वाली है।

Speculation increases transmigration.

369. **ईहा अवायपेरगा।**

ईहा अवाय की प्रेरक है।

Speculation is the inspiration of perceptual

judgement.

370. **ईहाए णाणा-विअप्पा।**

ईहा से नाना विकल्प होते हैं।

There are many options in speculation.

उच्चपद

371. **जोग्ग-सिक्खाजुत्ता सक्कार-विहीणा वि उच्चपदे आसीणा।**

योग्य शिक्षायुक्त संस्कार विहीन लोग भी उच्च पद पर आसीन हैं।

People who are able and educated but without values seem to hold high posts.

372. **पाय उच्चपदं संकणीयं।**

प्रायश: उच्चपद शंकनीय होता है।

High post is filled with suspicion.

उत्सव

373. **धम्मुच्छवो सम्मत्त-वड्ढगो।**

धर्मोत्सव सम्यक्त्व के संवर्धक होते हैं।

Religious festivals increase right faith.

374. **उच्छवो पीदि-वड्ढगो।**

उत्सव प्रीतिवर्धक होते हैं।

Festivals are instrumental in increasing affection and harmony.

375. **उच्छव-पिया हु संसारी।**

उत्सवप्रिय ही संसारी है।

One who is a festival-lover is a worldly soul.

376. **उच्छवा हु देससंति-समिद्धि-कारणं।**

उत्सव ही देश की शांति और समृद्धि का कारण है।

Religious festivals are the only cause of peace

& prosperity of a country.

377. **णिच्छलपेम्मो हु उच्छव-हेदू णो धणं।**

निश्छल प्रेम ही उत्सव का हेतु है न कि धन।

Innocent love, not money is the cause of festivals.

378. **उच्छवा उच्छाह-वड्ढगा।**

उत्सव उत्साहवर्धक होते हैं।

Festivals increase enthusiasm.

उत्साह

379. **सरिदाए उच्छलिद-जलवेगोव्व चित्तम्मि उदीयमाणो सुहभावो उच्छाहो।**

नदी के उमड़ते प्रवाह की तरह चित्त में उठने वाले शुभभाव का नाम उत्साह है।

Good (holy) feelings which move in the heart like the overflow river is enthusiasm.

380 **उच्छाहो सवरविगास-कारणं।**

उत्साह स्वपर विकास में कारण है।

Zeal is the cause of growth of self and others.

381. **उच्छाहो वि मित्तं व सहाई।**

उत्साह भी मित्र की तरह सहायक है।

Enthusiasm is also a helper like a friend.

382. **उच्छाहो वि कज्जत्थं पच्चग्ग-कारणं।**

उत्साह भी कार्य करने के लिए प्रधान कारण है।

Zeal is also the chief cause of doing work.

383. **उच्छाहेण कज्जाणि सुलद्धाणि।**

उत्साह से सभी कार्य सुलभ होते हैं।

All works become easy because of enthusiasm.

384. **उच्छाहवंताणं ण किं वि दुल्लहं लोए।**

उत्साहवानों के लिए लोक में कुछ भी दुर्लभ नहीं है।

Nothing is difficult to obtain for enthusiasts in this world.

385. **सगकज्जेसु उच्छाहवंतो हु पर-पेरगो।**

अपने कार्यों में उत्साहवान् ही दूसरों के लिए प्रेरक होता है।

One who is enthusiastic in his own works, becomes a motivator for others.

386. **उच्छाहो हु विजयसिरि-कित्ति-विज्जादि-कारणं।**

उत्साह ही विजयश्री, कीर्ति, विद्या आदि गुणों का कारण है।

Enthusiasm is the cause of knowledge, victory, fame and other such virtues.

387. **विणा उच्छाहेण पुरिसत्थो पंगू।**

बिना उत्साह के पुरुषार्थ पंगु है।

Effort is lame without enthusiasm.

388. **रयणत्तयाहारो हु सगकल्लाणुच्छाहो।**

स्वकल्याण का उत्साह ही रत्नत्रय का आधार है।

The enthusiasm for self welfare is the foundation of three jewels (right faith, right knowledge and right conduct).

389. **उच्छाहवंतो हु समत्थो सत्तुं जिणिदुं।**

उत्साही ही शत्रु को जीतने के लिए समर्थ है।

Only enthusiastic is able to win over enemies.

390. **सव्वयालम्मि उच्छाहवंतो महापुरिसो।**

सभी काल में उत्साहवान् महापुरुष है।

Only the enthusiastic at all times is great man.

उदार

391. **पसरंति चंदकलव्व उरालस्स करुणा।**

जैसे चन्द्रमा की कला सहज ही फैलती है उसी प्रकार उदारपुरुष की करुणा भी।

Just as moonlight spreads naturally so does the compassion of a generous person.

392. **वयणे णो उरालो सो कत्थ?**

जो वचन बोलने में उदार नहीं है वह किस क्षेत्र में उदार हो सकता है?

How can one be generous in any field if he is not magnanimous in speech?

393. **उरालोव्व बहुजलधारगो मेहो कया वि ण गज्जदि।**

उदार पुरुष के समान बहुजल धारक मेघ कभी भी गरजता नहीं है।

Like a noble person, rainy clouds never thunder.

394. **उरालचरियाणं ण को वि सवरो।**

उदार चरित्र का कोई भी अपना या पराया नहीं है।

A noble person has neither friends nor enemies.

395. **उरालचरियो हु णायप्पियो।**

उदारचरित्र ही न्यायप्रिय है।

Only a noble person is a lover of justice.

396. **करुणा उरालत्त-कारणं।**

उदारता का कारण करुणा है।

The reason of generosity is compassion.

397. **उरालपुरिसस्स सव्वणिही सव्वहिदत्थं।**

उदार पुरुष की सर्वनिधियाँ सर्वहित के लिए होती हैं।

All the wealth of a noble person is for welfare of everyone.

398. **उरालपुरिसा परदुक्खं वि सगोव्व मण्णे।**

उदार पुरुष पर दु:ख को भी अपना मानता है।

A noble man considers others' pain as his own.

उद्देश्य

399. **मेत्तं वक्खाणीय-वत्थु-कहणं उद्देसो।**

विवेचनीय वस्तुमात्र के कथन को उद्देश्य कहते हैं।

Narration of the thing only which is able to treat is called purpose.

400. **उद्देसहीणो पवट्टगो मूढो।**

जो उद्देश्यहीन प्रवर्तन करता है वह मूर्ख है।

One who acts aimlessly is foolish.

401. **उद्देसहीण-कज्जं णिप्फलं।**

उद्देश्यहीन कार्य निष्फल है।

Aimless work is fruitless.

उद्यम/उद्यमहीन

402. **उज्जमहीणो पायसो अप्पियो।**

प्रायश: उद्यमहीन अप्रिय होता है।

Usually a shirker is not admired.

403. **णो संभवो आजीविया विणा कज्जेण।**

बिना कार्य के आजीविका संभव नहीं है।

Livelihood is not possible without work.

404. **उज्जमहीणो सया दुही।**

उद्यमहीन सदा दु:खी रहता है।

A shirker always remains unhappy.

405. **करजुत्ता सफला णिच्चं।**

हाथयुक्त (उद्यमयुक्त) हमेशा सफल होते हैं।

An energetic person always gets success.

406. **पाणिलाहादो णो को वि लाहो।**

हाथ के मिलने के लाभ से अधिक और कोई लाभ नहीं है।

No profit is better than the profit gained by hard work.

407. **उज्जुत्तस्स संसारो वि किंचि णो।**

उद्यमशील का संसार भी कुछ नहीं है।

Transmigration is nothing for endeavoured.

408. **उज्जुत्ता ण कयावि उव्विग्गा सुकज्जेहिं।**

उद्यमशील कभी भी अच्छे कार्यों से उद्विग्न नहीं होते।

An energetic person never get perturbed while doing good works.

409. **इंदो वि उज्जुत्तस्स बंधू।**

उद्यमशील का इन्द्र भी बंधु होता है।

Indra is also a friend of an energetic person.

410. **सव्वमित्ताणि उज्जुत्ताणं।**

उद्यमशीलों के सभी मित्र होते हैं।

All are friends of an energetic person.

411. **सवर-सत्तू उज्जमहीणा।**

उद्यमहीन स्वपर का शत्रु है।

A shirker is an enemy of self and others.

412. **उज्जमेण सिज्झदि कज्जं।**

उद्यम से कार्य सिद्ध होता है।

Goal is achieved by hard work.

413. **उज्जमो समिद्धि-कारणं।**

उद्यम समृद्धि का कारण है।

Hard work is the cause of prosperity.

414. **देससंती उज्जमेण।**

उद्यम से देश में शांति रहती है।

Peace exists in the country by hard work.

415. **उज्जमो भग्ग-बंभो।**

उद्यम भाग्य का विधाता है।

Endeavour is the creator of fortune.

416. **देसुण्णदी उज्जुत्तेहिं।**

उद्यमशीलों द्वारा ही देश की उन्नति होती है।

A country progresses only by its energetic people.

417. **सम्मुज्जमेण णस्संति दुक्खाणि।**

सम्यक् उद्यम से दु:ख नष्ट होते हैं।

Pains get annihilated by right effort (efforts for getting liberation).

418. **सिवणे वि णो दरिद्दा उज्जुत्ता।**

उद्यमशील स्वप्न में भी दरिद्र नहीं होते।

Energetic people never get poor even in dreams.

419. **उज्जुत्ताणं णो कयावि जीविया-भयं।**

उद्यमशीलों को कभी भी आजीविका का भय नहीं होता।

Energetic people never fear for livelihood.

420. **उज्जमो धणागरिसगो।**

उद्यम ही धन की चुम्बक है।

Hard work is the money attracting magnet.

421. **उज्जुत्ताण छायव्व लच्छी।**

लक्ष्मी उद्यमशीलों के लिए छाया की तरह है।

Wealth is like a shade for the energetic people.

422. **उज्जमेण विणा णिहि-संति-कीत्ति-विजयसिरी णो जहा खीरं विणा सप्पी।**

जैसे बिना दूध के घी नहीं, वैसे ही उद्यम के बिना निधि, शांति, कीर्ति और विजयश्री नहीं है।

Just as there is ghee without milk similarly there is no wealth, peace, fame and victory without effort.

423. **णो दुही उज्जुत्तो।**

उद्यमी दु:खी नहीं होता।

An energetic person is never sad.

424. **सुकज्जेण लहदि लक्खं।**

सुकार्य करने से लक्ष्य प्राप्त होता है।

Aim is achieved by doing good work.

425. **उज्जमहीणा जवंति भवियव्वदा भविस्सदि।**

उद्यमहीन जपते हैं कि जो होने योग्य है वही होगा।

A shirker always chants that what has to happen will always happen.

426. **उज्जमहीणा दुहं सहंति णो सुहस्स कुव्वंति कज्जं।**

उद्यमहीन दु:ख सहन करते हैं सुख के लिए कार्य नहीं करते।

A shirker endures pain, but never works for happiness.

427. **उज्जुत्ताणं देवा वि मित्ताणि।**

उद्यमशीलों के देव भी मित्र होते हैं।

The gods also befriend energetic people.

428. **सुभग्गा उज्जुत्ता।**

उद्यमशील सौभाग्यशाली माने जाते हैं।

Energetic people are considered fortunate.

429. **उज्जमहीणस्स णरजम्म-णिप्फलं।**

उद्यमहीन का नरजन्म भी निष्फल है।

Human life of effortless is also useless.

उपकार

430. **अकारण-सवर-हिदेसि-पवित्ती उवयारो।**

अकारण स्वपर हितैषी प्रवृत्ति उपकार है।

Tendency of selfless benevolence for self and others is beneficence.

431. **महापुरिसा लोगिग-सुहकंखाए ण उवयरंति।**

महापुरुष लौकिक सुख की आकांक्षा से उपकार नहीं करते।

Great men don't show kindness with the desire of worldly pleasure.

432. **उवयारो वि लोगे महाधम्मो।**

उपकार भी लोक में महाधर्म माना जाता है।

Beneficence is also considered to be the highest form of religion in the world.

433. **लोए जीवा परोप्परे उवयरंति।**

लोक में सर्वजीव परस्पर उपकार करते हैं।

All creatures reciprocate kindness in the world.

434. **पाणरक्खगुवयारस्स ण पडिउवयारो।**

प्राण रक्षा करने वाले उपकार का कोई प्रत्युपकार नहीं है।

Beneficence shown in protecting life is non returnable by any other favour.

435. **सगेण सह परा उवयरेज्ज।**

स्व के साथ पर का उपकार करना चाहिए।

Kindness should be shown to others as well as one's own self.

436. **णिस्सत्थुवयारो पुण्ण-वड्ढगो।**

नि:स्वार्थ उपकार पुण्यवर्धक होता है।

Selfless beneficence multiplies merits.

437. **कवडेण सह उवयारो वि पावं।**

कपट के साथ उपकार भी पाप है।

To show kindness to the deceitful is also a sin.

उपदेश

438. **अप्प-हिदंकर-उवदेसो हिदुवदेसो।**

आत्मा का हित करने वाला उपदेश हितोपदेश है।

The sermon which does good to the soul is beneficent.

439. **आसण्णविणट्ठस्स उवदेसो णिरट्ठो।**

जिसका विनाशकाल निकट है उसके लिए उपदेश निरर्थक है।

Sermons are useless for him whose downfall is near.

440. **उवदेसो मूढाणं सगापत्ति-कारणं।**

मूर्खों के लिए उपदेश स्वयं के लिए आपत्ति का कारण है।

Preachings for foolish is the cause of self-difficulty.

441. **विवेगहीणा णो उवदिसेज्ज।**

विवेक हीनों को उपदेश नहीं देना चाहिए।

Unwise people should not be preached.

442. **विणा सद्धाए उवदेसस्स णो मुल्लं।**
श्रद्धा के बिना उपदेश का मूल्य नहीं है।
Without faith there is no value of preachings.

उपयोग

443. **जोग-समीवे सो उवजोगो अहवा चेयणाणुविहाइ-परिणामुवजोगो।**
जो योग के निकट रहता है वह उपयोग है अथवा चेतना का अनुविधायी परिणाम उपयोग है।
One who stays near consciousness is active consciousness.

उपवास

444. **उववासो वि उवासणा।**
उपवास भी उपासना है।
Fasting is also worship.

445. **उववासो आरोग्ग-कारणं।**
उपवास आरोग्य का कारण है।
Fasting is the cause of good health.

446. **उववासेण वि खयदि पावकम्मं।**
उपवास से भी पापकर्म क्षीण होता है।
The karmas of sin are also diminished by fasting.

447. **उववासेण सिज्झदि मणोरहा।**
उपवास से मनोरथ सिद्ध होते हैं।
Heart-felt wishes are fulfilled by fasting.

उपशम

448. **कसाय-समणं उवसमो।**
कषायों का शमन उपशम है।
Mollification of passions is suppression.

449. **कसायुवसमेण विणा णो उवसमो।**
कषाय के उपशम के बिना उपशम भाव नहीं मिलता।
Subsidence is not found without controlling passions.

450. **कसायुवसमगो समणो।**
कषायों का उपशमक श्रमण कहलाता है।
One who controls passions is called an ascetic.

451. **कसाय-खीणव्व ठिदी उवसमणा।**
कषायों की क्षीणवत् स्थिति उपशमणा है।
When the passions become lean, it is called subsidence.

उपाय

452. **उवायेण खयंति सत्तू।**
उपाय से शत्रु नष्ट होते हैं।
Enemies get destroyed by skill.

453. **जुत्ती उवायो य सत्तीए सेट्ठा।**
युक्ति और उपाय शक्ति से श्रेष्ठ है।
Skill and solution are better than use of power.

454. **उवायो उण्णदि-कारणं।**
उपाय उन्नति का कारण है।
Resolution is the cause of development.

455. **उवायेण सिग्घं लहदि सफलत्तं।**
उपाय से शीघ्र सफलता मिलती है।
Success is achieved by resolution.

उपेक्षा

456. **उवेक्खा इत्थीणं पुरिसस्स अइदुक्ख-कारणं।**
स्त्रियों की उपेक्षा पुरुषों के लिए बहुत दु:ख का कारण है।
Undermining of women is the cause of extreme sorrow for men.

ऋजु

457. **रिऊ लहंति रिउगदिं।**

सरल लोग ऋजुगति (सिद्ध) प्राप्त करते हैं।

Simple people get liberation.

458. **अज्जवया हु रसवदी।**

ऋजुता ही रसवती है।

Simplicity is elegant.

459. **अज्जवं हु सग्गलदा।**

सरलता ही स्वर्ग की लता है।

Only simplicity is the climber to heaven.

ऋषि

460. **रिसीणं सिक्खुवदेस-सक्कारेहिं विणा कुत्थ विस्स-संती?**

ऋषियों की शिक्षा, उपदेश और संस्कार बिना विश्व शान्ति कहाँ संभव है?

How can world peace be possible without the education, preachings and pious qualities of the ascetics?

461. **धम्म-मुत्ती रिसी।**

ऋषि ही धर्म मूर्ति हैं।

An ascetic is the idol of religion.

462. **रिद्धि-सिद्धि-पुंजो रिसी।**

रिद्धि-सिद्धि का पुंज ऋषि है।

An ascetic is the accumulation of super natural powers and fulfillment of tasks.

463. **कम्मक्खयग्गिव्व रिसी।**

कर्मक्षय करने के लिए ऋषि अग्नि के समान है।

An ascetic is like fire for destruction of karmas.

464. **विस्स-णायगो रिसी।**

ऋषि ही विश्व का नायक है।

An ascetic is a leader of the universe.

465. **रिसी हु सवरणाणि-दंसगो।**

ऋषि ही स्वपर का ज्ञानी और दर्शक है।

An ascetic is a spectator and a knower of self & others.

466. **रिसी हु चेयणाए गुणुप्पायगो किसीवलो।**

ऋषि ही चेतना का गुणोत्पादक कृषक है।

Only an ascetic is the virtues productive farmer of conscience.

467. **एगल्लो णो समत्थो कयावि महाजुद्धे।**

एकाकी कभी भी महायुद्ध करने में समर्थ नहीं होता।

A loner can never fight big war.

औषधि

468. **रोयं ण णासदि णोसही सा।**

जो रोग का नाश नहीं करती वह औषधि नहीं है।

That which doesn't destroy disease is not a medicine.

469. **जिणवयणं परमोसही जम्म-मरण-विणासगा।**

जिनवचन जन्म और मरण का विनाश करने वाली परमौषधि है।

Words of jina which destroy that cycle of birth & death, are the greatest medicine.

470. **विसो हु विसोसही।**

जहर की औषधि जहर ही होती है।

Poison is the medicine of poison.

471. **रुक्खाणं मूलं पत्ताणि पुप्फादीणि वि अइसेट्ठा ओसही।**

वृक्षों की जड़, पत्ते, फूल आदि भी अतिश्रेष्ठ औषधि मानी जाती है।

Root, leaves and flowers etc. of the tree are considered to be the best medicine.

472. **रुक्खंगं विणा ण को वि ओसही।**

वृक्ष के अंगों के बिना कोई भी औषधि निष्पन्न होना संभव नहीं है।

No medicine can be produced without the parts of the tree.

473. **पागदिगाहारो वि ओसहिव्व।**

प्राकृतिक आहार भी औषधि रूप है।

Natural (vegetarian) food is also considered medicinal.

कदाचार

474. **कयायारी अज्झेऊ वि मलिणो।**

कदाचारी अध्ययनशील होते हुए भी मलिन है।

An unrighteous person is wicked even if he is studious.

475. **दुट्ठायरो वि कयायारो।**

दुष्टों का आदर भी कदाचार है।

Honouring the wicked person is also bad conduct.

कन्या

476. **कण्णा-जणगो संवेयणसीलो।**

कन्या का जनक संवेदनशील होता है।

The father of a girl is warm hearted.

477. **भारदीय-सक्किदीए मंगला कण्णा।**

भारतीय संस्कृति में कन्या मंगल होती है।

In Indian culture, a girl is considered auspicious.

478. **उहयकुल-सोहा कण्णा।**

कन्या दोनों कुलों की शोभा है।

A girl is the beauty of both the families.

479. **कण्णासुण्णं गिहं हु पेम्मसुण्णं।**

कन्यारहित गृह ही प्रेम शून्य है।

Only a home without a girl is without love.

480. **विणा कण्णाए जणगो सया दुहं अणुहवदि।**

कन्या के बिना पिता सदा दु:ख का अनुभव करता है।

A father always feels pain without his daughter.

481. **पुप्फेण विणा वाडीगा तहा कण्णाए विणा गिहं।**

जैसे पुष्प के बिना वाटिका होती है वैसे कन्या के बिना घर।

Just as there is garden without flowers similarly home without a girl.

482. **कण्णा दाएज्ज सुजोग्गं वरं हु।**

कन्या सुयोग्य वर को ही देनी चाहिए।

A girl should only be given to an able bridegroom.

483. **पस्सेज्ज णवगुणा कण्णा-वरे।**

कन्या के लिए वर में नौ गुण देखने चाहिए।

Nine virtues should be seen in the bridegroom before giving away the girl.

484. **सुजोग्ग-कण्णाए सुजोग्गो वरो हु उचिदो।**

सुयोग्य कन्या के लिए सुयोग्य वर ही उचित है।

An able bridegroom is appropriate for an able girl.

485. **जहा कमलेण विणा तडागं ण सोहदे तहा कण्णाए विणा उच्छवो।**

जैसे कमल के बिना सरोवर नहीं शोभता है वैसे ही कन्या के बिना उत्सव।

Just as pond doesn't look beautiful without lotus similarly there is no prosperity in festivals without a girl.

कपटी

486. **सया दुही अणुज्जुयो।**

कपटी सदा दु:खी होता है।

A deceitful person is always sad.

487. **विउलणिहिं लहिय वि णो थिंपदि अणुज्जुयो।**

कपटी को यदि लोक की विपुल निधि भी मिल जाए तब भी वह संतुष्ट नहीं होता।

Deceitful is never contented even if he gets entire wealth of the world.

488. **अणुज्जुय-जाजगं सज्जणा उज्झेज्झ।**

सज्जन द्वारा कपटी याचक को त्याग देना चाहिए।

A deceitful petitioner should be given up by a virtuous person.

489. **अणुज्जुयणं मित्ती ण ठादि दीहकालादु।**

कपटी की मित्रता दीर्घकाल तक नहीं ठहरती।

Friendship of deceitful person cannot remain for a long time.

490. **णो जाणदि अणुज्जुयो सच्चमूलं।**

कपटीजन सत्य के मूल को नहीं जानते।

Deceitful people do not know the value of truth.

करुणा

491. **करुणाहीणा कट्ठथंभोव्व।**

करुणाहीन काष्ठ के स्तम्भ के समान है।

A merciless person is like a pillar of wood.

492. **करुणाहीणा महापुरिसा असंभवा।**

करुणाहीन महापुरुष असंभव हैं।

A merciless man can never be a great man.

493. **करुणासीलो विदियो भयवो।**

करुणाशील दूसरा भगवान् है।

A compassionate man is like another God.

494. **अइकरुणासीलाणं ण किं वि पियं।**

अतिकरुणाशीलों के लिए कोई भी वस्तु प्रिय नहीं होती।

Nothing is too dear to the compassionate people.

495. **करुणावंता संवेयणसीला।**

करुणावान् संवेदनशील होते हैं।

Compassionate men are sensitive.

कर्त्तव्य

496. **सवर-हिद-कज्जं कत्तव्वं।**

स्व-पर हितकर कार्य कर्तव्य है।

Benevolent work for self and others is one's duty.

497. **सुक्कमेहोव्व अदि गज्जंति कत्तव्वहीणा।**

कर्त्तव्य हीण मनुष्य शुष्क मेघ के समान अति गरजते हैं।

As dry clouds thunder similarly aimless people speak a lot.

498. **सव्वकम्मेसु पहाण-कत्तव्वं।**

सभी कार्यों में प्रधान कर्तव्य है।

Duty is chiefest of all works.

499. **कत्तव्वसीला हु महापुरिसा ण दु वत्ता मेत्तं।**

कर्तव्यशील महापुरुष होता है न कि मात्र वक्ता।

A man of duty is not only an orator, but a great man.

500. **विणा कम्मेण को लहदि कत्तव्वसुहं?**

बिना कर्म के कर्त्तव्य का सुख कौन प्राप्त करता है?

Without doing work, who can get the happiness of duty?

कर्त्ता

501. **जो करेदि सो खु भोत्तू।**

जो करता है वही भोक्ता है।

A person who is the doer is also the receiver or enjoyer.

502. **करेदि सो कत्तू।**

जो कार्य करता है वह कर्त्ता है।

A person who does work is the doer.

503. **पर-कत्तु-भावो खु दुक्ख-हेदू।**

पर का कर्ता भाव नियम से दु:ख का हेतु है।

Feeling of being a doer for others is surely the cause of grief.

504. **कत्तू भोत्तू णो भिण्णा।**

कर्त्ता और भोक्ता भिन्न नहीं है।

Doer and receiver are not different.

कर्म

505. **जीवाणं भवभमण-मूल-कारणं कम्माणि।**

जीवों के संसार भ्रमण का मूलकारण कर्म हैं।

Karma is the basic cause of transmigration of the worldly souls.

506. **अप्प-बंधण-णामं कम्मं।**

आत्मा के बंधन का नाम कर्म है।

Karma is bondage of soul.

507. **सव्वा-कम्मक्खयेण सिद्धगदी।**

सर्व आयु कर्म के क्षय होने से सिद्ध गति की प्राप्ति होती है।

Liberation is attained after destruction of all age determining karmas.

508. **अवस्समेव भुंजेज्ज किदं कम्मं सुहासुहं।**

कृत शुभ-अशुभ कर्म अवश्य ही भोगना पड़ता है।

One has to endure good or bad karmas done by him.

509. **विचित्तो हु कम्म-पहावो।**

कर्मों का प्रभाव विचित्र ही है।

Effect of karma is peculiar.

510. **जीवाणं भव-कारणं कम्मं।**

जीवों के भव (संसार) का कारण कर्म है।

The cause of transmigration of a soul is karma.

511. **विणा कम्मं णो भव-भमणं।**

बिना कर्म के भवभ्रमण असंभव होता है।

Transmigration is impossible without karma.

512. **अचिंता कम्मसत्ती।**

कर्म की शक्ति अचिन्त्य है।

Power of karma is inconceivable.

513. **सव्व-बलेसु कम्मबलं पहाणं।**

सब बलों में कर्मबल प्रधान है।

Power of karma is greatest in all powers.

514. **को चिंतदि कम्म-फलाणि?**

कर्म के फलों के बारे में कौन सोचता है?

Who thinks about the result of karmas?

515. **कम्म-भेयेण भेया खलु संसारीणं।**

कर्म के भेदों के अनुसार ही संसारी जीवों के भेद हैं।

Worldly souls are divided according to the types of karmas.

516. **तिव्वपाव-फलं पुण्ण-कम्म-कारणं वि।**

तीव्र पाप का फल पुण्यकर्म का भी कारण है।

Fruition of strong sins is also a cause of good deeds.

517. **संसारी सगकम्मेहि वट्टंते।**

संसार के जीव स्वकर्मवशात् वर्तन करते हैं।

Living beings transmigrate according to their karmas.

518. **सव्वजीवा स-किदकम्मफलं भुंजंते।**

सभी जीव स्वकृतकर्म का फल भोगते हैं।

All souls bear the fruits of their own karmas.

519. **कम्मेहिं णच्चंते जीवा लोयरंगे।**

जीव कर्म द्वारा लोक के रंगमंच पर नाचते हैं।

Souls dance on the stage of the world because of their karmas.

520. **णियकम्माणि सव्वदा समभावेण सोढव्वाणि।**

निजकर्मों को हमेशा समभाव से सहना चाहिए।

One should always endure his own karmas with

equanimity.

521. **णियमेण फलंते पुव्वकिदकम्माणि जोग्गकालागदे।**

यथायोग्य काल के आने पर नियम से पूर्वकृत कर्म फल देते हैं।

One always receive the fruit of karmas done formely when time comes.

522. **जह कुणदि तह भुंजदि।**

जो जैसा करता है वह वैसा भोगता है।

As you sow, so shall you reap.

523. **कम्म-लीला विचित्ता हु लोगे।**

लोक में कर्मों की लीला विचित्र है।

Karmas play a strange role in the world.

524. **वट्टमाण-जीवस्स परिणामो अणागयस्स कम्मफल-बीजं।**

वर्तमान काल के जीव के परिणाम भविष्य के लिए कर्मफल का बीज है।

Present feeling of the soul is the seed for the fruition of karmas in future.

525. **कम्मदिट्ठी अदिकूरा।**

कर्म की दृष्टि अतिक्रूर है।

Karma has a very malignant glance.

526. **पुव्वकम्मेहि जीवो जम्मदे।**

संसार में जीव पूर्वकर्म के अनुसार ही जन्म लेता है।

A soul takes birth according to his previous karmas.

527. **राय-दोस-भावेहिं कम्मबंधणं।**

कर्मों का बंध रागद्वेषमय भावों से होता है।

Karmas get bound with the fellings or thoughts of love and malice.

528. **जोगत्तय-पवित्तीए कम्मबंधो।**

योगत्रय की प्रवृत्ति से कर्मों का बंध होता है।

Karmas are bound with the tendency of three yogas (mind, body & speech).

529. **इन्दो वि ण सक्को कम्म-परिवट्टणे।**

इन्द्र भी कर्मों को अन्यथा करने में समर्थ नहीं है।

Indra is also not able to change karmas.

530. **णामकम्मे णट्ठे जीवो हु णिक्कलो।**

नामकर्म के नष्ट होने पर जीव निष्कल (शरीर रहित) हो जाता है।

When the physique making karmas get destroyed, the soul becomes bodyless.

531. **कम्मणुकूला हु लोगपवित्ती।**

कर्मानुसार ही लोगों की प्रवृत्ति होती है।

Activities of people are according to karmas.

532. **सया कम्मेहिं जणा लहंते रिद्धिं।**

मनुष्य सदैव कर्मों द्वारा ऋद्धि को प्राप्त करता है।

Only through karmas man is able to attain Riddhi.

533. **अहो कम्मस्स वक्क-गदी।**

अहो! कर्म की वक्र गति।

Oh! the motion of karma is curvilinear.

534. **कम्माणि विचित्ताणि जत्थ कुलेगुप्पण्णा वि भिण्णा।**

कर्म निश्चित ही विचित्र हैं जहाँ एक कुल में उत्पन्न लोग भिन्न-भिन्न होते हैं।

Karmas are surely strange where people born in one family are different.

535. **वट्टमाणे कम्म-किड्डुं जाणेदुं ण समत्थो को वि।**

वर्तमान में कर्मों की सम्पूर्ण क्रीड़ा जानने में कोई भी समर्थ नहीं है।

In the present time, no one can know whole play of karmas.

536. **सिद्धी होदि णिक्कंतस्स णो कत्तव्वहीणस्स।**

कर्म से निष्क्रान्त की सिद्धि होती है कर्त्तव्यविहीन की नहीं।

A person who leaves all worldly attachment gets liberation but not the slothful person.

537. **बुद्धीए किद-कम्माणि सेट्ठाणि।**

बुद्धि से किये गये कर्म श्रेष्ठ होते हैं।

Works done by intellect are best.

538. **सुहासुहकम्माणि फलत्थं कालमवेक्खंति।**

शुभ और अशुभकर्म फल के लिए काल की अपेक्षा रखते हैं।

Good and bad karmas give fruit according to time.

539. **जहा करेदि कम्मं तहा होदि माणवो।**

जैसा कर्म करता है वैसा मानव होता है।

As a man does, he becomes like that.

540. **बीयेण विणा किंचि वि णो जायदे।**

बीज के बिना कुछ भी उत्पन्न नहीं होता।

Nothing is produced without seeds.

541. **पसत्थकम्माणुट्ठाणं सया सुहंकरं।**

प्रशस्त कर्म का अनुष्ठान सदा सुखप्रद होता है।

Undertaking of auspicious karmas is always joyful.

542. **अहंकारजुदं कम्मं णिप्फलं।**

अहंकार से युक्त कर्म निष्फल या अनर्थकारी माना जाता है।

Work done in arrogance is considered useless or harmful.

543. **विदू वि णो जाणंति सव्वकम्माकम्माणि।**

सम्पूर्ण कर्म और अकर्म विद्वज्जन भी नहीं जानते।

Even the learned don't know about all actions & inactions.

544. **पयडीए अणुऊल-कम्मं सिज्झदि।**

प्रकृति के अनुकूल किया गया कर्म नियम से सिद्ध होता है।

Work done conformable to nature accomplishes surely.

545. **जीवस्स णियकम्मं हु सत्तू मित्तं वा।**

जीव का निजकर्म ही शत्रु या मित्र होता है।

Karmas done by the soul is its friend or enemy.

546. **अलंघणीया कम्म-गदी।**

कर्मों की गति अलंघनीय है।

Motion of karma is unsurpassable.

547. **सव्वजोगेसुं कम्म-जोगं विसिट्ठं।**

सभी योगों में कर्मयोग विशिष्ट है।

Karma yoga is distinctive in all yogas.

548. **कम्मेहिं णरा गुरू लहू वा।**

कर्मों से मनुष्य बड़े या छोटे होते हैं।

Man is considered great or small by his karmas.

549. **कम्मेण पण्णा फुट्टदि ण अकम्मेण।**

कर्म से प्रज्ञा स्फुटित होती है न कि अकर्म से।

Knowledge becomes evident by action not by

inaction.

550. **जीवं अणुधावदि कम्मफलं।**

कर्म का फल जीव के पीछे भागता है।

Fruition of karma chases the worldly soul.

551. **भवसुह-दुहाण कारणं एकमेत्तं कम्मं।**

भव के सुख और दु:ख का कारण एकमात्र कर्म है।

Karma is the sole cause of worldly pleasure and pain.

552. **अणाइकालेण जीवा कम्म-बंधणेहिं बद्धा।**

अनादिकाल से सभी जीव कर्मों के बंधन से बद्ध हैं।

All worldly souls are in the grip of karmas from beginnigless period.

553. **कम्म-बद्धजीवो संसारी तादु मुत्तो सुद्धो सिद्धो य।**

कर्मों से बंधा जीव संसारी है और उनसे मुक्त शुद्ध और सिद्ध।

Souls bonded with karmas are worldly souls and free form them are pure and emancipated.

कलत्र

554. **कलत्तं वि सुहासुह-णिमित्तं जणाणं।**

कलत्र (भार्या) भी लोगों के लिए शुभ या अशुभ का निमित्त है।

A woman is also the medium of being auspicious or inauspicious for the pepole.

555. **कलत्तं बंधणं संकलं विणा।**

स्त्री, बिना श्रृंखला का बंधन है।

Woman is a bond without chain.

556. **दुहं वि सुहं व कलत्तेण सह।**

कलत्र के साथ दु:ख भी सुख की तरह लगता है।

Sorrow also seems like joy with a woman.

कलह

557. **कलहेण विणस्सदि गेहं परिवारो समाजो वा।**

कलह से गृह, परिवार और समाज नष्ट होता है।

Home, family or society is destroyed by strife.

558 **परकलह-कारगेण कहं कल्लाणो संभवो?**

जो अन्यों के लिए कलह का कारण है उससे कल्याण कैसे संभव है?

How can welfare be possible with that which is the cause of strife for others?

कला

559. **कला सव्वत्थ पसंसणीया।**

कला सर्वत्र प्रशंसनीय होती है।

Art is always praiseworthy everywhere.

560. **पुरिसाणं बिसत्तरी इत्थीणं च चउसट्ठी कला।**

पुरुषों की बहत्तर तथा स्त्रियों की चौसठ कला होती हैं।

There are seventy two arts of men and sixty four arts of women.

561. **सव्वकलासु बे मुक्खा जीवियज्जया जीवतारणा य।**

सभी कलाओं में दो कला मुख्य हैं जीविकोपार्जनी तथा जीव को तारने वाली कला।

Two arts are chief in all arts-earning livelihood and welfare of the soul.

562. **कप्परुक्खच्चाए को कंखदि अण्णरुक्ख-पुप्फं?**

कल्पवृक्ष की पूजा के लिए कौन अन्य वृक्ष के पुष्प चाहता है?

Who wants the flowers of any other tree for worshiping (wish fulfilling tree) 'kalp vriksha'.

कल्याण

563. **सव्व-कल्लाणं चिंतेज्जा।**

सभी का कल्याण सोचना चाहिए।

Welfare of all should be thought of.

कवि

564. **कव्व-जणगो कवी।**

काव्य का जनक कवि है।

Father of poetry is poet.

565. **धम्म-णिरूवगो परमट्ठेण कवी।**

परमार्थ से वे ही कवि हैं जो धर्म के निरूपक हैं।

According to duty only that person is considered a poet, one who is an expounder of religion.

566. **सगकव्वेण थिप्पदि कवी।**

कवि अपने काव्य से संतुष्ट होता है।

Whether others are satisfied or not, a poet becomes contented with his own poetry.

567. **धम्मकव्वे समत्थो कवी कहं णिद्धणो?**

धर्म काव्य के करने में जो समर्थ है वह कवि निर्धन कैसे हो सकता है?

A poet who is able to compose religious poetry, how can he become poor?

568. **कवीणं कव्वं कत्तव्वपेरगं होज्ज।**

कवि की कविता कर्तव्यप्रेरक होनी चाहिए।

Poem of a poet should be inspiring to duty.

569. **कवी कप्पणा-आयासे उड्डदि।**

कवि कल्पना के आकाश में उड़ता है।

A poet flies in the sky of imagination.

570. **कव्वं सुदा कवी जणगो।**

कविता पुत्री है कवि जनक।

Poem is the daughter and poet is father.

571. **णाणी हि सुकवी।**

ज्ञानी ही सुकवि है।

Only a learned is a great poet.

कषाय

572. **जत्थ कसायुवसमणं तत्थ हु संती।**

जहाँ कषाय का उपशमन होता है वहाँ नियम से शान्ति होती है।

Where there is subsidence of passions, for sure there is tranquility.

573. **कोहाइ-कसायो-चेयणा-दाहग्गी।**

क्रोधादि कषाय चेतना की दाहक अग्नि है।

Anger and others passions are the burning fire of conscience.

574. **कसायवेगे मोणं धरेज्ज जिणगुणं चिंतेज्ज य।**

कषायों के वेग के समय में मौन धारण करना चाहिए और जिनेन्द्र भगवान् के गुणों का चिंतन करना चाहिए।

One should be silent at the time of intensity of passions and remember the qualities of jinendra Deva.

575. **बहुजणा वक्कपयडिजुत्ता कसायुव्वेगी य संपइ।**

वर्तमान में बहुत से लोग वक्रप्रकृति युक्त और कषायोद्वेगी होते हैं।

Many people are crooked and passionate in the present time.

काम

576. **कामो हु महारोयं संसारीणं।**

काम ही संसारी जीवों का महारोग है।

Lust is the heinous disease of worldly souls.

577. **परवत्थुं तिव्व-भोगेच्छा कामो।**

परवस्तु को भोगने की तीव्र आकांक्षा काम है।

Strong desire to enjoy others' possession is lust.

578. **कामासत्तो किं दुकम्मं णो कुणेदि।**

कामासक्त कौन सा दुष्कर्म नहीं करता?

Which sin in not done by a lustful person.

579. **कामभूदो खु गहीदमज्जादं लोवदि।**

कामभूत नियम से ग्रहीत मर्यादा का लोप करता है।

A lustful person does not care about his dignity.

580. **कामभोगेसु को रज्जदि विवेगी?**

कौन विवेकी कामभोगों में रत रहता है?

Which discerning person indulges in worldly pleasures?

581. **कामासत्तस्स णो का वि ओसही।**

कामासक्त की कोई भी औषधि नहीं है।

There is no medicine for lustful.

582. **कामसेवाए को थिप्पदि लोगे?**

लोक में कामदेव की सेवा से कौन तृप्त होता है?

Who becomes satisfied by the service of cupid in this world?

583. **कामो ण खणे वि करेज्ज आणाभंगं सगसासणस्स।**

काम एक क्षण भी स्वशासन की आज्ञा का उल्लंघन नहीं कर सकता है।

Even for a moment, lust cannot leaping over its rule.

584. **णागपासा विसयभोया।**

निश्चय से विषयभोग नागपाश है।

Worldly pleasure is a noose from ultimate point of view.

585. **कामी लहदि दुग्गदिं।**

कामी दुर्गति को प्राप्त करता है।

Lustful gets abejection.

586. **कामभोयेहिं ण कया वि संती।**

कामभोगों से कभी भी शान्ति नहीं मिलती।

No one gets tranquility from worldly pleasures.

587. **कामासत्ताणं विवेगसुण्णा पवित्ती।**

काम में रत लोगों की प्रवृत्ति विवेकशून्य है।

Actions of lustful people are imprudent.

588. **कामप्पा णो पसंसणीयो।**

कामात्मा प्रशंसनीय नहीं है।

Lustful soul is not worthy of praise.

589. **कामो विसय-पवट्टगो सत्तू।**

काम विषय प्रवर्तक शत्रु है।

Lust is an enemy which grows worldly pleasures.

590. **अदिकामो विरत्ति-कारणं।**

अतिकाम विरक्ति का कारण है।

Extreme lust is the cause of detachment.

591. **कामो जीवाणं अदिट्ठ-बंधणं।**

काम जीवों का अदृष्ट बंधन है।

Lust is the invisible bond of worldly souls.

592. **कामहीणो हु बंभजोगी।**

काम से हीन ही ब्रह्म योगी है।

A person free from lust and desires is a spiritual ascetic.

593. **कामासत्तो किं अणत्थं णो करेदि?**

कामासक्त क्या अनिष्ट नहीं करता?

Which harm is not done by the lustful?

594. **हासो विलासो वि कामंगं।**

हास्य और विलास भी काम का अंग है।

Laughter and luxurious life is also the part of lust.

595. **विण्णाणी णो सेवेज्ज कामं।**

विशिष्टज्ञानी को काम का सेवन नहीं करना चाहिए।

The learned shouldn't enjoy sensuous pleasures.

596. **कामो चिरजीवी चेयणा देहीणं।**

काम संसारियों के लिए चिरजीवी चेतना है।

Lust lives very long in the conscience of worldly souls.

597. **कामो मणोहरो भासदे।**

काम मनोहर दिखता है।

Lust seems delightful.

598. **कामणुधाविरा णियमेण विणस्संति।**

काम के पीछे भागने वाले नियम से नष्ट होते हैं।

People who run after lust, are surely destroyed.

599. **कामचागी पहुभत्तो।**
काम का त्यागी प्रभु का भक्त होता है।
The renouncer of lust is a devotee of God.

600. **सव्वजीवाणं कामो हु अणाइसत्तू।**
सभी जीवों का काम ही अनादि शत्रु है।
From beginnigless period, lust is the enemy of all creature.

601. **कामेण कामो णो उवसमदि जहा अग्गीए अग्गी।**
काम से काम उपशान्त नहीं होता जैसे अग्नि से अग्नि।
Lust is not pacified by lust as fire from fire.

602. **कामदप्प-दलणे विरला समत्था।**
काम दर्प के दलने में विरले ही समर्थ हैं।
Rare people are able to destroy lust.

603. **विवेगहीणो कामंधो।**
कामांध विवेकहीन होते हैं।
Those blind in lust are undiscerning.

604. **कामुगाणं णो भयं णो लज्जा।**
कामातुरों के लिए न तो भय है न लज्जा।
There is not fear and shame for the lustful.

605. **कामो कोहो णस्सदि विवेगं वेरग्गं च।**
काम और क्रोध विवेक व वैराग्य को नष्ट कर देता है।
Lust and anger destroy wisdom and detachment.

606. **उप्पज्जंति कामो कोहो रजोगुणादु।**
काम और क्रोध रजोगुण से उत्पन्न होते हैं।
Lust and anger are produced by the quality rajos.

607. **मज्जं व कामो अग्गिव्व कोहो।**

काम मद्य की तरह और क्रोध अग्नि के समान है।
Lust is like liquor and anger is like fire.

608. **गुणवगुणा णो पस्सदि कामी।**
कामी गुण और अवगुण को नहीं देखता।
Lustful doesn't discern between virtues and vices.

कामदेव

609. **अइ-रूववाणो लोगप्पसिद्धो कामदेवो।**
अतिशय रूपवान् लोकप्रसिद्ध को कामदेव कहते हैं।
World famous extremely handsome, is cupid.

कामना

610. **सग-इट्ठवत्थु-पत्तीए तिव्व-भावणा कामणा।**
स्व इष्ट वस्तु की प्राप्ति के लिए तीव्र भावना कामना है।
Desire is the strong feeling to get one's desired thing.

611. **णरा बहुकंख-जुदा।**
मनुष्य बहुत आकांक्षा युक्त होता है।
Man is full of desires.

612. **सव्वाणं पिय-कामो।**
सभी को आकांक्षा प्रिय होती है।
Desire is dear to everyone.

613. **कामपुंजो हु संसारो।**
संसार कामनाओं का ही पुंज है।
World is the accumulation of desires.

614. **आगासोव्व अणंत-कामा।**
कामनाएँ आकाश की तरह अनंत हैं।
Desires are infinite like the sky.

काय

615. **कायं हु रोयसप्प-बिलं।**

काय रोग रूपी सर्प का बिल है।

Body is the hole of a snake full of diseases.

616. **जलबुदबुदोव्व काया खणे हु णस्सदि।**

जल के बुदबुदे के समान काया किसी भी क्षण नष्ट हो जाती है।

Body can be destroyed at any moment like a bubble of water.

कायर

617. **सगलक्खणादो चुदि कापुरिसो।**

कायर पुरुष स्वलक्षण से च्युत हो जाता है।

A coward man strays from his own charateristics.

618. **दोस-भयेण ण कुव्वदि कम्मं सो कापुरिसो।**

दोषों के भय से जो कार्य नहीं करता वह कायर पुरुष है।

One who doesn't work from the fear of making mistakes is a coward man.

619. **'भग्गं सव्वं देदि' भणंति कापुरिसा।**

भाग्य सब कुछ देता है ऐसा कायर पुरुष कहते हैं।

Coward men say that we get everything because of fate.

कायोत्सर्ग

620. **परत्थादो देहादो य ममत्त-चागो काउस्सगो।**

पर पदार्थों से और देह से ममत्व त्याग व्युत्सर्ग/कायोत्सर्ग है।

Giving up affection attached to external substances and the body is kayotsarga.

कारण

621. **साहणतम-हेदू कारणं।**

साधनतम हेतु कारण होता है।

Cause is due to means.

622. **जहा हेदू तहा फलं लोगे।**

लोक में जैसा कारण होता है वैसा फल लोक में देखा जाता है।

Fruition seems according to the cause in the world.

कारुण्य

623. **दीणेसुं अणुग्गहभावो कारुण्णं।**

दीनों पर अनुग्रह भाव रखना कारुण्य है।

To show kindness to needy or wretched people is compassion.

कार्य

624. **कारणाणुसारेण हु कज्जं।**

कारण के अनुसार ही कार्य होता है।

Work happens according to reason.

625. **उव्वेगो सुकज्जेसु महाविग्घं।**

उद्वेग अच्छे कार्यों में महाविघ्न है।

Anxiety is a great obstacle in good deeds.

626. **जोग्ग-कज्जं उज्जमेज्ज।**

योग्य कार्य का उद्यम करना चाहिए।

Efforts should be made for worthy deeds.

627. **सुकज्जेहिं अज्जिदा कित्ती।**

कीर्ति सुकार्यों से अर्जित होती है।

Glory can be acquired by good deeds.

628. **कारणेण विणा णो कज्जं।**

कारण के बिना कार्य नहीं होता।

No work happens without reason.

629. **सुकज्जेसुं पवीणो कुसलो।**

जो अच्छे कार्यों में प्रवीण है वह नर कुशल है।

A person who is proficient in good deeds is an expert.

630. **अविआरियं कज्जं सव्वदा हु विफलं।**

अविचारित कार्य सर्वदा विफल ही होता है।

Thougtless karma is always fruitless.

631. **उहयकारण-जोगेण होदि कज्जं।**

उभय कारणों (अंतरंग और बहिरंग) के मिलने से नियम से कार्य होता है।

By associating both reasons (external & internal) work surely gets its fruition.

632. **विणा साहण-सामग्गीए कज्जं णो होदि।**

बिना साधन सामग्री के कार्य नहीं होता है।

No work can be done without means.

633. **णीदि-णिउणा सव्वदा इट्ठकज्ज-सिद्धिं वंछंति।**

नीति निपुण मनुष्य सर्वदा इष्टकार्य की सिद्धि चाहते हैं।

Tactful persons always want the fulfillment of desired work.

634. **विणा बहुपरिसमेण णो संपण्णो महाकज्जं।**

बिना महापरिश्रम के महान् कार्य सम्पन्न नहीं होता।

Great work cannot be done without great endeavour.

635. **सम्मगविआरगाणं किं कज्जं ण सिज्झदि।**

सम्यक्विचारवानों का क्या कार्य सिद्ध नहीं होता।

Which work is not fulfilled by those with real knowledge?

636. **कज्जं जाए विहीए संवण्णे समत्थो ताए विणा फलं ण देदि।**

जो कार्य जिस विधि द्वारा सम्पन्न होने में समर्थ है वह कार्य उस विधि के बिना फल देने में असमर्थ होता है।

That work which can be completed by a particular method is unable to give fruition without that method.

637. **सम्मजदेण कज्जं करेदि सो सिद्धिं लहेदि।**

जो सम्यक् यत्नपूर्वक कार्य करते हैं उन्हें कार्य में सिद्धि प्राप्त होती है।

People who works with right effort, get success in that work surely.

638. **बलिट्ठो हु गुरुकज्जे समत्थो संसारे।**

संसार में बड़े कार्य को बलवान् ही करने में समर्थ होते हैं।

Only strong people are able to do great work in the world.

639. **णियकज्जेसु संलग्गा पिपीलिया हु सेट्ठा ण मेत्तं उवदेसगो।**

निजकार्य में संलग्न चींटी ही श्रेष्ठ है न कि मात्र उपदेशक।

An ant engrossed in its own work is also great, not only the preacher.

640. **सुकज्जेसु विज्जदे अमियं।**

सुकार्यों में अमृत रहता है।

Nector is present in good deeds.

641. **सद्दा णाणं सुकम्मं च महप्पाणं लक्खणं।**

श्रद्धा, ज्ञान और सुकर्म महात्माओं का लक्षण है।

Faith, knowledge and good conduct are the symptoms of ascetics.

642. **सुकज्जेहिं महापुरिसो देदि सगपरिययं।**

सुकार्यों के द्वारा महापुरुष स्वपरिचय देता है।

Great man introduces himself by his good works.

643. **एगेण कारणेण णो सिज्झदि कज्जं।**

कोई भी कार्य एक कारण से सिद्ध नहीं होता।

No work gives fruition through a single cause.

644. **सगकज्जेहिं संतुट्ठो हु णो पवट्टदि इयरकज्जेसु।**

स्वकार्यों द्वारा संतुष्ट ही अन्य कार्यों में प्रवृत्त नहीं होता।

One who is satisfied by one's own work, doesn't interfere in others' works.

645. **जहा कम्मं तहा फलं भणिदं जिणागमे।**

जैसा कर्म वैसा फल ऐसा जिनागम में कहा गया है।

As you sow, so shall you reap, it is said in jina scriptures.

646. **लहुकम्मं वि सारभूदं जदि उक्किट्ठं।**

यदि उत्कृष्ट हो तो लघुकार्य भी सारभूत है।

Small works are also eminent if they are significant.

647. **सव्वदोस-रहिदं कज्जं दुल्लहं।**

सभी दोषों से रहित कार्य दुर्लभ है।

Faultless work is extremely difficult.

648. **सुकाले किदं कज्जं वरं।**

अच्छे काल में किया गया कार्य अच्छा माना जाता है।

Work done in auspicious time is considered to be good.

649. **एगचित्तेण कज्जं सफलं बेचित्तेहिं विणस्संति।**

एक चित्त का कार्य सफल होता है दो चित्तों से नष्ट हो जाता है।

Work become successful if done with concentration of heart and is destroyed by double mindedness.

650. **उवेक्खावित्ती कज्ज-विणासगा।**

उपेक्षावृत्ति कार्य की विनाशक है।

Tendency of negligence destroys work.

651. **सगकज्जं णो पियं कस्स?**

अपना कार्य किसको प्रिय नहीं होता?

Who doesn't like one's own work?

652. **मणंसी कज्जत्थी णो सुहं गणदि णो दुहं च।**

मनस्वी कार्यार्थी न सुख गिनता है और न दुःख।

Intelligent worker is not affected by joy and sorrow

कार्योपरान्त

653. **फलं लहिय को सिंचदि तरुं?**

फल को प्राप्त करके वृक्ष को कौन सींचता है?

Who waters the tree after getting its fruit?

654. **कज्जणंतरं कारणेण किं पयोजणं?**

कार्य के अनन्तर कारण से क्या प्रयोजन?

What is the use of cause after the work is done?

655. **णीरं पिवित्ता को पुच्छदि जादिं?**

पानी पीकर जाति को कौन पूछता है?

Who asks a person's cast after drinking water?

656. **गदो कालो ण पुण आयादि।**

जो काल चला गया वह पुनः लौटकर नहीं आता।

Time that has lapsed, never returns.

657. **कालो इच्छदि जीवं कहं णो जीवो तं।**

काल (मृत्यु) जीव को चाहता है जीव क्यों नहीं काल को चाहता?

Death likes living beings, why living beings don't like death?

658. **समयट्ठिदी मज्जादा वा कालो।**

समय की स्थिति या मर्यादा काल है।

Limitation or condition of time is specific period.

659. **काल-गदी दुग्गमा।**

काल की गति दुर्गम है।

Motion of time is inaccessible.

660. **भूद-वट्टमाण-अणागदो कालो तिविहो।**

काल के तीन भेद हैं यथा-भूत, वर्तमान तथा भविष्यकाल।

There are three division of time past, present and future.

661. **कालणुसारेण मिदू वि कक्कसो।**

काल के अनुसार मृदु भी कर्कश हो जाता है।

Soft also becomes harsh according to time.

662. **सज्जणा सुजोग्ग-काले सुजोग्गवत्थुं हु गहेज्ज।**

सज्जनों को सुयोग्य काल में सुयोग्य वस्तु ही ग्रहण करनी चाहिए।

Virtuous people should take suitable things in auspicious time.

663. **कालस्स बहुमाणं ण कुव्वदि सो सफलत्तं णो लहेदि।**

जो काल का बहुमान नहीं करता है वह श्रेष्ठ सफलता को प्राप्त नहीं करता है।

One who doesn't respect time, cannot achieve excellence.

664. **काल-णाणं सव्वेसु पहाणं।**

काल का ज्ञान सर्वज्ञानों में प्रधान है।

Of all knowledge, knowledge of time is the chiefest.

665. **समयणुसारेण कज्ज-कारगो हु णीदि-णिउणो।**

समय के अनुसार कार्य करने वाला नीति-निपुण कहा जाता है।

One who works according to the demand of time is called diplomatic.

666. **सुसमयं ण चुक्कंते कुसला।**

कुशलजन सुसमय को नहीं चूकते हैं।

The skilful don't miss good time.

667. **णो कालो कायो आऊ हु णस्संति।**

काल कभी भी नष्ट नहीं करता है काय और आयु ही नष्ट करती है।

Time never destroys but body and age do.

668. **कालणुसारेण णीदि-गाहगो सव्वत्थ सफलो।**

कालानुसार जो नीति को ग्रहण करता है वह सर्वत्र सफल होता है।

A person who grasps policy according to time is successful everywhere.

669. **कालेण संचिद-बहु-परमाणू वि होज्ज मेरू।**

काल के अनुसार संचितमान बहुत से परमाणु भी मेरू हो जाते हैं।

Many atoms collected also become Meru according to time.

670. **अणुऊल-समये अग्गिकणो वि महाजालारूवे वड्ढदे।**
अनुकूल समय प्राप्त होने पर अग्नि कण भी महा ज्वाला रूप में बढ़ जाता है।
A spark also become a big flame according to time.

671. **जहा कालो यादि तहेव धणं जीवणं जोव्वणं च।**
जैसे समय जा रहा है वैसे ही धन, जीवन और यौवन।
As time is passing so is wealth, life & youth.

672. **जम्मि सव्वाणं सुई विज्जदे तस्स कालस्स मुहु णमो।**
जिसमें सबकी स्मृति विद्यमान है उस काल को बार-बार नमस्कार हो।
We bow several times before such time where everyone's memory exists.

673. **काल-पहावो सव्वेसु जेट्ठो।**
काल का प्रभाव सबमें ज्येष्ठ है।
Affect of time is supreme in all.

674. **कालस्स वत्थुं णो अइभार-जुदं।**
काल के लिए वस्तु अतिभारयुक्त नहीं है।
Nothing is impossible for time.

675. **कालो णो कस्स वि बंधू।**
काल किसी का भी बंधु नहीं है।
Time is no one's friend.

676. **कालादो बहि णो किं वि कम्मं।**
काल से बाहर कोई कर्म नहीं है।
There is no work outside time.

677. **वत्थूणि सोहंति कालाणुसारेण।**
सभी वस्तुएँ काल के अनुसार ही शोभित होती हैं।
All things get adorned according to time.

678. **सव्व-कज्जेसुं सुसमयो हु महासाहगो।**
सभी कार्यों में सुसमय ही महान् सहायक है।
Good time is a great helper in all works.

679. **सुकाले सव्वं लहदि।**
अच्छे समय में मनुष्य सब प्राप्त करता है।
Man gets everything when good time exists.

680. **सव्वं पडि कालो मज्झत्थं।**
सभी के प्रति काल मध्यस्थ है।
Time is neutral towards everyone.

681. **कालो हु अपमत्तो।**
काल ही अप्रमत्त है।
Time is active.

682. **जलकल्लोलोव्व सव्वपज्जाय-कालादो उप्पज्जंति णिमज्जंति य।**
सभी पर्याय काल से उत्पन्न और विलीन होती हैं जलकल्लोल के समान।
All forms generate and destroy in time as waves in the ocean.

683. **सुह-दुह-फलजुदं सस्सं कालो हु कट्टदि।**
सुख-दुःख फल युक्त फसल को काल ही काटता है।
Time cuts the fruitful crop of joy & sorrow.

684. **कालणंतो थोवाऊ।**
काल अनन्त है और आयु थोड़ी।
Time is infinite and age is little.

685. **कालो णो कस्स वि पडिक्खदे।**
काल किसी की भी प्रतीक्षा नहीं करता।
Time wait for none.

686. **णो भूदो परिमिदो णो अणागदो।**

न तो भूत परिमित है न ही अनागत।

Neither past is limited nor future.

687. **संमुह-पत्तेग-खणो मेत्तं वट्टमाणो।**

सम्मुख संप्राप्त एक क्षणमात्र ही वर्तमान है।

Anything present which is attained in a moment only is present.

688. **णो कं वि छड्डदि कालो।**

काल किसी को भी नहीं छोड़ता।

Death leaves none.

काव्य

689. **रसजुत्त-ललिदक्खर-सद्द-पद-समूहो कव्वं।**

रसयुक्त ललित अक्षर शब्द पद का समूह काव्य कहलाता है।

A group of elegant and graceful alphabets words and verses is called poetry.

690. **सुकव्व-कहणे समत्थो कवी।**

सुकाव्य के कहने में समर्थ कवि है।

One who is able to recite good poetry is a poet.

691. **को ण णंदंति सरस-कव्वेण?**

सरस काव्य से कौन आनन्दित नहीं होता?

Who doesn't get delighted by a charming poem?

692. **धम्मणुमोयग-कव्वं सव्वकाले पसंसं।**

धर्मानुमोदिनी कविता सर्वकाल में प्रशंसनीय होती है।

Poetry which approves religion is commendable in all time.

693. **कव्वं कवि-जीवणं।**

काव्य कवि का जीवन है।

Poetry is the life of a poet.

694. **कविणो भावो हु कव्वं भासा होज्ज जा सा वा।**

कवि का भाव काव्य है भाषा यह हो या वह।

Feeling of poem is poetry, language may be one or other.

695. **अज्झप्प-कव्वं सेवदि सो लहेदि चेयणाणंदं।**

अध्यात्म काव्य का जो सेवन करता है वह चेतना के आनन्द को प्राप्त करता है।

One who appreciates spiritual poetry, attains the pleasure of conscience.

696. **बुभुक्खिदाण णो रुच्चदे कवित्तं।**

क्षुधातुरों को कविता अच्छी नहीं लगती।

Hungry men don't like poetry.

697. **जदा सुकवित्ते रज्जदि चित्तं तदा रज्जेण किं?**

जब सुकविता में चित्त लगता है तब उसका राज्य से क्या प्रयोजन?

What is the use of kingdom if one is interested in good poems?

698. **कला-विज्जाछंद-रसालंकाराइ-पुंजो कव्वं।**

काव्य कला, विद्या, छंद, रस, अलंकारादि का पुंज है।

Poem is the collection of art, knowledge, sentiments and figures of speech etc.

699. **कवी वि दुल्लहो लोए सुकवित्तं अदिदुल्लहं।**

लोक में कवि भी दुर्लभ है तब सुकविता तो अतिदुर्लभ है।

If a poet is difficult to find in the world then good poem is all the more difficult.

700. **कवित्तं वि अमियधारा जदि कल्लाणवड्ढगं।**

कविता भी अमृत की धारा है यदि वह कल्याणवर्धक हो।

Poem is also the stream of nector if it is for welfare.

701 **सुकव्वं देदि णंदं सुहं जसं च।**

सुकाव्य आनन्द, सुख और यश देता है।

Good poetry gives pleasure, joy and fame.

702. **सुकव्वं वि अमियं णाणीणं।**

ज्ञानियों के लिए सुकाव्य भी अमृत है।

Good poetry is also like nector for the learned.

703. **कव्वं रमणीयं हिदंकरं णेयं च।**

काव्य रमणीय, हितकर और ज्ञेय होता है।

Poetry is beautiful, benevolent & worth knowing.

704. **सुकव्वं णो सव्वत्थ सुलहं।**

सुकाव्य सर्वत्र सुलभ नहीं है।

Good poem is not easily obtainable everywhere.

कीर्तन

705. **इट्ठदेव-गुण-गायणं कित्तणं।**

इष्टदेव के गुणों का गायन कीर्तन है।

Singing the praises of favoured God is 'kirtan'.

कीर्ति

706. **कणय-कंता कित्ति-तण्हा य चदुगदि-कारणं।**

कंचन, कांता, कीर्ति, तृष्णा ये चतुर्गति का कारण हैं।

Wealth, woman, glory and endless desires are the cause of transmigration.

707. **णट्ठकित्ती णट्ठोव्व।**

जिसकी कीर्ति नष्ट हो गई है वह नर नष्ट के समान है।

That man is like dead person whose fame has been destroyed.

708. **मिदो वि जीविदो जस्स सुकित्ती विज्जदे।**

जिसकी सुकीर्ति विद्यमान है वह मृत भी जीवित है।

That dead person is also alive whose fame exist in the present.

कुजाति

709. **कुजादी हु णिंदणीय-जादी।**

निन्दनीय जाति कुजाति ही है।

Reprehensible caste is worse caste.

कुटिल

710. **णो सहंति धम्मिणो वि कुडिला।**

कुटिल व्यक्ति धर्मात्माओं को भी सहन नहीं कर सकते।

Crooked people cannot tolerate even holy personages.

711. **सहावेण कुडिला कहंपि णो सिज्झंते।**

जो स्वभाव से कुटिल पुरुष हैं वे किसी भी प्रकार से सीझते नहीं हैं।

People who are crooked by nature, can never be softened by any means.

712. **णाणा रूवजुत्ता कुडिला।**

कुटिल जन अनेक रूपों से युक्त होते हैं।

Devious people are endowed with many forms.

कुतर्क

713. **जरोव्व कुतक्क-वेगो।**

ज्वर के समान कुतर्क का वेग होता है।

Intensity of wrong reasoning is like fever.

कुदेश

714. कुदेसे णो वसेदु धण-लोहे।

धन के लोभ में कुदेश में वास नहीं करना चाहिए।

One should not live in a bad country in greed of money.

715. दुट्ठा वसंति जत्थ सो कुदेसो।

जिस क्षेत्र में दुष्ट रहते हैं वह कुदेश है।

Where wicked people live, is a bad country.

कुपात्र

716. जहा आम-मिदिगा-पत्ते खीरं विणस्सदि तहा कुपत्तदाण-फलं वि।

जैसे कच्चे मिट्टी के पात्र में रखा दूध नष्ट हो जाता है, वैसे ही कुपात्रों में दिया दान का फल नष्ट हो जाता है।

As milk kept in unbaked pitcher gets destroyed similarly donating to unworthy people destroys its fruit.

717. कुपत्ता कुधम्म-वड्ढगा।

कुपात्र कुधर्म के वर्धक होते हैं।

Unworthy people are the propgator of religion which is not the cause of welfare.

718. सायर-णित्थारिदुं णो समत्था सिला तहा कुपत्तो वि।

जैसे पत्थर की शिला सागर पार कराने में समर्थ नहीं होती है वैसे ही कुपात्र भी।

As rock is uncapable to cross the ocean likewise is the ease with unworthy also.

719. जत्थ कुपत्ता णो तत्थ सुदायगा।

जहाँ कुपात्र रहते हैं वहाँ सम्यग्दाता नहीं रहते।

Where unworthy people live, there is no true-do-nor.

720. जत्थ सम्मदिट्ठि-दाणी तत्थ णो कुपत्त-पहावो।

जहाँ सम्यग्दृष्टि दाता विपुलता से रहते हैं वहाँ कुपात्रों का प्रभाव नहीं होता है।

Where the right believer and donor live in great number there is no effect of the unworthy.

कुपुत्र

721. कुपुत्तादो अपुत्तो वरो।

कुपुत्र से पुत्र रहित श्रेष्ठ है।

Not having a son is better than an unworthy son.

722. कुपुत्तो जणगस्स परम-सत्तू।

कुपुत्र पिता का परम शत्रु है।

An unworthy son is the foe of his father.

कुमार्ग

723. कुमग्ग-गमणेण को लहदे इट्ठत्थं।

कुमार्ग पर गमन से किसको इष्ट अर्थ की प्राप्ति होती है?

Who can get his desired thing by following the wrong direction?

724. पाव-कारणं कुमग्गो।

जो पाप का कारण है वही कुमार्ग होता है।

That which is the cause of sin is the wrong path.

725. कुमग्गं णो गच्छंति सज्जणा।

जो नर कुमार्ग पर नहीं जाता वह सज्जन होता है।

That man who doesn't go in wrong direction is gentleman.

726. अण्णाणी सव्वदा गच्छदि कुमग्गं।

अज्ञानी सदा कुमार्ग पर जाता है।

An unwise person always goes in the wrong direction.

727. **णो वरं कुमग्ग-फलं।**

कुमार्ग का फल श्रेष्ठ नहीं है।

Fruition of wrong direction is not good.

कुल

728. **गुण-पसंसाए उच्चकुलं।**

गुण प्रशंसा करने से जीव उच्च कुल को प्राप्त करता है।

A transmigrating soul is born in a good family by his quality of praising others.

729. **सगदोसालोचणेण उच्चकुलं।**

अपने दोषों की आलोचना करने से व्यक्ति उच्च कुल को प्राप्त करता है।

A person is born in a good family by self criticization.

730. **सम्मणाण-दंसण-वेरग्ग-संजम-तवा य उच्चकुल-फलाणि।**

सम्यग्ज्ञान, दर्शन, वैराग्य, संयम और तप जो मनुष्य प्राप्त करता है वे उच्च कुल के फल हैं।

Right knowledge, perception, detachment, restraint and austerity which a person gains, are the result of being born in a high family.

731. **कोलीणेसु कयायारो दुल्लहो।**

उच्चकुल में उत्पन्न मनुष्यों में कदाचार प्रायः दुर्लभ है।

Bad conduct is difficult to see in those people who take birth in a good family.

732. **मोक्खाणुऊलायारो असंभवो णीयकुलेसु।**

जो पुरुष नीचकुल में उत्पन्न होते हैं उनमें मोक्षानुकूल आचार असंभव है।

Conduct leading to liberation is impossible in the people who take birth in low family.

733. **सयायार-णासगा णासंति कुलं।**

जो सदाचार को नष्ट करते हैं वे कुल को नष्ट करते हैं।

People who destroy ethics, destroy their clan.

734. **सुकुल-धम्म-मज्जादं ण मणंति ते अण्णाणी।**

जो सुकुल धर्म की मर्यादा को नहीं मानते हैं वे अज्ञानी हैं।

Those who don't believe in the reilgious dignity of high clan are unwise.

735. **णो उज्झंति सप्प-चादग-पासाण-सायर-मेहादी सगकुलमज्जादं कहं माणवो?**

सर्प, चातक, पाषाण, सागर, बादल आदि भी स्वकुल मर्यादा नहीं त्यागते हैं तो मनुष्य द्वारा अपने कुल की मर्यादा क्यों त्यागी जाती है?

Snake, pied cuckoo, rock, sea, clouds etc. don't give up the dignity of their own clan, then why do people give up their clan's dignity.

736. **कुलीणो णो चिट्ठदि अकुलीणेसु णिराउलदाए।**

कुलीन नर अकुलीनों के बीच निराकुलता से नहीं रहता।

Aristocratic person cannot live easily among low born people.

737. **सगपदी हु वरो कुलीणकण्णाए किं परेण?**

कुलवान् बाला के लिए अपना पति ही सर्वश्रेष्ठ होता है उन्हें पर पुरुष से क्या प्रयोजन?

For the girls of noble family their husband is foremost, then what purpose do they have with other men.

738. **परणिंदाए णीयकुलं।**

परनिंदा के परिणाम से जीव नीच कुल को प्राप्त करते हैं।

Soul takes birth in a low family if his thoughts

always censure others.

739. **विणयाणुसासण-मज्जादा-रहिदं णीय-कुलं।**

जिस कुल में विनय अनुशासन मर्यादा नहीं होती है वह नीच कुल है।

In that family where there is no dignity, discipline and custom, it is a low family.

740. **सयायारेण रक्खेज्ज कुलं।**

सदाचार द्वारा कुल की रक्षा करनी चाहिए।

One should protect the family by good conduct.

741. **किं महच्चं कयायारीणं सुकुलस्स वि?**

कदाचारियों के सुकुल का भी क्या महत्त्व?

What is the use of a high family, if people are of bad conduct?

742. **सुकुलं वि कुकुलं धम्ममज्जादा-लंघणेण।**

धर्म की मर्यादा का उल्लंघन करने से सुकुल भी कुकुल हो जाता है।

Good family also becomes bad by crossing the dignity of religion.

743. **सयायारेण जाणंति कुलाणि णाणी।**

ज्ञानी कुलों को सदाचार के द्वारा जानते हैं।

Learned know the families by their good conduct.

744. **जहा कुलं तहा वित्ती।**

जैसा कुल वैसी वृत्ति (प्रवृत्ति)।

As there is family so there is tendency.

745. **धणादु वरं मण्णंते कुलं णाणी।**

ज्ञानी धन से अधिक कुल को श्रेष्ठ मानते हैं।

Scholars consider family better than money.

कुलीन

746. **खीणपुण्ण-कुलीणो वि णो उज्झंति सग्गुणा।**

जिसका पुण्य क्षीण हो गया है ऐसा कुलीन भी सद्गुणों को नहीं त्यागता है।

An aristocrate whose merits has diminished doesn't give up virtues.

747. **आपत्तीए कुलीणाणं गुणा विसेसा दिव्वंते।**

आपत्तिकाल में कुलीनों के गुण विशेष दैदीप्यमान होते हैं।

Virtues of aristocrates bright specially at a time of adversity.

748. **विणयो सिट्ठायारो सयायारो य कुलीणेसु सहजा गुणा।**

कुलीनों में विनय, शिष्टाचार और सदाचार सहज गुण हैं।

Politeness, good behaviour and morality are the natural virtues of aristrocrates.

कुशल

749. **कुसला अज्जंति सफलत्तं कित्तिं च।**

कुशलजन सफलता और कीर्ति अर्जित करते हैं।

Learned gains success & fame.

750. **कुसलो कस्स वि अहिदं णो कंखदि।**

कुशल किसी का भी अहित नहीं चाहते।

Learned doesn't desire anyone's adversity.

कृतघ्न

751. **कयग्घो हु महापावी।**

कृतघ्न ही महापापी है।

Ungrateful person is heinous sinner.

752. **कयग्घा णिवारिदव्वा सज्जणेहिं।**

सज्जनों द्वारा कृतघ्नों का निवारण करना चाहिए।

Virtuous people should try to reduce ungrateful people.

753. **कयग्घो णो कया वि खमाभायगो।**

कृतघ्न कभी भी क्षमा का पात्र नहीं होता।

Thankless is never unforgivable.

754. **सीहो वि णो भक्खदि कयग्घ-मंसं।**

सिंह भी कृतघ्न का माँस भक्षण नहीं करता।

Lion also doesn't eat the meat of ungrateful person.

755. **बंभघादगो वि कयग्घो।**

ब्रह्मघातक भी कृतघ्न है।

Self-destroyer is also ungrateful person.

756. **कुत्थ पुण्णं सुहं जसं च कयग्घस्स?**

कृतघ्न के पुण्य, सुख और यश कहाँ?

Where is merits, happiness & fame for ungrateful person?

757. **कयग्घस्स णो किं वि पायच्छित्तं।**

कृतघ्न का कोई भी प्रायश्चित नहीं है।

There is no penance for ungrateful person.

कृतज्ञ

758. **सया कयण्णू हु सज्जणो।**

सज्जन सभी काल में ही कृतज्ञ होता है।

Virtuous person is always grateful.

759. **कयण्णू पुज्जो सव्वदा।**

कृतज्ञ सदा पूज्य होता है।

Grateful person is always venerable.

760. **कयण्णुणो उवयारं को ण कंखदि?**

कृतज्ञ का उपकार करने के लिए कौन नहीं चाहता?

Who doesn't want to favour the grateful person?

761. **कयण्णुदा सज्जणेसुं चिट्ठदि जहा खीरे सप्पी।**

कृतज्ञता सज्जनों में रहती है जैसे दूध में घी।

Gratitude exists in virtuous person as ghee in milk.

762. **सज्जण-पुप्फ-सुअंधोव्व कयण्णुया।**

कृतज्ञता सज्जन रूपी पुष्पों के सुगंध की तरह है।

Gratitude is like a fragrance of flowers of virtuous person.

कृति

763. **कत्तुणो रयणा हु किदी।**

कर्ता की रचना ही कृति है।

A work of creator is creation.

कृपण

764. **जुत्तकाले धणं ण विअदि किवणो।**

युक्तकाल में जो धन व्यय नहीं करता है वह कृपण है।

One who doesn't spend money in need is miser.

765. **किवणो वि महापावी ण भुंजदि ण देदि।**

कृपण भी महापापी है, न भोगता है न देता है।

Miser is also heinous sinner, he doesn't enjoy and give.

766. **किवणो संकिलेसे जीवदि।**

कृपण संक्लेश में जीता है।

Miser lives in affliction.

767. **किवणो उरालो य विवरीया जहा भूमी णहं च।**
कृपण और उदार परस्पर में विपरीत हैं जैसे पृथ्वी और आकाश।
Miser and generous are mutually opposite as earth & sky.

768. **किवणस्स धणं विणस्सदि जहा पंके जलं।**
कृपण के धन की दुर्गति होती है जैसे कीचड़ में जल।
Miser's money is waste as water in mud.

769. **किवणो सगधणं वि उवभुंजिदुं णो समत्थो।**
कृपण स्वधन का भी उपभोग करने में समर्थ नहीं है।
Miser is not able to enjoy his own money.

770. **किवण-धणं णिरत्थं।**
कृपण का धन निरर्थक है।
Miser's money is useless.

771. **किवण-सेवाए बे-फलाणि दुहं पच्छातावो य।**
कृपण की सेवा के दो फल हैं-दु:ख और पश्चाताप।
Serving a wise results pain and penance.

कृश

772. **को कंखदि मित्ती किसेण सह?**
कृश के साथ मित्रता कौन करना चाहता है?
Who wants to be a friend of a weak person?

773. **दुब्बलो वि णो सया दुब्बलो।**
दुर्बल भी सभी समय दुर्बल नहीं होता।
Position of weak never remains same.

कृषक

774. **किसीवलो हु महोरालो।**
कृषक ही महा उदार है।

Farmer is highly generous.

775. **जावइ पेम्मो किसीवलेसु तावइ दुल्लहो अण्णेसु।**
जितना प्रेम कृषकों में रहता है उतना प्रेम अन्य वर्ग में दुर्लभ है।
Love like farmers is rare in other classes.

776. **किसीवलुवेक्खगो देसुण्णदि-घादगो।**
कृषकों की उपेक्षा करने वाला देश की उन्नति का घातक है।
Person who neglects farmer, hinders the growth of the nation.

777. **सुहभावणा किसीवलाण सुभिक्ख-कारणं।**
कृषकों की शुभभावना ही सुभिक्ष का कारण है।
Good feelings of farmers is the cause of prosperity.

778. **किसीवल-पसूण-अट्टणाओ दुब्भिक्ख-कारणं।**
कृषकों और पशुओं का आर्तनाद ही दुर्भिक्ष का कारण है।
Cry of pain of farmers and animals is the cause of death.

779. **पक्खी णो वारेज्ज किसीवलो।**
कृषकों को पक्षियों का निवारण नहीं करना चाहिए।
Farmers shouldn't prevent the birds.

780. **परहिद-रदा किसीवला वि धण्णा।**
वे कृषक भी धन्य हैं जो परहित में निरत हैं।
Those farmers are blessed who are engrossed in the beneficence of others.

कृषि

781. **किसिव्व सुट्ठु णो ववसायो।**
कृषि के समान श्रेष्ठ अन्य व्यवसाय नहीं है।
There is no other business like agriculture.

782. **देसस्स मेरुदंडो किसी।**

देश का मेरुदण्ड कृषि ही मानी जाती है।

Agriculture is considered the backbone of any country.

783. **किसी पसुपालणं विज्जा कला वाणिज्जं च लोगजीवणाहारो।**

कृषि, पशुपालन, विद्या, कला और वाणिज्य लोकजीवन का आधार है।

Agriculture, factory farming, knowledge, art and business are the foundation of world life.

784. **जलं व किसी हु णरजीवणं।**

जल के सदृश कृषि ही मनुष्यों का जीवन है।

Agriculture is the life of the people like water.

785. **किसी पत्तलेहणं संचालणं पेम्मो वंदणं च सगमेव करेज्ज।**

कृषि, पत्रलेखन, संचालन, प्रेम और वंदना स्वयं ही करना चाहिए।

Agriculture, letter writing, administration, affection and adoration should be done by onself.

केवलज्ञान

786. **सव्व-दव्वाणं गुण-पज्जाया केवलणाणे विज्जंते।**

सर्वद्रव्यों की गुण पर्याय केवलज्ञान में रहती हैं।

Properties and forms of all substances exist in omniscience (complete knowledge).

787. **सव्वणाणेसु अइसेट्ठं केवलणाणं।**

सर्वज्ञानों में केवलज्ञान अतिश्रेष्ठ होता है।

Omniscience is the best knowledge among all knowledges.

क्रिया

788. **कत्तुणो कम्मं किरिया।**

कर्ता के कर्म को क्रिया कहते हैं।

Action of doer is called act.

789. **सम्म-किरियावंतो णाणी।**

सम्यक् क्रियावान् नर ज्ञानी होता है।

Right conducted is learned.

790. **कत्तु-करणेहि विणा असंभवा किरिया।**

कर्त्ता और करण के बिना क्रिया असंभव है।

Action in impossible without a doer and an instrument.

791. **कम्मफल-कारणं किरिया।**

कर्मफल का कारण क्रिया है।

Action is the cause of fruition of karmas.

792. **उचिदठाणे काले य किदा किरिया हु सफला।**

उचित स्थान और काल में की गई क्रिया ही सफल होती है।

Only an action done at the right place and time is successful.

793. **गुरुवयारेण विणा णो सफला का वि किरिया।**

गुरु के उपकार के बिना कोई भी क्रिया सफल नहीं होती।

No work can be successful without the blessings of one's teacher.

क्रोध

794. **कोहोव्व जीवाणं णो को वि सत्तू।**

क्रोध के समान जीवों का कोई शत्रु नहीं है।

There is no bigger enemy of the living beings than anger.

795. **जम्हा उप्पज्जदि तमेव डहदि कोहो।**

जिसमें क्रोध उत्पन्न होता है उसी को निश्चय से जलाता है।

Anger burns him only, in whom it generates.

796. **सवरताव-हेदू कोहो वेर-कारणं वि।**

क्रोध स्वपर ताप का हेतु है और बैर का भी कारण है।

Anger is the cause of enmity and suffering for self and others.

797. **कोहेण मित्ती विणस्सदि सत्तू वड्ढंते।**

क्रोध से मैत्री का नाश होता है और शत्रु बढ़ते हैं।

Anger destroys friendship and increases enemies.

798. **कोहेण कोहो ण खयदि जहा अग्गीए अग्गी।**

क्रोध से क्रोध नष्ट नहीं होता जैसे अग्नि से अग्नि।

Anger doesn't destroy anger, just as fire to fire.

799. **कोहं णासदि बोहं।**

क्रोध बोध को नष्ट करता है।

Anger destroys knowledge.

क्रोधी

800. **कोहीणं ण को वि मित्तं जहा अग्गिजाला।**

क्रोधियों का कोई भी मित्र नहीं होता जैसे अग्नि की ज्वाला।

Anger people have no friends just like the flames of fire.

801. **कोहीणं ण किं वि असंभवो।**

क्रोधीजनों के लिए कोई भी कार्य असंभव नहीं है।

Nothing is impossible for angry people.

802. **कोही लंघदि मज्जादं।**

क्रोधी मर्यादा का उल्लंघन करता है।

Hot tempered people cross the limits.

803. **कोही आगिसदि सव्वाणत्था।**

क्रोधी सभी अनर्थों को आकृष्ट करता है।

An angry person attracts all harmful things.

804. **कोहीणं कुत्थ मित्तं?**

क्रोधियों के मित्र कहाँ?

Angry people have no friends?

805. **इट्ठं णासदि अणिट्ठं पस्सदि कोही।**

क्रोधी इष्ट को नष्ट करता है और अनिष्ट को देखता है।

Angry person destroys desired things and gains evil things.

क्षणभंगुर

806. **लोए सव्ववत्थूणि खणधंसी।**

लोक में विद्यमान सभी वस्तु क्षणभंगुर ही मानी जाती हैं।

All things are mortal in the world.

807. **खणधंसी देहीणं जीवणं जोव्वणं च।**

संसारी जीवों का जीवन और यौवन क्षणध्वंसी है।

The life and youth of worldly beings is mortal.

808. **खणधंसी सहावेण आऊ देहं धणं बलं च।**

आयु, देह, धन और बल स्वभाव से ही क्षणध्वंसी है।

Age, body, wealth and strength are naturally mortal .

809. **चवलव्व खणधंसी देहं।**

मानव का शरीर बिजली के समान क्षणध्वंसी होता है।

Human body is mortal like the flash of lightening.

810. **परमप्प-बीय-णरदेहं कहं खणधंसी?**

परमात्मा का बीज मनुष्य का शरीर क्षणभंगुर क्यों होता है?

Why human body which is the seed of God is mortal?

811. **खणधंसी देहं परं गुणा सस्सदा।**

देह क्षणध्वंसी है किन्तु गुण शाश्वत।

The body is mortal but virtues are immortal.

क्षत्रिय

812. **सगपर-रक्खगो खत्तियो।**

जो स्वपर का रक्षक होता है वह ही क्षत्रिय होता है।

A person who is the protector of self and others is a kshatriya.

813. **णायपुव्व-जीवियज्जगो खत्तियो।**

जो न्यायपूर्वक आजीविका करता है वही क्षत्रिय होता है।

A person who earns fairly is kshatriya.

क्षुद्र

814. **खुद्दा णो जाणंति सवरहिदं।**

क्षुद्र नर स्वपर हित को नहीं जानते हैं।

Petty people don't understand benevolence of self and others.

815. **खुद्दा बंधु-सत्तु-रूवेण भेदं कुव्वंति।**

क्षुद्र, बंधु और शत्रु रूप से भेद करते हैं।

Low people discriminate among friends and enemies.

816. **खुद्दा सिग्घं खिज्जदि जहा अप्पजलजुद-सरोवरो।**

क्षुद्र शीघ्र ही खिन्न होता है जैसे अल्पजलयुक्त सरोवर।

Mean or low people get irritated fast just like pond with little water.

क्षुधा

817. **जिदछुहो अप्पजइयो।**

क्षुधा को जीतने वाले आत्मजयी होते हैं।

Conquerors of hunger are self conquerors.

818. **छुहा विणस्सदि सण्णाणं धम्मज्झाणं च।**

क्षुधा सम्यग्ज्ञान और धर्म ध्यान को नष्ट कर देती है।

Hunger destroys right knowledge & right concentration.

819. **छुहाउला उज्झंति धीरं बलं साहसं विवेगं च।**

क्षुधाकुल बालक धैर्य, बल, साहस और विवेक त्याग देते हैं।

Ravenous kids sacrifice patience, strength, bravery & prudence.

820. **अण्णं रुच्चदि तिव्वछुहाए।**

तीव्र क्षुधा में अन्न अधिक रुचता है।

Strong hunger makes the meal delightful.

821. **अइतिव्वछुहा बाल-बुड्ढाणं।**

बालकों और वृद्धों की क्षुधा अतितीव्र होती है।

Hunger of children and old people is unbearable.

क्षुभित

822. **महासत्तजुदो णो खिज्जदि।**

महासत्व से युक्त क्षुभित नहीं होते।

Courageous doesn't get exasperated.

क्षमा

823. **दीणत्तं सीहेसु खमा पण्णगेसु य णो विज्जदे।**

शेरों में दीनता और सर्पों में क्षमा नहीं होती है।

Lions don't have humility and snakes don't possess forgiveness.

824. **खमंति-खामयंति तरंति भवसायरं।**

जो क्षमा करते हैं तथा कराते हैं वे संसार सागर पार करते हैं।

People who forgive and get forgive they cross

the ocean of the world.

825. **खमा वीर-भूसणं।**

क्षमा वीर पुरुषों का आभूषण है।

Apology is an ornament of courageous man.

826. **बहुहा धम्माणुरायी खमासीलो।**

बहुधा धर्मानुरागी लोग क्षमाशील होते हैं।

Mostly, pious people are forgiving.

827. **खमासीलस्स का चिंता?**

क्षमाशील को क्या चिंता?

What is there to worry for a forgiving person?

828. **खमा महप्पाणं सहजगुणो जहा सप्पीए् सणेहत्तं।**

क्षमा महात्माओं का सहज गुण है जैसे घी में स्निग्धता।

Forgiveness is the natural virtue of ascetics as oiliness in ghee.

829. **खमाए् भूसदि पुरिसा जहा मणिणा सप्पो।**

क्षमा से पुरुष विभूषित होते हैं जैसे मणि से सर्प।

Men are adorned by forgiveness as snakes with jewel.

830. **खमासीला रयणं व दुल्लहा।**

क्षमाशील रत्न के सदृश लोक में दुर्लभ हैं।

Forgiving people are very rare in the world as jewel.

831. **खमा-सत्थेण विणस्सदि वेरं।**

क्षमा रूपी शस्त्र से शत्रुता का नाश होता है।

Enmity is destroyed by the weapon of forgiveness.

832. **खमव्व ण को वि गुणो।**

क्षमा के समान कोई भी गुण नहीं है।

There is no virtue like forgiveness.

833. **सव्वं खमेदुं समत्था मुणी।**

सभी को क्षमा करने में मुनि समर्थ होते हैं।

Ascetics are able to forgive everyone.

गंधोदक

834. **जलं हु गंदोदयं जिणचरण-फासेण।**

जिन चरण के स्पर्श से जल गंधोदक हो जाता है।

Water becomes Gandhodak by touching feet of lord jina.

835. **गंदोदयं सुह-परिणाम-णिमित्तकारणं।**

गंधोदक शुभ परिणामों का निमित्त कारण होता है।

Gandhodak is the field cause of auspicious thoughts.

836. **गंदोदयं रोय-सोग-भय-दुह-हारग-हेदू।**

गंधोदक रोग, शोक, भय और दु:ख को हरने वाला हेतु है।

Gandhodak is the medium of destroying diseases, grief, fear and pain.

गंभीरता

837. **गंभीरिमं पहुत्त-लक्खणं।**

गाम्भीर्य प्रभुता का लक्षण है।

Profoundness is the symptom of greatness.

गति

838. **कम्मेण हु उच्च-णीय-गदी।**

कर्मवश ही जीव उच्च और नीच गति प्राप्त करता है।

Soul get high and low transit according to karmas.

839. **जहा मदी तहा गदी अंते।**

अन्तकाल में जिसकी जो मति होती है उसकी वही गति होती है।

At the time of death, one gets the same transit as he thinks.

गन्तव्य

840. **विणा खलेण चलदि सो गंतव्वं लहदि।**

बिना च्युत हुए जो चलता है वह गन्तव्य प्राप्त करता है।

One who moves without deviating, attains the aim.

गर्हा

841. **सग-दोस-णिंदणं गरहा।**

अपने दोषों की निन्दा करना गर्हा है।

Censure to own vices is 'Garha' (confessing before the master).

गीत

842. **वणमिग-चित्तहारगं सेट्ठ-गीदं।**

वही गीत उत्तम माना जाता है जो वन के मृग का चित्त हर लेता है।

Song which steals the heart of deer in forest is considered best.

गुण

843. **अउचित्तं गुणो सव्वेसुं पहाणो।**

औचित्य गुण सर्वगुणों में प्रधान है।

Propriety is chief in all virtues.

844. **चेयणं सिंगारेज्ज गुणेहि णो देहस्स मेत्तं।**

गुणों से चेतना का श्रृंगार करना चाहिए, देहमात्र का श्रृंगार मत करो।

Conscience should be adorned by virtues, don't adorn the body only.

845. **गुणा णो विणस्संति कया वि।**

गुण कदापि नष्ट नहीं होते हैं।

Virtues are never destroyed.

846. **गुणा सव्वत्थ पुज्जंते।**

गुण सर्वत्र पूजे जाते हैं।

Virtues are worshipped everywhere.

847. **गुणा गुणीहिं हु पुज्जंते।**

गुण गुणवानों के द्वारा ही पूजे जाते हैं।

Virtues are adored by virtuous people.

848. **गुणसेट्ठो लोए जेट्ठो।**

गुणों में श्रेष्ठ लोक में ज्येष्ठ है।

One who is best in virtues is eldest in the world.

849. **सरलदा सहजदा वि चेयणाए महागुणा।**

सरलता सहजता भी चेतना के महान् गुण माने जाते हैं।

Simplicity and naturality are also considered the great virtues of conscience.

850. **दोसेण विणा ण पुज्जा गुणा।**

दोषों के बिना गुण पूज्य नहीं होते।

Virtues are not venerable without vices.

851. **दोस-मज्झे गुणा पयासंति।**

दोषों के मध्य में गुण प्रकाशित होते हैं।

Virtues get brightened among vices.

852. **जिणगुणा गायदि सो सुट्ठु कंठो।**

वह ही श्रेष्ठ कण्ठ माना जाता है जो जिनेन्द्र के गुण गाता है।

Throat which eulogise Lord jinendra, is considered the best.

853. **सव्वणरेसु सुगुणकंखा होज्ज।**

सभी मनुष्यों में सुगुणों की आकांक्षा होनी चाहिए।

People should have desire of virtues.

854. **एगंततो ण किं वि वत्थुं सव्वगुणदोस-हीणं।**

एकान्तत: कोई भी वस्तु सर्वगुण-दोष हीन नहीं है।

Nothing is without virtues and vices from one side.

855. **सव्वत्थ पुज्जंते गुणा तत्तो गुणी वि।**

चूंकि गुण सर्वत्र पूजे जाते हैं इसीलिए गुणीजन भी।

Virtues are worshipped everywhere so virtuous people also.

856. **णो भासंति बहुगुणेसुं अप्पदोसा।**

बहुत गुणों में अल्पदोष नहीं दिखते।

Little faults doesn't seem in more virtues.

857. **पेम्मे गुणा णो वत्थुम्मि मेत्तं।**

गुण प्रेम में है न कि मात्र वस्तु में।

Virtue is in love, not only in thing.

858. **गुणेहिं गारवं ण वयेण।**

गुणों से गुरुता आती है न कि आयु से।

Superiority comes by virtues not by age.

859. **गुण-गुणीसु पूआठाणं ण दु भेसं वयं च।**

गुण गुणियों में पूजास्थान होते हैं न कि वेश और उम्र में।

Worship places are in virtues & virtuous people, not in dress and age.

860. **गुणो अणुराय-हेदू णो दोस-कारणं।**

गुण अनुराग का हेतु है न कि द्वेष का कारण।

Virtues are the cause of affection not of hate.

861. **गुण-धम्म-विहीणाणं जीवणं विफलं।**

गुण और धर्म हीनों का जीवन ही विफल है।

Life of vice and unrighteous people is fruitless.

862. **जदेज्ज गुण-गहणे आडंबरेहिं कि?**

गुण ग्रहण करने के लिए प्रयत्न करना चाहिए, आडम्बरों से क्या प्रयोजन?

Efforts should be done for apperciating virtues, what is the purpose of vanity?

863. **गुणेहिं गारवं ण उच्चासणेण।**

गुणों से गुरुता होती है न कि उच्चासन है।

Superiority comes from virtues, not by high sitting.

864. **गुणा सव्वत्थ पुज्जंते ण दु गुणहीण-कुलं।**

गुण सर्वत्र पूजे जाते हैं न कि गुणहीन कुल।

Virtues are worshipped everywhere, not families without virtues.

865. **दूरत्थ-सज्जणाणं वि गुणा पुज्जा ण दु णियड-गुणहीणाणं।**

दूरस्थ सज्जनों के भी गुण पूज्यनीय हैं कि निकटस्थ गुणहीनों के।

Virtues are venerable of remotely situated virtuous people also, not of neighbouring vice people.

866. **एगठाणे सव्वगुणा णो चिट्ठंति जहा तारगा पुप्फगंधं च।**

एक स्थान पर सभी गुण नहीं रहते हैं जैसे तारे और फूलों की सुगंध।

All qualities don't exist at one place as stars & fragrance of flowers.

867. **रुक्खोव्व भिण्णा गुणा पुरिसाणं।**

प्रत्येक वृक्ष के समान पुरुषों के गुण भिन्न होते हैं।

Every man has different quality like every tree.

868. **सज्जणाणं गुणं पस्सेज्ज ण दु चम्म-वण्णं।**

सज्जनों के गुण देखने चाहिए न कि चमड़ी का वर्ण।

Virtues should be seen of virtuous people, not the skin colour.

869. **गुणी महप्पाणं गुणा माणंति।**

गुणीजन महात्माओं के गुणों का आदर करते हैं।

Virtuous people respect the virtues of saints.

870. **गुणेहिं भूसदि रूवो।**

गुणों से रूप विभूषित होता है।

Appearance become graceful by virtues.

871. **गुणुवेक्खाए विउल-धणं वि णो णंद-कारणं।**

गुणों की उपेक्षा से विपुल धन भी आनन्द का कारण नहीं होता।

By neglecting virtues, ample money can't be the cause of pleasure.

872. **एगो गुणो वि ढक्कदि सयलदोसा जहा कत्थूरी।**

एक गुण भी सकल दोषों को ढक देता है जैसे कस्तूरी।

One virtue can cover the whole vices as musk.

873. **गुणहीणदाए णिल्लज्जिमा जीवे।**

गुणहीनता जीव में निर्लज्जता पैदा करती है।

Vices generate impudence in a person.

गुणी

874. **गुणि-मज्झे उववसिदि भासदि गुणी।**

गुणीजनों के मध्य जो बैठता है वह गुणी भासित होता है।

One who sits among virtuous people seems virtuous people.

875. **गुणी गुणेसुं णिज्झंति।**

गुणीजन गुणों से प्रीति करते हैं।

Virtuous people love virtues.

876. **दोसा ण पस्सदि गुणत्थी।**

गुणार्थी दोषों को नहीं देखता।

Desirous of virtues doesn't see vices.

877. **दाणच्चण-तव-सील-जुत्तो कहं णो गुणी?**

दान, अर्चना, तप, शील से युक्त गुणी कैसे नहीं होता है?

A person who is endowed with charity, adoration, penance and decent character is virtuous?

878. **सुगुणी णिंददि णियदोसं परगुणं पसंसदि।**

सुगुणी हमेशा अपने दोषों की निंदा और परगुण प्रशंसा करता है।

Virtuous people always censure their own faults and praise others' virtues.

879. **गुणी दुहे वि उवयरदि।**

जो गुणयुक्त मनुष्य है वह दु:ख के काल में भी उपकार ही करता है।

Virtuous people show kindness at the time of sufferings too.

880. **गुणहीणो लहू गुणपुण्णो य वरो।**

गुणहीन लघु तथा गुणों से पूर्ण श्रेष्ठ माना जाता है।

People without virtues are considered to be inferior and those with virtues are considered to be the most eminent.

881. **जत्थ गुणवंतो माणणीयो सो कुलो वि जहा पंके पउमं आयारे वज्जं च।**

जिस कुल में गुणवान् पैदा होता है वह कुल माननीय हो जाता है जैसे कीचड़ में कमल और खान में हीरा।

The family in which a virtuous person takes birth becomes venerable just as lotus in mud and diamond in mine.

882. **अप्पगुणी वि सोहदि गुणि-संगेण।**

गुणियों के संसर्ग में अल्पगुणी भी शोभित होता है।

Even the less virtuous people get adorned because of the company of good people.

883. **गुणी गुणेहिं दिप्पदि लोगे।**

गुणी गुणों द्वारा लोक में चमकते हैं।

Virtuous people shine in the world because of their virtues.

884. **गुणी हु विणयसीला।**

गुणीजन ही विनयशील होते हैं।

Only virtuous people are courteous.

885. **सगकल्लाणत्थं गुणिं वंदेज्ज सया।**

स्वकल्याणार्थ गुणीजन की सदा वंदन करना चाहिए।

Homage should be paid to virtuous person for selfwelfare.

886. **गुणी गुणणुरत्तो य दुल्लहा सव्वलोयम्मि।**

गुणी और गुणानुरागी सर्वलोक में दुर्लभ हैं।

Virtuous and affectionate people are rare to find in the entire world.

गुप्ति

887. **मण-वयण-काय-गोवणं असुहजोग-णिवित्ती वा गुत्ती।**

मन-वचन-काय का गोपन अथवा अशुभयोग की निवृत्ति गुप्ति है।

Protection of mind, words and body or removal of unauspicious voilition is 'gupti'.

गुरु

888. **गुरुं विणा सिक्खा दुल्लहा।**

बिना गुरु के शिक्षा दुर्लभ है।।

Education is difficult to attain without a preceptor.

889. **अकारणेण हु पप्पोदि गुरु-दयादिट्ठी।**

गुरु की दयादृष्टि अकारण ही प्राप्त होती है।

Merciful sight of preceptor is obtained unaccountably.

890. **गुरुं विणा को णासेज्ज अण्णाणंधं?**

गुरु के बिना अज्ञान तम को कौन नष्ट कर सकता है?

No one can destroy the darkness of ignorance without preceptor.

891. **गुरु-णेहेण हु वंछा पुण्णा।**

गुरु के स्नेह से सभी इच्छाएँ पूर्ण होती हैं।

He who is dearest to his preceptor, his all wishes are fulfilled.

892. **ण विज्जालाहो गुरु-सेवाए विणा।**

बिना गुरु की सेवा के विद्या का लाभ नहीं होता है।

Knowledge cannot be attained without service to preceptor.

893. **कुपह-णासगं गुरु-वयणं।**

गुरु वचन कुपथ के नाशक होते हैं।

Words of preceptor are the destructor of wrong paths.

894. **किं ण होदि गुरु-सेवाए?**

गुरु सेवा से क्या नहीं होता है?

What doesn't happen by service to preceptor?

895. **परमत्थमग्गे ठावगो गुरू हियंकरो।**

जो परमार्थ के मार्ग में स्थापित करता है वही गुरु हितकारक है।

One who leads on the path of transcendental is the well wisher of precrptor.

896. **तच्च-बोहगो वि गुरुव्व।**

जो कोई भी तत्त्वबोध देता है वह गुरु के समान ही माना जाता है।

One who gives knowledge of truth is considered to be a preceptor.

897. **णिग्गंथ-गुरुभत्ती तिलोयम्मि दुल्लहा।**

निर्ग्रन्थ गुरुभक्ति तीन लोक में दुर्लभ है।

Adoration of digamber (naked) saints is difficult to find in all the three worlds.

898. **परमट्ठेण गुरू हु सरणं।**

परमार्थ से एकमात्र गुरु ही शरण है।

Preceptor is the only shelter from ultimate point of view.

899. **गुरुं विणा को वि णो लहेदि पहु-देव-धम्म-सरणं।**

बिना गुरु के किसी भी मनुष्य को प्रभु (राजा), देव और धर्म की शरण प्राप्त नहीं होती।

A person cannot attain shelter of king, God and religion without preceptor.

900. **परमट्ठेण गुरू भगवो दंतो खंतो संतो मंतविद्दो दयाजुदो सुसीलो वयधरो पर-अत्थेहिं महाविरत्तो होज्ज।**

परमार्थ से गुरु भगवान्, जितेन्द्रिय, क्षमावान्, शान्त, मंत्रविद्, सर्व जीवों के प्रति दयायुक्त, सुशील, व्रतधारी, परपदार्थों से महा विरक्त रूप होना चाहिए।

From ultimate point of view a preceptor should be learned, conqueror of senses, forgiving, peaceful, knower of sacred verse, virtuous pious and detached.

901. **गुणेहिं गुरू हु गुरू।**

जो गुणों से गुरु (भारी) रूप होता है वह ही गुरु होता है।

Only, who has great virtues is a preceptor.

902. **परमट्ठेण पंचहा गुरू।**

परमार्थ से गुरु के पाँच भेद होते हैं।

There are five kinds of preceptor from ultimate view point.

903. **अरिहा सिद्धाइरियुवज्झाया साहू हि गुरू।**

अरिहंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और साधु ही गुरु हैं।

Only Arihanta (destroyer of destructive karmas) Siddha (pure soul), Acharya, Upadhyaya and saints are preceptor.

904. **जहाजादा दियंबरा गुरू विसेसेण संसार-सरीर-भोगेहिं परम-विरत्ता।**

जो गुरु यथाजात दिगम्बर होते हैं वे विशेष रूप से संसार, शरीर, भोगों से परम विरक्त होते हैं।

Saints who are Digamber, they are detached from world, body and enjoyment.

905. **आइरिय-उवज्झाय-साहु-परमेट्ठी कलिकाले भगवोव्व।**

आचार्य, उपाध्याय और साधु परमेष्ठी कलिकाल में भगवान् रूप माने जाते हैं।

Acharya, Upadhyaya and sadhus are considered as God in this 'kali kal'.

906. **सिद्धा तित्थयराण पच्चक्खगुरू अण्ण-सामण्णाण परोक्खगुरू।**

सिद्ध, तीर्थंकरों के प्रत्यक्ष गुरु तथा अन्य सामान्य जीवों के परोक्ष गुरु होते हैं।

Siddhas are the direct preceptor of teerthankars and indirect preceptor of all other creatures.

907. **अरिहा सिद्धा हु भगवंता।**

अरिहंत सिद्ध ही भगवान् रूप होते हैं।

Arihant and siddhas are God.

908. **गुरुं विणा को वि सगलक्खं ण लहेदि।**

बिना गुरु के कोई जीव अपने लक्ष्य को प्राप्त नहीं करता।

No one can achieve one's aim without a preceptor.

909. **विज्जं कलं णाणं देदुं समत्थो हु तस्स खेत्तस्स गुरू।**

विद्या, कला, ज्ञान देने में समर्थ श्रेष्ठ नर ही उस क्षेत्र का गुरु है।

Only the person best in providing education, art and knowledge is the preceptor at that place.

910. **सिस्स-हिद-मग्गे गुरू हु परमणिमित्तं।**

शिष्य के हित के मार्ग में गुरु ही परम निमित्त होता है।

Effect of language and meal can be seen in speech.

2208. **भावहीणं भासणं णिरत्थं जहा मुत्तिहीणा सिप्पी सद्दहीणो संखो वा।**

भावहीन भाषण वैसा ही निरर्थक है जैसे मोती से विहीन सीप और शब्दहीन शंख।

Feelingless speech is meaningless like shell without pearl and conch shell without sound.

भाषा

2209. **भासा सगभाव-पडिणिही।**

भाषा स्वभावों की प्रतिनिधि है।

Language is the representative of nature.

2210. **हिंदि-सक्कद-पागदभासा गंगा-जमुणा-सरस्सदिव्व।**

हिन्दी, संस्कृत और प्राकृतभाषा गंगा, यमुना और सरस्वती के समान हैं।

Hindi, Sanskrit and Prakrit languages are like Ganga, Yamuna and Saraswati.

2211. **जहा मादु-दुद्धं विणा सिसु-देहो अपुट्ठो तहा भासाए विणा सक्किदी।**

जैसे माता के दूध के बिना बालक की देह अपुष्ट होती है वैसे भाषा के बिना संस्कृति।

Like child is unnourished without the mother's milk, similar is culture without language.

2212. **जहा कंतेण विणा कंता तहा पागदं विणा सक्कदा।**

जैसे पति के बिना पत्नी होती है वैसे प्राकृत के बिना संस्कृत भाषा।

Sanskrit without Prakrit is like wife without husband.

2213. **कप्पलदव्व सक्कदं असोग-रुक्खोव्व य पागदभासा।**

कल्पलता के समान संस्कृत भाषा है और अशोकवृक्ष के समान प्राकृत।

Sanskrit is like fulfillment tree and Prakrit is like ashoka tree.

2214. **पागदा सक्कद-भासाहारो।**

प्राकृत भाषा संस्कृत भाषा का आधार मानी जाती है।

Prakrit is considered the base of sanskrit.

2215. **पागद-सक्कद-हिंदि-कण्णड-उद्दु-आइ-भासा भारदिय-सक्किदीइ पाणोव्व।**

प्राकृत, संस्कृत, हिन्दी, कन्नड़, उर्दू आदि भाषा भारतीय संस्कृति के प्राण रूप मानी जाती हैं।

Language like Prakrit, Sanskrit, Hindi, Kannad, Urdu etc. are considered the life of Indian culture.

2216. **णेउणं सच्चवादिदा य भासाए जाणेज्ज।**

निपुणता और सत्यवादिता भाषा द्वारा जानी जाती है।

Deftness and truth is known by language.

2217. **बहुभासाविदो सहाए आयरं लहदि।**

बहुभाषाविद् सभा में आदर प्राप्त करता है।

Multilingual is respected in the assembly.

भीरुता

2218. **धि थूलदेह-भीरु-चित्तं।**

स्थूल शरीर वाले भीरु मन को धिक्कार है।

Shame on fearful heart with thin body.

2219. **जम्मि चित्तम्मि ण भीरुदा पावेहिं तम्मि संती कुत्थ?**

जिस चित्त में पापों से भीरुता नहीं है उसके चित्त में शान्ति कहाँ?

Where is peace in his heart, whose heart doesn't fear from sins?

2220. **भीरू हु कत्तव्वठिदो।**

भीरुजन ही कर्त्तव्य में स्थिर होता है।

Only fearful is determined in his work.

भृत्य

2221. **सरल-सहज-संत-सेवासीलो हु भिच्चो।**

सरल, सहज, शान्त, सेवाशील ही भृत्य माना जाता है।

Simple, natural, calm devotee is a servant.

2222. **पुण्ण-समप्पिदो अदिविस्ससणीयो परिवारजणोव्व भिच्चो हु हिदंकरो सेवगो।**

पूर्ण समर्पित अतिविश्वसनीय परिवार के सदस्य के समान जो भृत्य (नौकर) होता है वह हितकर सेवक है।

Servant who is committed and trust worthy like a family member is a benevolent servant.

2223. **अलसरहिदो साहसी उज्जमी विणयी विवेगी य भिच्चो पियंगरो।**

आलस्यरहित, साहसी, उद्यमशील, विनयी, विवेकशील, नौकर ही प्रियंकर होता है।

Servant who is energetic, bold, active, courteous & discerning is dear.

2224. **कत्तव्वसीलो सामिणो मणोभावाणुगामी हु आयंसो भिच्चो।**

जो नौकर कर्त्तव्यशील तथा स्वामी के मनोभावों का अनुगामी है वह लोक में आदर्श भृत्य माना जाता है।

Servant who is conscientious and follower of his owner, is consider a noble servant in the world.

2225. **सुभिच्चो सगसामिणो सक्कारा ण उज्झदि।**

सच्चा भृत्य अपने स्वामी के सुसंस्कारों को नहीं त्यागता है।

True servant doesn't sacrifice his owner's morals.

2226. **जहत्थ-सेवगो सच्चवायि-सामिभत्तो धम्मपेम्मी य भिच्चो दुल्लहो।**

यथार्थसेवक, सत्यवादी, स्वामीभक्त और धर्मप्रेमी (कर्त्तव्य प्रेमी) भृत्य दुर्लभ है।

Genuine, truthful, devoted and dutiful servant is difficult to find.

2227. **भिच्चो सारभूदो होज्ज णो भारभूदो।**

भृत्य सारभूत होना चाहिए भारभूत नहीं।

Servant should be valuable not a burden.

2228. **बहुकयग्घा भिच्चादु एगो कयण्णू सुट्ठु।**

बहुत सारे कृतघ्न भृत्यों से एक कृतज्ञ भृत्य श्रेष्ठ है।

A thankful servant is better than many thankless servants.

2229. **जहा सामी सहावो तहा भिच्चाणं वि।**

जैसा स्वामी का स्वभाव होता है वैसा ही भृत्यों का भी।

As the nature of owner so is of servant too.

2230. **सामी सगभिच्चं पीडदि सो सगं घादेदि।**

जो स्वामी अपने भृत्य को पीड़ित करता है वह अपना घात करता है।

Owner who gives pain to his servant he harms himself.

भेदनीति

2231. **सुट्ठु पुरिसा भेयणीदी ण सोहदि।**

अच्छे पुरुषों को भेदनीति नहीं शोभती है।

Divide and rule policy doesn't suit virtuous people.

2232. **भेयबुद्धी पेम्म-घादगा।**

भेदबुद्धि प्रेम की घातक है।

Spirit of dissension is the destroyer of affection.

भोग

2233. **सव्वदा भुंजमाणं मेरुव्व कोसं वि झिज्जदि।**

हमेशा भोगते रहने पर मेरु के समान कोष भी क्षीण हो जाता है।

Even treasure like mount meru gets diminished from always enjoying pleasures.

2234. **बलिट्ठा हु थि-णिहि-संति-सत्ती य भुंजेज्ज।**

बलिष्ठ लोगों के द्वारा ही स्त्री, निधि, शान्ति और शक्ति भोगी जाती है।

Woman, wealth, peace and power is endured by strongest people.

2235. **जं भोत्तुं ण को वि समत्थो तं फलं णो मण्णदे।**

जिसको भोगने में कोई भी समर्थ नहीं होता वह फल नहीं माना जाता है।

That is not considered fruit which cannot be enjoyed by anyone.

2236. **सव्वत्थ ण भोया हेया किंतु णिस्सीमाकंखा हेया।**

भोग सर्वथा हेय नहीं होते हैं किन्तु उसकी निस्सीम आकांक्षा हेय है।

Worldly pleasures are not always despicable but its endless desire is despicable.

2237. **भोयो रोयजोगाण कारणं।**

भोग रोग और योग का कारण है।

Enjoyment is the cause of disease and meditation.

2238. **भोयाणं णियमेण वियोगो।**

भोगों का नियम से वियोग होता है।

Worldly pleasures gets seperated surely.

2239. **भोयादु हु पुण्णं झिज्जदि।**

भोग भोगने से नियम से पुण्य क्षीण होता है।

Merits surely diminish from enjoying worldly pleasures.

2240. **विणा तिव्व-पुण्णोदयेण मणोणुऊल-भोयो असंभवो।**

तीव्र पुण्योदय के बिना मनोनुकूल भोग असंभव है।

Desired enjoyments are impossible without rise of intense merits.

2241. **पडिऊल-वत्थूणि समभावेण-भुंजणेण पावं णिज्झरदि।**

प्रतिकूल वस्तुओं को समताभाव से भोगने से पाप क्षीण होता है।

Sins diminish from enjoying adverse things with equanimity.

भोजन

2242. **भयणेण विणा भोयणं णो रुच्चदे धम्मप्पाणं।**

धर्मात्माओं को भजन के बिना भोजन नहीं रुचता।

Pious people don't like food without hymns.

2243. **जं धम्म-कारणं तं सुट्ठु भोयणं।**

जो धर्म का कारण है वही श्रेष्ठ भोजन माना जाता है।

Food which is the cause of religion is considered best.

2244. **भोयणेण विणा भयणं साहणा कत्तव्व-पालणं च असंभवो।**

भोजन के बिना भजन, साधना और कर्त्तव्य पालन असंभव है।

Adoration, penance and obeying duty is impossible without food.

2245. **जदा खुम्मेज्ज तदा भुंजेज्ज।**

जब बुभुक्षा लगे तभी भोजन करना चाहिए।

When there is appetite then only food should be taken.

2246. **गिहत्था दिवसस्स बेवेलाए भुंजेज्ज।**

गृहस्थ दिन की दो बेलाओं में भोजन करे।

House holder should take food twice in a day.

2247. **कुभावेहिं सह णो भुंजेज्ज।**

कुभावों के साथ भोजन नहीं करना चाहिए।

Food should not be taken with bad feelings.

2248. **कुभावणा भोयणं कुच्छिदं कुणेदि।**

कुभावना भोजन को कुत्सित करती है।

Wicked feelings make the food base.

2249. **दाणं विणा अमियभोयणं वि विसोव्व गिहत्थाणं।**

गृहस्थों के लिए दान के बिना अमृत-भोजन भी विष के समान है।

Without donation, nector is also like poison for householders.

2250. **दाणेण अक्खीणं भोयणं।**

भोजन, दान से अक्षीण होता है।

Food become imperishable by giving it.

2251. **विणा भोयणदाणेण मत्तं सद्देण कस्स वि उयरं णो पूरदि।**

बिना भोजनदान के मात्र शब्ददान से किसी का पेट नहीं भरता।

Without giving food by talking only, no one's stomach gets filled.

2252. **जो भोयणं ओसहिव्व णो भुंजदि सो ओसहिं भोयणव्व भुंजेदुं बद्धो।**

जो औषधि की तरह भोजन नहीं करता है वह औषधि को भोजन के समान खाने के लिए बद्ध होता है।

He who doesn't take food as medicine he has to take medicine as food.

2253. **भोयणे जहा भत्ती तहा रसो।**

भोजन में जैसी भक्ति वैसा रस।

As there is devotion so there is taste in the meal.

2254. **जेहिं भावेहिं भोयणं दादि भुंजेदि पस्सदि तहा पहावो दिस्सदि।**

जैसे भावों से भोजन देता है, करता है और देखता है वैसा प्रभाव भोजन में दिखता है।

Feeling by which meal is given, taken and seen the same effect is seen in the meal.

2255. **विणा गुड-लवण-गोरसेहिं भोयणं मिदव्व।**

गुड़, नमक और गोरस के बिना भोजन मृत कहलाता है।

Food is called insipid without sugar, salt and milk etc.

भ्राता

2256. **भादुं पेक्खिय पसण्णो णो होदि सो भादुरूवेण सत्तू।**

जो भाई को देखकर प्रसन्न नहीं होता वह भाई के रूप में शत्रु है।

He who doesn't become happy seeing his brother, is an enemy in the form of brother.

2257. **सगकुलहिदेसि-भादु-उण्णदीए सहजोगं करेज्ज।**

उस भ्राता की उन्नति में सहयोग करना चाहिए जो स्वकुल का हित चाहता है।

One should help in the progress of that brother who wants good of his family.

मंगल

2258. **जेण पावं गलदि तं मंगलं।**

जिस कारण से पाल गलता है उसको मंगल कहा जाता है।

By which sins melt is bliss.

2259. **मंगल-कारणं हु मंगलं।**

मंगल का कारण ही मंगल होता है।

Cause of bliss is bliss.

2260. **दाणेण दायग-जाचगाण मंगलं होदि।**

दान से दाता और याचक का मंगल होता है।

By donation auspiciousness is possible of both donator and petitioner.

2261. **सगमंगलं को ण कंखदि?**

कौन अपना मंगल नहीं चाहता है?

Who doesn't want his good?

2262. **सव्वाणं मंगलं कंखदि महापुरिसो।**

महापुरुष सभी के मंगल की वांछा करता है।

Great man desires well-being for everyone.

2263. **विग्घं णट्ठेदुं मंगलं करेज्ज।**

विघ्न नष्ट करने के लिए मंगल किया जाता है।

Good should be done for destroying obstacles.

2264. सवर-मंगलं णो कंखदि सो ण धम्मप्पा।

जो स्वपर मंगल नहीं चाहता वह धर्मात्मा नहीं है।

One who doesn't think of self and other's welfare is not religious.

2265. चउविहं मंगलं णाम-ठवणा दव्वं भावो य।

मंगल चार प्रकार का है-नाम, स्थापना, द्रव्य और भाव।

Mangal is of four types-Name, placing, substance & quality.

2266. कालो खेत्तं वि मंगलं।

काल और क्षेत्र भी मंगल हैं।

Time and place are auspicious too.

मंत्री मण्डल

2267. विवेकहीणो सइवो संपुण्ण-देस-घादगो।

विवेकहीन सचिव (मंत्री) सम्पूर्ण देश का घातक है।

Undiscerning minister is the destroyer of country.

2268. मंतिमंडलेण विणा णो को वि सुट्ठु आयंसो वा राया।

मंत्री मण्डल के बिना कोई भी श्रेष्ठ या आदर्श राजा नहीं होता।

No king is eminent and noble without the cabinet.

2269. जहा देहेण विणा पाणो ण जीवदि तहा रायेण विणा मंतिमंडलं।

जैसे देह के बिना प्राण जीवित नहीं रहते वैसे ही राजा के बिना मंत्रीमण्डल।

As there are no vitalities without body, there is no cabinet without king.

2270. मंतिमंडलं राय-चेयणाए देहो।

मंत्री मण्डल राजा रूपी चेतना का देह है।

Cabinet is the body of soul of king.

2271. मंतिमंडलं रायरूव-सेणिगस्स अत्थ-सत्थाणि।

मंत्री मण्डल राजा रूपी सैनिक का अस्त्र-शस्त्र है।

Cabinet is the weapon of soldier of king.

2272. मंतिमंडलं रायस्स जीविदो सुट्ठु दुग्गो।

मंत्रीमण्डल राजा का जीवित श्रेष्ठ दुर्ग है।

Cabinet is the best living fort of a king.

2273. जदि राया अण्णायं करेदि मंतिमंडलं ण तस्स विरोहदि तदा उहया हु समरूवेण अवरद्धो।

यदि राजा अन्याय करता है और मंत्रीमण्डल उसका विरोध नहीं करता तब दोनों ही समान रूप से अपराधी हैं।

If king does wrong and cabinet doesn't oppose him then they are equally faulty.

2274. रज्जविहवो मंतिमंडलं च राया-सरिदाए सुदढ-तडोव्व।

राज्यवैभव और मंत्रीमण्डल राजा रूपी नदी के सुदृढ़ तट के समान हैं।

Royal majesty & cabinet are like firm banks of the river of king.

मति

2275. कुडिला वक्का य मदी पंचमयाले बहु-णराणं।

पंचमकाल में बहुत से मनुष्यों की कुटिल और वक्र मति होती है।

Many people have crooked and sinful minds in the fifth period.

मधु-मांस-मद्य

2276. दयाधम्मो णो कयावि मंसासिण-चित्ते।

माँसभक्षियों के चित्त में दया धर्म कदापि नहीं होता।

There is no mercy in the heart of non-vegetarians.

2277. महु-मंस-मज्जादो जस्स णिवित्ती सुगदिं हु तस्स।

जिसकी मधु-माँस-मद्य से निवृत्ति है उसकी सुगति निश्चित है।

Who escapes from honey, meat and wine his good condition is sure.

2278. महु-मंस-मज्जं भुंजदि सो अहमो।

जो मधु-माँस-मद्य का सेवन करता है वह अधम नर है।

One who takes honey, meat and wine is wretched.

2279. बुद्धी विणस्सदि मज्ज-सेवणेण।

मद्य सेवन से बुद्धि नष्ट हो जाती है।

Mind gets destroyed by drinking liquor.

2280. महु-मज्ज-मंससेवणं अमाणुसिवित्ती।

मधु-मद्य और माँस सेवन अमानुषी वृत्ति है।

Having honey, liquor and meat is inhumane tendency.

2281. णो महु-मज्ज-मंसं जीवघादेण विणा।

मधु-मद्य और माँस जीवघात के बिना नहीं होते हैं।

Honey, liquor and meat doesn't exist without killing organisms.

2282. मंसासिणो कया वि णो लहदि सिवं।

माँसाहारी कभी भी मोक्ष प्राप्त नहीं करते हैं।

Carnivorous can never get liberation.

मन

2283. विचित्ता हु मणो वित्ती।

मन की वृत्ति विचित्र होती है।

Tendency of heart is peculiar.

2284. मणोभावा जाणेदुं कुसलो हु चदुरो।

मन के भावों को जानने में कुशल ही चतुर है।

One who is expert in knowing heart's feelings is clever.

2285. मणो णंददि दुक्खाणि विणस्संति।

जब मन आनन्दित होता है तब सर्व दु:ख नष्ट हो जाता है।

When heart is blissful then all sorrows get destroyed.

2286. पुण पुण मणो विवरीद-कज्जं करेदि।

मन पुन: पुन: विपरीत कार्य करता है।

Heart does opposite work again and again.

2287. णो मणोसुद्धी तस्स णिरत्था अण्ण-सुद्धी।

जिसकी मन शुद्धि नहीं है उसकी अन्य शुद्धि निरर्थक है।

Other purities are useless for him whose heart is not pure.

2288. मणो वि णाणस्स खाओवसमिओ भावो।

मन भी ज्ञान का क्षायोपशमिक भाव है।

Mind is also a disposition of destruction cum-suppression of knowledge.

2289. असण्णी णो कल्लाणपत्तं।

बिना मन वाले कल्याण के पात्र नहीं होते।

Irrational beings are not able to get welfare.

2290. **सुमणो देहसारो जहा रुक्खसारो सुमणं।**

अच्छा मन देह का सार है जैसे वृक्षों का सार सुमन है।

Good heart is the essence of body as tree's essense is flower.

2291. **मणो इंदियाणं राया।**

मन इन्द्रियों का राजा है।

Mind is the king of senses.

2292. **मणोजिदो हु इंदिय-जिदो।**

मन को जीतने वाला ही इन्द्रिय विजयी है।

Victor of heart is a conqueror of senses.

2293. **मणं भिण्णं कज्जं भिण्णं।**

मन से भिन्न होने से कार्य भिन्न दिखता है।

Many minds many works.

2294. **जदा मणो खिज्जदि तहा इंदियाणि कज्जं करेदुं असमत्थाणि।**

जब मन क्षुब्ध होता है तब इन्द्रियाँ कार्य करने में असमर्थ होती हैं।

When mind is restless then senses are unable to do work.

2295. **जहा भंगतडजुदा सरिदा वहदि तहा असंजमी मणस्स विट्टी।**

जैसे तटों को भंग कर सरिता बहती है वैसी ही असंयमी के मन की प्रवृत्ति होती है।

As shoreless river flows similar is the tendency of unrestrained.

मनस्वी

2296. **सुमणव्व हु मणंसी जहा सुमणं देवोवरि अप्पिदं होदि वणे-भूमोवरि वा।**

मनस्वी पुरुष सुमन के समान ही होते हैं जैसे सुमन या तो देवता के सिर पर रखे जाते हैं या वन में भूमि पर अर्पित हो जाते हैं।

Intellectual people are like flowers, flowers are either rendered on the head of god or entrusted on the earth.

2297. **मणंसी ण उज्झदि सगमज्जादं।**

मनस्वी पुरुष अपनी मर्यादा नहीं त्यागता।

Wise man never crosses his limits.

2298. **कत्तव्वं वंछदि मणंसी णो सुहं दुहं।**

मनस्वी सुख दु:ख नहीं अपितु कर्त्तव्य की वांछा करता है।

Ideal man desires for duty not joy and sorrow.

2299. **मणंसी पडिऊलदं सहदि ण मज्जादुल्लंघणं।**

मनस्वी प्रतिकूलता सहन करता है न कि मर्यादा का उल्लंघन।

Intellectual person tolerates adversity, not crosses the limits.

मनुष्य भव

2300. **भवेसु माणुसो अदिदुल्लहो।**

सभी भवों में मनुष्यभव अति दुर्लभ है।

Human life is very difficult to get in all lives.

2301. **अदिपुण्णेण जीवो लहदि माणुस-भवं।**

अतिपुण्य से जीव मनुष्यभव प्राप्त करता है।

Worldly soul gets human life by merits.

2302. **णरजम्मो मुत्तीए।**

मनुष्य जन्म मुक्ति के लिए है।

Human life is for getting liberation.

महात्मा

2303. **महप्पाणं अचिंत-धीरिमो।**

महात्माओं की धीरता अचिन्त्य होती है।

Great soul's patience is unimaginable.

2304. **सव्वखेमंकरा महप्पाणं धम्मदेसणा।**

महात्माओं की धर्मदेशना सभी के लिए क्षेमंकर होती है।

Preachings of great soul is auspicious for all.

2305. **कामदुहव्व महप्पाण आसी।**

कामधेनु के समान महात्माओं का आशीर्वाद होता है।

Blessing of great souls is like the cow of plenty.

2306. **सिग्घं फलदि महप्पुवयारो।**

महात्माओं का उपकार शीघ्र ही फलित होता है।

Beneficence of great souls become fruitful soon.

2307. **सम्मत्त-णाण-वयाइ-महप्पकुडुंबं।**

सम्यक्त्व-ज्ञान-व्रतादि महात्माओं का कुटुम्ब है।

Right perception, knowledge and conduct etc. are the family of great souls.

महापुरुष

2308. **विणा छत्तेण ण छाया तहा महापुरिसं विणा णो सरणं।**

जिस प्रकार बिना छत्र के छाया नहीं होती है उसी प्रकार बिना महापुरुष के शरण नहीं मिलती।

As there is no shadow without canopy similarly there is no shelter without great man.

2309. **महापुरिसाणं पदिट्ठा हु सेट्ठा णो वित्तं जीवणं च।**

महापुरुषों की प्रतिष्ठा ही श्रेष्ठ होती है धन और जीवन नहीं।

Prestige of great men is the most eminent not wealth or life.

2310. **बहुकलाजुत्तचंदोव्व महापुरिसगुणा।**

जिस प्रकार चन्द्रमा बहुत सी कलाओं से युक्त होता है वैसे ही महापुरुष के गुण।

As there are many phases of moon similarly virtues of great man.

2311. **लहूणं जोग्गं कज्जं महापुरिसेण णो करिज्जदि।**

लघु पुरुषों के योग्य कार्य महापुरुषों को नहीं करना चाहिए।

Great men shouldn't do the work which is worthy of lowly people.

2312. **महापुरिस-जोग्गं कज्जं लहूणं ण करेज्ज।**

महापुरुषों द्वारा योग्य कार्य लघुपुरुष को नहीं करना चाहिए।

Lowly people shouldn't do the work which is worthy of great man.

2313. **महापुरिसो सव्वं कल्लाणमग्गस्स पेरदि।**

महापुरुष सबको ही कल्याणमार्ग की प्रेरणा देते हैं।

Great man is an inspiration for the way of welfare for all.

2314. **णाणा-कट्ठं सहिदूणं वि ण उज्झंति सुकज्जाणि महापुरिसा।**

महापुरुष नाना कष्ट सहन करके भी अच्छे कार्य को नहीं छोड़ते।

Even after bearing pains, great men don't leave good works.

2315. **महापुरिसाणं मज्झत्थ-भावो वि जणाणं ताव-कारणं।**

महापुरुषों का माध्यस्थ भाव भी लोगों के संताप का कारण है।

Indifference of great men is the cause of anguish for the people.

2316. **रयणेसु मालिण्णं हु णस्सदि सहजेण तहा महापुरिसाणं वि।**

जैसे रत्नों पर विद्यमान मलिनता सहज ही नष्ट हो जाती है वैसे ही महापुरुषों की भी।

As dirt of jewels get destroyed naturally similar are of great men also.

2317. **सुह-दुक्खेसु वि महापुरिसस्स चेट्ठा पाय समाणा।**

सुख-दु:ख में भी महापुरुषों की चेष्टा प्रायश: समान ही होती है।

Activities of great men are generally alike in joy and sorrow.

2318. **को ण वंछदि महापुरिस-दंसणं?**

महापुरुषों के दर्शन कौन नहीं चाहता?

Who doesn't want to have a vision of great souls.

2319. **महापुरिसस्स अंतरकरण-पवित्ती लोगेसणाहीणा।**

महापुरुष के अन्त:करण की प्रवृत्ति लोकेषणा विहीन ही होती है।

Inner tendency of great man is devoid of desire of worldly pleasures or glory.

2320. **सव्वजीवाणं पोसणं रक्खणं च महाजणाणं रुच्चदे।**

सभी जीवों का पोषण और रक्षण महापुरुषों को अच्छा लगता है।

Great man like nourishment and protection of all living beings.

2321. **बहिरेण अदि-लुक्ख-महापुरिसो वि अंतरेण अदि-मिदू सहजो सरलो।**

बाहर से अति रूक्ष दिखने वाले महापुरुष भी अन्तरंग से अतिमृदु सहज और सरल होते हैं।

Even great man seem very harsh from outside but are very soft, natural and simple internally.

2322. **महापुरिसाण हत्थ-दाणेण भालं पंचगुरुभत्तीए मुहं सच्चवयणेण हिदयं सुद्धभावेण कण्णा धम्मसत्थ-सवणेण चरणा तित्थवंदणेण य सफला महापुरिसाणं।**

महापुरुषों का हाथ दान से, मस्तक पंचगुरुभक्ति से, मुख सत्य वचन से, हृदय शुद्धभाव से, कर्ण धर्मशास्त्र श्रवण से, पैर तीर्थ वंदना से सफल होते हैं।

Hands of great men become significant from donation, forhead from adoration of five parmeshthis, mouth from true words, heart from pure feelings, ears from listening to scriptures and legs from going on pilgrimage.

2323. **रुक्ख-पासाण-मिदिगा-जल-पवण-अग्गि-आयासुवयारो ससीमो किंतु महापुरिसस्स असीमो।**

वृक्ष, पाषाण, मिट्टी, जल, वायु, अग्नि, आकाश का उपकार सीमित होता है किन्तु महापुरुष का उपकार निस्सीम होता है।

Kindness of trees, stone, soil, water, air, fire and sky is limited but kindness of great man is unlimited.

2324. **पणभूद-किदुवयारो लोगिगो किंतु अलोगिगो वि महापुरिसेणं।**

पंचभूतों से कृत उपकार लौकिक होता है किन्तु महापुरुष से कृत उपकार अलौकिक भी होता है।

Kindness shown by five elements is worldly but kindness shown by great man is transcendental.

2325. **धणे णिम्मदो णाणे णदो जोव्वणे गंभीरो पभुत्ते वि उम्मत्तो य महापुरिसो।**

धन होने पर भी निर्मद, ज्ञान होने पर भी विनम्र, यौवन होने पर भी गंभीरता, प्रभुत्व होने पर भी उन्मत नहीं होता वह महापुरुष है।

One who is devoid of arrongance even after being rich, courteous even after being learned, serious even after being young, insane even after having sovereignty is a great man.

2326. **घंसण-दहण-छिंदण-भिंदणेण वि चंदणंसो सुगंधं देदि तहा हु महापुरिसो।**

घिसने, अग्निदहन, छेदन, भेदन से भी चंदन का किंचित् अंश भी सुगंध देता है वैसे ही महापुरुष।

Even a little part of sandal gives fragrance even after rubbing, burning, piercing and cutting similar are great man.

2327. **लहु-कज्जे वि हीणभावं ण लहदि महापुरिसो जहा अज्जुण-सारही कण्हो।**

लघुकार्य करने पर भी महापुरुष हीन भावना प्राप्त नहीं करते हैं जैसे अर्जुन का सारथी नारायण कृष्णदेव।

Greatmen don't feel inferiority even after doing lowely works like Arjun's charioteer Krishna.

2328. **महापुरिस-रोसो वि कालंतरे सुह-कारणं तहा अक्क-तावो वरिसाए।**

महापुरुष का रोष भी कालान्तर में सुख का कारण है जैसे सूर्य की प्रचण्डता वृष्टि का कारण होती है।

Rage of great man is the cause of happiness in time like burning heat of sun is the cause of rain.

2329. **महापुरिसस्स चरियं गूढं आयरणीयं विचित्तं जहा रयणागरो।**

महापुरुष का चरित्र गूढ़, आदरणीय और विचित्र होता है जैसे रत्नाकर।

Character of a great man is mysterious, honourable and strange like (source of jewels) ocean.

2330. **विपत्तीए धीरिमो कोह-णिमित्ते खमा विहवे दाणं, पहुदाए उवयारो परक्कमे धम्मरक्खा णाणे सुकज्ज-रुई महापुरिसाणं सहज लक्खणाणि।**

विपत्तिकाल में धैर्य, क्रोध का निमित्त होने पर क्षमा, वैभव होने पर दान, प्रभुता होने पर उपकार, पराक्रम होने पर धर्मरक्षा, ज्ञान होने पर सुकर्म में रुचि महापुरुषों के सहज लक्षण हैं।

Patience in adversity, forgiveness even after getting the cause of warth donation after having wealth, benevolence after having sovereignty, protecting religion being vigorous, interest in good deeds having knowledge are the natured signs of great men.

2331. **संपत्तीए णदवित्ती मद्दवं च, आपदे धीरिमो धम्मदढदा महापुरिस- लक्खणं।**

सम्पत्तिकाल में नम्रवृत्ति और मार्दव, आपदकाल में धैर्य और धर्मदृढ़ता महापुरुषों का लक्षण है।

Courtesy and softness in prosperity and patience and devoutness in adversity are signs of great men.

2332. **महापुरिसेण सह सामण्णजणा वि लहंते उक्कस्सं जहा जलबिंदू सिप्पीए मुत्ता।**

महापुरुष के साथ सामान्य जन भी उत्कर्ष प्राप्त करते हैं जैसे जलबिन्दु सीप के साथ मोती बन जाती है।

General people also progress with great man as a drop of water become pearl in the shell.

2333. आपदे वि सीहो जिण्णतिणं ण भक्खदि तहा महापुरिसो वि दीणभावं णो।

जैसे शेर आपदकाल में भी जीर्ण तृण नहीं खाता वैसे महापुरुष भी दीनभाव नहीं रखता।

As lion doesn't eat decayed straw even in adversity similarly great man doesn't show lowliness.

2334. जदि महापुरिसा दुट्ठ-संसग्गं कंखंति बक-मज्झे हंसोव्व गणंते ते।

यदि महापुरुष दुष्टपुरुषों के संसर्ग की वांछा करते हैं तो वे वकों के मध्य हंस की तरह गिने जाते हैं।

If great men want company of wicked people then they are counted like goose among stork.

2335. वत्थूणं पसिद्धिकारणं महापुरिसा।

वस्तुओं की प्रसिद्धि का कारण उसके धारक महापुरुष होते हैं।

Cause of glory of the things are great men.

2336. धण्णा भारदवसुंधरा महापुरिस-जम्मेण।

महापुरुषों के जन्म से ही भारत वसुंधरा धन्य है।

India became blessed from the birth of great men.

2337. पंके कमलं, सायरे रयणं आयारे वज्जं तहा सामण्णजणेसु महापुरिसो।

कीचड़ में कमल, सागर में रत्न और खान में हीरा जैसे होता है वैसे सामान्यजनों के मध्य महापुरुष।

As there is lotus in mud, gems in ocean, diamond in mine similarly great man among general people.

2338. तं णो उज्झदि जत्थ चलदि कयावि जहा उसह-संगं।

महापुरुष जिस मार्ग पर चलते हैं उसको कभी भी त्यागते नहीं है जैसे बैल के सींग।

When great man walk on a way, they never leave it like horns of bullock.

2339. महापुरिसा महापुरिसाणं वि आसयंति जहा सायरो रयणाणि।

महापुरुष महापुरुषों को भी शरण देते हैं जैसे सागर रत्नों को।

Great men shelter great men too like ocean to gems.

2340. महापुरिसाणं लहुकज्जं वि जेट्ठं।

महापुरुषों का लघु कार्य भी महान् होता है।

Even a small work of great men is also great.

2341. महापुरिसो सरद-सरोवरं व बहिसीयलो अंतरे उण्हो।

महापुरुष शरदकाल के सरोवर के समान बहिरंग से शीतल और अन्तरंग में ऊष्ण होते हैं।

Great men are cool from the outside and warm from the inside like a pond in autumn.

2342. भत्तीए तिप्पंति महापुरिसा ण धणेण।

भक्ति से महापुरुष संतुष्ट होते हैं न कि धन से।

Great men get satisfied by devotion not by money.

2343. अक्विंकदु-रुक्खोव्व उरालो महापुरिसो।

सूर्य, चन्द्र और वृक्ष के समान महापुरुष उदार होते हैं।

Great men are generous like sun, moon & trees.

2344. महापुरिसेहिं पदिट्ठिद-पासाणो वि देवो।

महापुरुषों द्वारा प्रतिष्ठापित पाषाण भी देवता है।

Stone is also God once consecrated by great men.

2345. **महापुरिसा किं गणंते खुद्दोव्व खुद्दवत्थुं।**

क्षुद्र पुरुषों की तरह से महापुरुष छोटी बातों को क्या गिनते हैं।

Do great man count small things like lowly people.

2346. **महागुण-संजुत्ता महापुरिसा।**

महापुरुष महान्गुणों से युक्त होते हैं।

Great men are endowed with great virtues.

2347. **महापुरिसस्स दिट्ठी वित्ती अच्चा चच्चा गुणा य महा।**

महापुरुष की दृष्टि, वृत्ति, अर्चना, चर्चा, गुण महान् होते हैं।

Views, tendency, adoration and virtues of great men are great.

2348. **महापुरिसो हु महापुरिसाणं आहारो आहेयो य।**

महापुरुष ही महापुरुषों का आधार और आधेय है।

Great men are the supporter and supported by great men.

2349. **सवर-पदिट्ठं चिंतंति महापुरिसा ण धणं भोयं च।**

महापुरुष स्वपर प्रतिष्ठा का चिंतन करते हैं न कि धन और भोग का।

Great man thinks over self and others dignity not over wealth and worldly pleasure.

2350. **सुकित्तिमज्जणत्थं संघसंति महापुरिसा।**

महापुरुष सुकीर्ति अर्जन के लिए संघर्ष करते हैं।

Great man struggle for getting reputation.

महाव्रत

2351. **सव्व-पाव-किरियादो भावादो वा णिवित्ती महव्वदं।**

सभी पाप क्रिया या भाव से निवृत्ति महाव्रत है।

Release from all sinful deeds and emotions is great vow.

मातृभूमि

2352. **मादुभूमी वि मादुव्व वंदणीया।**

मातृभूमि भी माता की तरह वंदनीय है।

Motherland is also venerable like mother.

2353. **सग्गादो वि वरा मादू मादुभूमी य।**

माता और मातृभूमि स्वर्ग से भी उत्कृष्ट होती है।

Mother and motherland are superior than heaven.

मात्सर्य

2354. **मच्छर-भावेण पुण्णं खयदि।**

मात्सर्य भाव से पुण्य क्षीण होता है।

Merits diminishes by envy.

2355. **सुपहगामी ण कुव्वदि कया वि मच्छरं।**

सुपथ के गामी कभी भी मात्सर्य नहीं करते।

Right conducted person never envy.

2356. **सवण्णजादीसु मच्छरं।**

सवर्ण सजातियों में मात्सर्यभाव रहता है।

Envy remains in similar castes and classes.

मान

2357. **अद्धुवुवलद्धीए धुवोव्व पुट्ठी माणो।**

अध्रुव की उपलब्धि से ध्रुव के समान पुष्टि अहंकार या मान है।

Proving wrong attainments right is ego.

2358. **माणो हु पडण-हेदू।**

मान निश्चय से पतन का हेतु है।

Ego is the cause of downfall.

2359. **इट्ठलद्धीए माणो।**

इच्छित वस्तु की प्राप्ति से मान भाव जाग्रत होता है।

Egoism generates from getting desired things.

2360. **को ण पडदि माणी?**

ऐसा कौन अहंकारी है जो पतित नहीं होता।

Which egoistic person doesn't suffer from down-fall?

2361. **अप्पलद्धि-वसेण अहंकारो माणो।**

अल्पलब्धि को पाकर जो अहंकार होता है वह गर्व या मान है।

Ego on attaining a few things is arrogrance or pride.

2362. **विणयस्स मिच्चुकारणं णिरय-दुआरं वि माणो।**

मान विनय की मृत्यु का कारण है और नरकगति का द्वार भी।

Ego is the cause of death of humbleness and gates for hell too.

2363. **अकारणं चित्तुव्विग्गदा हु माणो।**

अकारण चित्त की उद्विग्नता ही मान है।

Non-casual anxiousness of the heart is ego.

2364. **जाचणा णो फलेदि तदा ण खेमं माणीणं।**

जब याचना फलान्वित नहीं होती है तब मानी को क्षेम नहीं होता।

When petition becomes fruitless then there is no happiness to arrogrant.

2365. **णाण-चक्खू आवरित्ता अंधोव्व करेदि माणो।**

मान ज्ञान चक्षुओं को ढककर अंधे के समान कर देता है।

Pride makes us like blinds by covering the eyes of knowledge.

2366. **माणहीणा सव्वप्पिया।**

मानहीन सर्वप्रिय होते हैं।

Courteous is dear to all.

2367. **कुत्थ सुहं माण-भंगेण?**

मान खण्डन से सुख कहाँ?

Where is pleasure in disgrace?

2368. **तिणव्व माणी।**

मानी तृण के समान होता है।

Egoist is like a straw.

माया

2369. **वंचणा कवड-भावो वा माया।**

वंचना या कपट भाव माया है।

Deception or swindling is perversion.

मायाचारी

2370. **णिअडी हु महावियदी।**

निकृति (मायाचारी) ही महाविकृति है।

Deceit is great perversion.

मार्ग

2371. **जहा मग्गो तहा लक्खो।**

जैसा मार्ग वैसा लक्ष्य।

As there is way, so there is aim.

2372. **सम्ममग्गेण विणा सम्मलक्खं असंभवो।**

सम्यक्मार्ग के बिना सम्यक्लक्ष्य असंभव है।

Right aim is impossible without right way.

2373. **कइवय-जणा लक्खं कंखंति ण मग्गं।**

कुछ लोग लक्ष्य चाहते हैं न कि मार्ग।

Some people want aim not way.

2374. **सिद्धत्तं जिण-सासण-मग्ग-लक्खं।**

जिनशासन के मार्ग का लक्ष्य सिद्धत्व है।

Aim of way of Jainism is accomplishment of reality.

2375. **मग्गे लक्खे य बीय-फल-संबंधो।**

मार्ग और लक्ष्य में बीज और फल का सम्बन्ध है।

Relation between way and aim is like seed and fruit.

मित्र

2376. **अमियठाणं भासदे अभिट्ठिअ-मित्त-लद्धीए।**

अभीष्ट मित्र के प्राप्त होने पर अमृत का स्थान प्रतिभासित होता है।

Getting a desired friend, appears like a place of nector.

2377. **जस्स कट्ठं हरदि सो तस्स मित्तं सस्सदं।**

जो जिसका कष्ट हरता है वही उसका शाश्वत मित्र है।

One who removes the others pain is his true friend.

2378. **दुहादो रक्खगो धम्म-मग्ग ठावगो सच्च-मित्तं।**

दु:खों से रक्षा करने वाला और धर्ममार्ग पर स्थापित करने वाला सच्चा मित्र है।

He who protects from pain and established the way of religion is a true friend.

2379. **मणोणुऊलं मित्तं कस्स ण वल्लहो?**

मनोनुकूल मित्र किसका प्यारा नहीं होता?

To whom desirous friend is not dear?

2380. **हत्था देहं, णिमेसा णेत्तं रक्खेज्ज तहा सहजेण मित्तं मित्तं।**

जैसे हाथ देह की, पलक आँख की रक्षा करती है वैसे ही मित्र-मित्र की सहज भाव से रक्षा करता है।

As hand protects body and eye lashes protects eyes similarly a friend protects friend naturally.

2381. **सुहे दुहे वच्छलं धरदि समेण सो हु मित्तं।**

सुख-दु:ख में जो समरूपता से वात्सल्य भाव धरता है वह ही मित्र कहा जाता है।

One who loves equally in joy & sorrow is called a friend.

2382. **सहजेण दोसं भणदि सो हु जहत्थं मित्तं।**

जो सहजभाव से दोष को कह दे वही यथार्थ मित्र है।

Who can say my faults to me spontaneously is a real friend.

2383. **मित्तुक्कस्सं पस्सिदूण णंददि सो जहत्थं मित्तं जहा अक्को-कमलं च।**

मित्र का उत्कर्ष देखकर जो प्रसन्न होता है वह यथार्थ मित्र है जैसे-सूर्य कमल की मित्रता।

One who becomes happy by seeing the progress of a friend is a real friend like the friendship of sun and lotus.

2384. **परमट्ठमित्तं परमट्ठबंधू।**

परमार्थ मित्र परमार्थ बंधु है।

Spiritual friend is a spiritual brother.

2385. मित्तं सुलहं तहा णो मित्ती।

जैसे मित्र सुलभ है वैसे मैत्री नहीं।

Benevolence is not easy like a friend.

2386. मित्तं वि पुत्तादो वरं जदि परमट्ठिअं।

मित्र भी पुत्र से श्रेष्ठ है यदि पारमार्थिक है।

Friend is also better than a son if he is virtuous.

2387. परमट्ठिअ-मित्त-दंसणं हु परमप्पदंसणव्व।

पारमार्थिक मित्र का दर्शन ही परमात्म दर्शन की तरह है।

Even a sight of virtuous friend is like a vision of supreme being.

2388. सज्जणाणं णो मित्त-अभावो।

सज्जनों के लिए मित्रों का अभाव नहीं है।

There is not lack of friends for virtuous person.

मिथ्यात्व

2389. मिच्छत्तं हु भव-जणगो।

मिथ्यात्व ही संसार का जनक है।

Falsehood is the father of transmigration.

2390. मिच्छत्तं अप्पस्स महासत्तू।

मिथ्यात्व आत्मा का महाशत्रु है।

Falsehood is the arch-enemy of soul.

2391. पावाणं मूल-कारणं मिच्छत्तं।

मिथ्यात्व पाप का मूल कारण है।

Misbelief is the main cause of sin.

2392. मिच्छत्त-दूसिदं चित्तं णो धम्मं सद्दहदि।

जिसका चित्त मिथ्यात्व से दूषित है वह धर्म में श्रद्धा नहीं रखता।

He has no faith in religion whose heart is corrupted with misbelief.

मिथ्यादृष्टि

2393. मिच्छाइट्ठी दीह-कालादो भमदि भवे।

मिथ्यादृष्टि संसार में दीर्घकाल तक भ्रमण करता है।

Misbeliever transmigrates in the world for a long time.

2394. मिच्छादिट्ठीए सह संभासणं णो करेज्ज महाणाणी।

महाज्ञानी को मिथ्यादृष्टि के साथ संभाषण नहीं करना चाहिए।

Learned shouldn't converse with misbeliever.

मुमुक्षु

2395. मुमुक्खू हु लहदि मोक्खं ण बुभुक्खू।

मुमुक्षु ही मोक्ष प्राप्त करता है बुभुक्षु नहीं।

Aspirant of liberation gets liberation not desirous of worldly pleasures.

2396. मुमुक्खू सव्वमुज्झदि मोक्ख-लद्धीए।

मुमुक्षु मोक्ष प्राप्ति के लिए सबको त्यागते हैं।

Aspirant of liberation gives up everything.

मूर्ख/मूढ़

2397. चंडं वेरं ण मुंचदि सो महामूढो।

जो चण्ड वैर को नहीं छोड़ता वह महामूर्ख होता है।

A person who doesn't leave violent enmity is foolish.

2398. जस्स णाणजोदी आवरिदा सो मूढप्पा बहि-अत्थेहिं तिप्पदि

जिसकी ज्ञान ज्योति ढकी हुई है वह मूढ़ात्मा बाह्य पदार्थों से संतुष्ट हो जाता है।

Whose knowledge's radiance is hidden that ignorant soul gets contented from outer substances.

2399. **सुहावसरेण चुक्कदि सो मूढो।**

जो शुभ अवसर से चूक जाता है वह मूर्ख माना जाता है।

A person who misses good opportunity is considered fool.

2400. **एग-पक्ख-णेहो मूढ-कज्जं।**

एक कोटि का प्रेम मूर्खों का ही काम है।

One side love is foolish's work.

2401. **अंधस्स दीवो बहिरस्स गीदं विथा तहा मूढाणं णीदि-सत्थं।**

जैसे अंधे के लिए दीपक और बधिर के लिए गीत व्यर्थ है वैसे ही मूर्खों के लिए नीतिशास्त्र व्यर्थ है।

Like lamp for blind and song for deaf is useless similarly ethics for the foolish.

2402. **णो जाणेदि सगविपत्तिं सम्पत्तिं वा सो मूढो।**

जो अपनी विपत्ति या सम्पत्ति को नहीं जानता वह मूढ़ है।

One who doesn't know their adversity and prosperity is foolish.

2403. **णो जाणदि हिदमहिदं सो मूढो।**

जो हित-अहित को नहीं जानते वह मूढ़ माने जाते हैं।

People who don't know beneficial and inimical are considered foolish.

2404. **णो वत्थुं इट्ठणिट्ठं मूढो तहा वि मण्णदे।**

वस्तु इष्ट अनिष्ट नहीं है फिर भी मूढ़ ऐसा मानते हैं।

Things are not desired or undersired still foolish considered it like that.

2405. **कहं पवट्टेज्ज मूढा सवरहिदमग्गे?**

स्वपर हित के मार्ग में मूर्ख कैसे प्रवृत्ति कर सकते हैं?

How can foolish move on the path of everyone's benevolence.

2406. **मूढेसु होदि विकिरिया अप्पसंपत्तीए विपत्तीए य।**

अल्पसम्पत्ति विपत्ति प्राप्त होने से मूढों में ही विक्रिया (विशेष क्रिया) पाई जाती है।

Peculiar behaviour is found only in foolish after getting little adversity and prosperity.

2407. **मूढो ण जाणदि अप्पसद्देहिं।**

अल्प शब्दों द्वारा मूर्ख जानने में समर्थ नहीं होता।

Foolish is not able to learn in little words.

2408. **मूढाणं दुव्ववहारेण णो खोभंति सज्जणा।**

मूर्खों के दुर्व्यवहार से सज्जन क्षोभ को प्राप्त नहीं होते।

Virtuous person doesn't get irritated from misbehaviour of foolish.

2409. **माण-कडुभासण-दुरग्गह-कलहपियदप्पपसंसादी मूढस्स लक्खणाणि।**

मान, कटु भाषण, दुराग्रह, कलहप्रियता, आत्मप्रशंसा आदि मूर्ख के लक्षण हैं।

Ego, speaking ill-words, perversity, quarrelsome, self praise etc. are the signs of foolish.

2410. **णिच्छये अइपवीणो वि ववहारे मूढो।**

जो निश्चय के क्षेत्र में अतिप्रवीण है वह व्यवहार के क्षेत्र में मूर्ख भी होता है।

Even proficient in reality can be a foolish in practical.

2411. **दुट्ठस्स ण को वि ओसही तिलोयम्मि।**

तीन लोक में भी दुष्ट या मूर्ख की कोई भी औषधि नहीं है।

There is no medicine for wicked or foolish anywhere in three worlds.

2412. **तावइओ णो हिंसग-पसू घादेदि जावइओ दुट्ठो मूढो वा।**

उतना तो हिंसक पशु भी घात नहीं करता जितना की दुष्ट या मूर्ख।

Even violent animals don't do as much harm as a wicked or foolish.

2413. **सप्पोव्व भासदे मूढस्स पुप्फहारो वि।**

मूर्ख के लिए पुष्पहार भी सर्प की तरह प्रतिभासित होता है।

Even garland appears like serpent for foolish.

2414. **णिप्पाण-देह-सिंगारोव्व मूढ-सेवा।**

प्राणविहीण देह के श्रृंगार के समान मूर्ख की सेवा है।

Adornment of corpse is similar to the service of foolish.

2415. **णिरत्थो वणे रुण्णं बहिरुवएसो अंध-दप्पणो तहा मूढसेवाफलं।**

वन में रोना, बधिर का उपदेश, अंधे का दर्पण निरर्थक होता है वैसे ही मूर्ख की सेवा का फल।

As weeping in the forest, preachings for deaf, mirror for blind is useless similar is the fruition of service of foolish.

2416. **मोणमूढो पंडिदोव्व।**

मौन मूर्ख पण्डित की तरह प्रतिभासित होता है।

Silent foolish appears like scholar.

2417. **बहिरप्पा हु मूढो।**

बहिरात्मा ही मूढ़ होता है।

The one living in outer-self is foolish.

मूर्च्छा

2418. **मुच्छा परदव्वेसु तिव्वासत्ती।**

पर द्रव्यों में तीव्र आसक्ति मूर्च्छा है।

Intense attachment to alien substances is infatuation.

2419. **अइमुच्छा मिच्छत्तकारणं।**

अति मूर्च्छा मिथ्यात्व का कारण है।

Infatuation is the cause of falsity.

मूलगुण

2420. **मूलगुणं विणा उत्तरगुणा ण चिट्ठंति।**

मूलगुणों के बिना उत्तरगुण ठहरते नहीं हैं।

Secondary duties don't settle without primary virtues.

मृत्यु

2421. **दव्व-पाण-विजोग-किरिया मिच्चू।**

द्रव्य प्राण के वियोग की क्रिया मृत्यु है।

Activity of seperation of material vitalities is death.

2422. **जम्मदि सो हु लहदि मिच्चुं।**

जो जन्म लेता है वह नियम से मृत्यु को प्राप्त होता है।

The one who takes birth, his death is sure.

2423. **आसण्णमिच्चू जस्स तस्स पयडी परिअट्टदि।**

जिसकी आसन्न मृत्यु होती है उसकी प्रकृति बदल जाती है।

Whose death is near, his nature becomes change.

2424. **वज्जाघादेण वि ण मरदि मिच्चुं विणा।**

मृत्यु के बिना कोई भी वज्र के आघात से भी नहीं मरते हैं।

No one dies even from the injury of thunderbolt without death.

2425. **अमियं वि विसोव्व मिच्चुयाले।**

मृत्युकाल में अमृत भी विषवत् लगता है।

Even nectar seems like poison at the time of death.

2426. **रयणत्तय-जुत्तो णो बीहदि मिच्चुणा।**

रत्नत्रय से सम्पन्न मृत्यु से नहीं डरता है।

One who is endowed with the three gems (right faith, right knowledge, rigth conduct) doesn't fear from death.

2427. **को ण डरदि मिच्चूदो?**

संसार में कौन प्राणी है जो मृत्यु से नहीं डरता?

Which living being doesn't fear from death?

2428. **मिच्चुं विणा जम्मो असंभवो।**

मृत्यु के बिना जन्म असंभव है।

Birth is impossible without death.

2429. **भवे णो जम्मदि सो मिच्चू दुल्लहो।**

जिस मृत्यु से संसार में जन्म न हो वह दुर्लभ है।

Death from which there is no rebirth is very difficult.

2430. **पावं वि मिच्चू मण्णंते पण्णा।**

प्रज्ञपुरुष पाप को भी मृत्यु मानते हैं।

Learned people consider even sin as death.

2431. **णिप्पावदेहणासो वरं मरणं।**

पाप से रहित देह का नष्ट होना श्रेष्ठ मरण है।

Destruction of sinless body is the best death.

2432. **कालागदे हु मिच्चू।**

काल के आने पर मृत्यु निश्चित है।

When end moment of the life comes, then death is definite.

2433. **पज्जाय-परिवट्टणं हु मिच्चू।**

पर्याय परिवर्तन ही मृत्यु है।

Change of mode is death.

2434. **णो जम्मो सासयो णो जरा रोया मरणं।**

न जन्म शाश्वत है और न जरा, रोग और मरण।

Neither birth is immortal nor old age, disease & death.

2435. **जम्मेण णंददि सो मिच्चुणा परितप्पदि।**

जो जन्म से आनन्दित होता है वह मृत्यु से दु:खी होता है।

One who is happy from birth, is sad from death.

2436. **मिच्चुणा देहं णस्सदि णो अप्पा।**

मृत्यु से देह नष्ट होती है न कि आत्मा।

Body is destroyed by death not soul.

मृदु

2437. **चित्तं पडिसादि मिदुभावेण।**

मृदुभाव से चित्त शान्त होता है।

Peace of heart is possible with soft feelings.

2438. **मिदु-भावेण सव्वकज्जं सिज्झदि।**

मृदुभाव से सभी कार्य सिद्ध हो जाते हैं।

All works are accomplishible by softness.

2439. **सगाणुसासणे मिदू सक्को।**

मृदुजन ही स्वानुशासन करने के लिए समर्थ हैं।

Only soft people are able to control themselves.

मेघ

2440. **रुक्खियरो पाणो मेहो।**

बादल वृक्षों के इतर प्राण हैं।

Clouds are the life givers of trees.

2441. **मेहो हु ण सव्वसुहकारणं जहा पहाणपुरिसो।**

मेघ ही सर्वसुख का कारण नहीं होता जैसे प्रधान पुरुष।

Only clouds are not the cause of all pleasures like prime man.

2442. **मेहो अकारणेण हु अक्कसंताविद-देहीणं तावं हरदि अग्गिदाहं समदि य।**

मेघ अकारण ही सूर्य से संतापित जीवों का आताप हरता है और अग्निदाह को शमन करता है।

Clouds unreasonably take away the heat of the organisms burning up from the sun and cool down the burn.

2443. **सहावेण मेहा धवला, जलसंचयेण हु किण्हवण्णस्स होंति जहा किपण-धणी।**

स्वभाव से मेघ धवल ही होते हैं लेकिन जलसंचय से ही कृष्णवर्ण के हो जाते हैं जैसे कृपण धनी लोग।

Clouds are naturally white but become black after collecting water like miser rich.

2444. **मेहो परतावं हरिदुं सव्वं उज्झदि तह ण को वि।**

परताप को हरने के लिए जैसे मेघ सर्वस्व छोड़ देते हैं वैसे कोई भी समर्थ नहीं है।

Like clouds give up everything for destroying others heat, no one is capable of this.

2445. **मेहोरालत्त-फलं सायरजलं।**

सागर का जल मेघ की उदारता का ही फल है।

Water of the ocean is the fruition of generosity of clouds.

2446. **मेहोव्व कामरूवो ण अण्णो।**

मेघ के समान कामरूप अन्य कोई भी नहीं है।

There is nothing more lusty than clouds.

2447. **सव्व-णंद-कारणं मेहो।**

मेघ सबके आनंद का कारण है।

Clouds are the cause of everyone's joy.

2448. **विणा मेहेण हरिद-वसुहा णो संभवो।**

बिना मेघ के हरी-भरी धरती संभव नहीं है।

Greenery is not possible without clouds.

2449. **मेहो हु पाणाहारो।**

मेघ ही प्राणाधार हैं।

Clouds are the base of life.

2450. **संपुण्णजीविगा मेहेण हु संभवो।**

मेघ से ही सम्पूर्ण जीविका संभव है।

Whole livelihood is possible only from clouds.

2451. **णो किसी वाणिज्जं उज्जोगो विज्जा कला य विणा सुहवसरमेहेण।**

शुभावसर के मेघ के बिना कृषि, वाणिज्य, उद्योग, विद्या और कला नहीं होते।

Agriculture, trade, industry, knowledge and art is impossible without rain of good opportunity.

2452. **मेहवस्सं विणा को चिरं जीविदुं समत्थो?**

मेघवर्षण के बिना दीर्घ काल तक कौन जीवित रह सकता है?

Who can live long without rainfall?

2453. **अइमेहवस्सा हु पलय-कारणं।**

अतिमेघवर्षा ही प्रलय का कारण है।

Excessive rain is the cause of catastrophe.

2454. **वरिसंति सुहवसरमेहा सुब्भिक्खं हि तत्थ।**

जहाँ शुभावसर के मेघ बरसते हैं वहाँ सुभिक्ष निश्चय से है।

Where there rains of opportunity there is well-being surely.

2455. **मेहं विणा णो ओया तेओ णाणं सुहं संती य।**

ओज, तेज, ज्ञान, सुख, शान्ति आदि मेघ के बिना असंभव है।

Brilliance, energy, knowledge, pleasure, tranquility etc are impossible without clouds.

मैत्री

2456. **परेसु दुहाणाकंखा मित्ती।**

दूसरों के प्रति दु:खों की अनाकांक्षा मैत्री है।

Not desiring pain for others is benevolence.

2457. **सव्व-जीवाणं सुहहिलासा मित्ती।**

सर्वजीवों के सुख की अभिलाषा मैत्री भावना है।

Desire of bliss for all living beings is benevolence.

2458. **मित्ति-आइ-भावणा अप्पसुह-कारणं।**

मैत्री आदि भावना आत्मसुख का कारण है।

Feeling of benevolence etc. are the cause of our own pleasure.

2459. **तिरिओ वि धरेदि मित्तिं सगबंधूसुं णरस्स का कहा?**

तिर्यंच भी स्वबन्धुवर्ग में मैत्री को धारण करते हैं तो मनुष्य की क्या कथा?

Animals keep friendliness in their friends then what can be said for the people.

2460. **मित्ती वि सग-सत्तूणं सगाणं भयंकरा।**

स्वशत्रुओं की मैत्री भी स्वजनों के लिए भयंकर होती है।

Friendship with our enemies is also terrible for our people.

2461. **मित्ती मे सहजा पयडी ण दुब्बलियं।**

मैत्री मेरी सहज प्रकृति है न कि दुर्बलता।

Benevolence is my nature not weakness.

2462. **सव्वसत्तेसु मित्तिं होज्ज सज्जणाण।**

सज्जनों की सभी प्राणियों के प्रति मैत्री भावना होनी चाहिए।

Virtuous person should be benevolent to everyone.

मोक्ष

2463. **सव्वकम्मविहीणप्प-दसा मोक्खो।**

सभी कर्म से विहीन आत्मदशा मोक्ष है।

State of soul devoid of karmas is salvation.

2464. **मुत्ती सुद्धप्प-सहयरी।**

मुक्ति शुद्धात्मा की सहचरी है।

Liberation is the companion of pure soul.

2465. **णागणियं खु मोक्खमग्गो सा सेट्ठा दसा लोए।**

नग्नता ही मोक्षमार्ग है वही दशा लोक में श्रेष्ठ है।

Nakedness (Digamber state) is the path of liberation and that state is the best in the world.

2466. **मोक्ख-मग्गे फद्दो फद्दे य मोक्खमग्गो णो चलदि।**

मोक्षमार्ग में स्पर्धा का भाव और स्पर्धा के भाव में मोक्षमार्ग नहीं चलता।

There are no feelings of competition on the path of liberation and there is no path of liberation in the feelings of competition.

2467. **णो मेत्तं भग्गेण जीवा लहंति मोक्खं।**

केवल होनहार के बल से ही जीव मोक्ष नहीं प्राप्त करता।

Living being doesn't get salvation by only destiny.

2468. **सम्म-रयणत्तयेण विणा ण इयरो मोक्खमग्गो।**

सम्यक्रत्नत्रय के बिना कोई दूसरा मोक्षमार्ग नहीं होता।

There is no other path of liberation without three jems (right faith, right knowledge & right conduct).

2469. **सम्मत्तणाण-वदाणि हु मोक्खमग्गो।**

सम्यग्दर्शन-ज्ञान-व्रत ही मोक्षमार्ग है।

Right faith, right knowledge & right conduct is the path of liberation.

2470. **पुव्वबंधदुहं लहेदि सम्मजदणेण सो मोक्खं वि।**

जो पूर्वबन्ध के दु:ख को प्राप्त करता है वह सम्यक् यत्न से मोक्ष भी प्राप्त करता है।

One who gets pain from previous bondage karmas, also gets emancipation from right efforts.

2471. **धम्मट्ठ-काम-चागेण मोक्खो।**

व्यवहारिक धर्म, अर्थ व काम त्याग से मोक्ष संभव है।

Liberation is possible by giving up religious merit, wealth & desires.

2472. **उक्किट्ठ-संजमो सुद्धप्पणुभूदी वा मोक्ख-जणणी।**

मोक्ष की जननी उत्कृष्ट संयम या शुद्धात्मानुभूति है।

Supreme self restraint or pure realisation of soul is the mother of emancipation.

2473. **सव्व-विअप्पा उज्झेदुं असमत्थो णो लहदि मोक्खं।**

जो सभी विकल्पों को त्यागने के लिए असमर्थ है वह मोक्ष प्राप्त नहीं कर सकता।

He who is unable to sacrifice all abstractions can not get liberation.

2474. **मोक्खो सगप्पपदेसे।**

स्वात्मप्रदेश में मोक्ष रहता है।

Emancipation exists in our own soul.

2475. **मोक्खो मोह-खयेण विणा असंभवो।**

मोह के क्षय के बिना मोक्ष असंभव है।

Salvation is impossible without erradicating affection.

2476. **सव्वकम्मरहिदवत्था मोक्खो सिद्धत्तं वा।**

सर्वकर्मरहितावस्था मोक्ष है या सिद्धत्व है।

State, free from all karmas, is liberation or infinite perfection.

2477. **आसण्ण-भव्वाणं मोक्खो णो असंभवो णो य दुल्लहो।**

आसन्न भव्यों का मोक्ष न असंभव है और न दुर्लभ।

Emancipation of adjacent accomplishables is

neither difficult nor impossible.

2478. **संपुण्ण-णाणाइ-गुणाणं वित्तिकरणं मोक्खो।**

सम्पूर्ण ज्ञानादि गुणों का वृत्तिकरण मोक्ष है।

Collection of all knowledge etc. attributes is liberation.

2479. **णो खयदि मोक्खे चेयणाए एगो वि सहाविअ-गुणो।**

मोक्षावस्था में चेतना का एक भी स्वाभाविक गुण नष्ट नहीं होता।

No natural attributes of conscience get destroyed in state of liberation.

2480. **संपुण्ण-वेभाविय-गुणहीणवत्था हु मोक्खो।**

सम्पूर्ण वैभाविक गुणहीन अवस्था मोक्ष है।

State free from all unreal attributes is salvation.

मोह/मोही

2481. **मोहोव्व सत्तू णो को वि।**

मोह के समान कोई शत्रु नहीं है।

There is no enemy like affection.

2482. **परट्ठेसु सग-सत्ता मण्णदे मोहो।**

मोह पर पदार्थों में स्व अस्तित्व मानता है।

Considering self existence in alien-substances is infatuation.

2483. **मोहं खयिय अप्पसिद्धिं लहेज्ज।**

मोहभाव को नष्ट कर आत्मसिद्धि को प्राप्त करना चाहिए।

By destroying infatuation one should achieve self attainment

2484. **दुग्गमा मोह-संतती।**

मोह की संतति दुर्गम है।

It is very difficult to know chain of infatuation.

2485. **अहो मोहादो जीवो पडदि भवकूवे।**

अहो! मोह के महात्म्य से जीव भवकूप में पड़ता है।

Oh! greatness of infatuation by which worldly soul falls in well of world.

2486. **मोहो दुज्जयो पाविट्ठाणं।**

पापियों का मोह दुर्जय है।

Infatuation of sinners is very difficult to conquer.

2487. **मोहो हरदि णाणा-सम्मगुणा।**

ज्ञानादि सम्यग्गुणों को मोह हर लेता है।

Infatuation seizes virtues like knowledge etc.

2488. **मोहादो जीवो मण्णदि दुक्खकारणं सुहस्स।**

मोह के वश में जीव दुःख के कारण को सुख का कारण मानता है।

Living being assumes the cause of pleasure to be cause of sorrow under the spell of infatuation.

2489. **मोहणीय-कम्मक्खयेण भव्वा लहंति खइय-सम्मत्तं।**

मोहनीय कर्म क्षय से जीव क्षायिक सम्यक्त्व को प्राप्त करते हैं।

After destroying charm functional (feeling of infatuation) living being attains kshayik samyaktva (True perception achieved by the destruction of darsan moha)

2490. **सवर-घादी धम्म-विरोही य मोही।**

मोही स्वपर घाती और धर्म विरोधी है।

Infatuated is irreligious and harmful to self and others.

2491. जदि छिंदमिच्छसि छिंदेज्ज मोहं भिंदं वंछसि भिंदेज्ज अण्णाणं।

यदि तुम छेदना चाहते हो तो मोह को छेदो यदि तुम भेदना चाहते हो तो अज्ञान को भेदो।

If you want to cut off something then cut off infatuation and if you want to knock down something then knock down ignorance.

2492. एगंते ठाणे ण कयावि वसदि मोही।

मोही कभी भी एकान्त स्थान पर रहने में समर्थ नहीं होते।

Infatuated are never able to live at quiet place.

2493. मोहो सगलक्खादो चुद-कारणं।

मोह स्वलक्ष्य से च्युत होने का कारण है।

Infatuation is the cause of straying from one's aim.

2494. सवर-कल्लाणस्स पहाणबाहगो मोहो।

स्वपर कल्याण का प्रधान बाधक मोह है।

Infatuation is the prime obstructor of self and other's welfare.

2495. कणगोव्व विसयरंजगो हु मोही।

धतूरे के समान विषयों में रंजायमान ही मोही जीव है।

The one who enjoys worldly pleasures like the fruits of harebell is an infatuation soul.

2496. अचिंता हु मोहमहिमा।

मोह की महिमा अचिंत्य है।

Power of infatuation is unimaginable.

मौन

2497. मोणं हिदंकरं मूढ-संगदीए।

मूर्खों का सान्निध्य प्राप्त होने पर मौन ही हितकारक है।

Silence is beneficial after getting the company of foolish people.

2498. मोणं सदा पालेज्ज सगट्ठ-सिद्धीए।

अपने प्रयोजन की सिद्धि के लिए मौन ही सदा पालना चाहिए।

2798. जहा इत्थि-लावण्णं अण्णाणं पीदि-कारणं तहा विज्जा वि।

जैसे स्त्री का लावण्य अन्य की प्रीति का कारण है वैसे विद्या भी।

As charm of the woman is the cause of others affection similarly knowledge too.

2799. विज्जा सत्ती धणं मित्तं च सेय-कारणं।

विद्या, शक्ति, धन और मित्र कल्याण का कारण है।

Knowledge, strength, wealth and friend are the cause of welfare.

2800. विज्जावंतो लोए सव्वेहिं आयरं लहदि।

विद्यावान् पुरुष लोक में सभी के द्वारा आदर प्राप्त करता है।

Learned gets honour from every person in the world.

2801. सुविज्जव्व ण अण्ण-रम्मवत्थुं लोए।

लोक में सुविद्या के समान अन्य कुछ भी रमणीय वस्तु नहीं है।

Nothing is as lovely as knowledge in the world.

2802. धणिगा सुलहा किंतु विज्जावंता दुल्लहा लोए।

लोक में धनवान् सुलभ हैं किन्तु सुविद्यावान् दुर्लभ हैं।

Richest are easier to find in the world but learned are difficult.

2803. अमिय-णदिव्व इहपरलोयम्मि सुहत्थ-विज्जा।

इस और परलोक में सुखार्थ विद्या अमृत की नदी के समान मानी जाती है।

Knowledge seeking happiness is considered like river of nector in this and next world.

2804. कामत्थकरी हु होज्ज परं विज्जा जा विमुत्तिं दाएज्ज।

विद्या भले ही कामार्थकारी हो परन्तु विद्या वही है जो विमुक्ति प्रदान करे।

Even if knowledge is for the sake of worldly pleasures & wealth but knowledge is only that which releases from rebirth.

2805. विज्जा णरस्स तिदियं णेत्तं।

विद्या मनुष्य का तृतीय नेत्र है।

Knowledge is the third eye of a human.

2806. विज्जा अक्खया अप्पणिब्भरा णिही जा दाणेण चागेण वड्ढदि।

विद्या अक्षय आत्मनिर्भर निधि है जो दान से और त्याग से बढ़ती है।

Knowledge is imperishable and self-sufficient wealth which increases by donation and sacrifice.

2807. वयेण वड्ढदि विज्जा संगहेण य विणस्सदि।

व्यय से विद्या बढ़ती है और संग्रह से क्षीण होती है।

Knowledge increases by giving and diminishes by accumulating.

2808. विज्जा पुरिसस्स अक्खीणं धणं उक्किट्ठ-मित्तं विणय-हेदू गुणागरिसगागरिसगो।

विद्या पुरुष का अक्षीण धन, उत्कृष्ट मित्र, विनय का हेतु और गुणों को आकर्षित करने वाली चुम्बक है।

Knowledge is undecaying wealth, best friend cause of courtesy and a magnet which attracts

virtues of a person.

2809. सुविज्जा कला य संत-पाणा।

सम्यक् विद्या और कला सज्जनों के प्राण हैं।

Right knowledge and art are the life of virtuous people.

2810. जसकरी सुहंकरी भोयंकरी खेमंकरी य विज्जा णरस्स अज्झप्पुण्णदि-कारणं।

यशकरी, सुखकारी, भोगकरी और क्षेमंकरी विद्या नर के आध्यात्मोन्नति का कारण भी मानी जाती है।

Knowledge cause for glory, happiness, pleasure and welfare is also considered the cause of spiritual progress of a person.

2811. विज्जं विणा इहपरलोयम्मि किंचि वि ण सुहं।

विद्या के बिना इस और परलोक में कुछ भी सुख नहीं है।

There is no pleasure for a person without knowledge in this and the next world.

2812. विज्जा-सुइ-धण-जस-सुह-मोक्ख-कारणं।

विद्या पवित्रता, धन, यश, सुख और मोक्ष का कारण है।

Knowledge is the caues of holiness, wealth, fame, happiness and emancipation.

2813. अविज्जा मिच्चू विज्जा अमियं।

जहाँ अविद्या ही मृत्यु है वहाँ विद्या अमृत मानी जाती है।

Where ingnorance is death, knowledge is considered nector.

2814. सयायारी विज्जावसणी हु देवोव्व।

सदाचारी विद्याव्यसनी देवतुल्य ही माना जाता है।

Good conducted and desirous of learning is assumed similar to god.

2815. विज्जावंताणं सुभावा लोयोत्तर-सद्दातीद-खेमंकरा।

विद्यावानों के शुभभाव लोकोत्तर, शब्दातीत और क्षेमंकर हैं।

Good thoughts of learned are super natured, beyond the words and benevolent.

2816. दुसइवेण राया दुराइणा रज्जं, अहम-संगदीए सयायारो तहेव विणस्सदि जहा अणब्भासेण विज्जा।

दुष्ट सचिव से राजा, दुष्ट राजा से राज्य, अधम की संगति से सदाचार वैसे ही नष्ट हो जाता है जैसे अनभ्यास से विद्या।

As king get destroyed from wicked minister, kingdom from wicked king & good conduct from company similarly knowledge from not practicing.

2817. अणंत-सत्थं बहु-विज्जा।

अनंत शास्त्र होते हैं और बहुत सारी विद्याएँ।

There are many scriptures and a lot of arts.

2818. गहेज्जा सारभूदा विज्जा।

सारभूत विद्या ही ग्रहण करनी चाहिए।

Only sensible knowledge should be attained.

विधाता

2819. पत्तेगं पाणी हु सगविहाई।

प्रत्येक प्राणी ही स्वविधाता है।

Every soul is self creator.

2820. जीवा सगकम्माणुसारेण फलं लहदि ण विहाइअणुसारेण।

सर्व जीव स्वकर्मानुसार ही फल प्राप्त करते हैं न कि विधाता के अनुसार।

All living beings endure the fruition according to their karmas not according to lord.

विनय/विनयी

2821. विणयो गुणाआगरिसंति।

विनय से गुण आकर्षित होते हैं।

Courtesy attracts the virtues.

2822. विसुद्धो णदो विणयो।

विशुद्ध नम्रीभूत ही विनयी है।

A person who is virtuous modest is courteous.

2823. धम्मो इदरगुणा वि विणयं विणा णो चिट्ठंति।

विनय के बिना धर्म और अन्य गुण भी नहीं ठहरते।

Religion and other virtues don't remain without politeness.

2824. विज्जावंतो सव्वत्थ आयरं लहदि जदि विणीदो।

विद्यावान् नर यदि विनयी हो तो सर्वत्र आदर पाता है।

If learned people are humble then he becomes honourable everywhere.

2825. सुविज्जा-लाहो ण विणयं विणा।

बिना विनय के सुविद्या का लाभ किसी को भी नहीं होता।

No one gets good education without courtesy.

2826. विणयहीणा ण जाणंति जोग्गाजोग्गं गुणावगुणं।

विनयहीन योग्य-अयोग्य और गुण-अवगुण को नहीं जानते हैं।

Immodest don't know appropriate inappropriate and virtues-vices.

2827. सव्वगुणेसु विणयो हु महागुणो।

सभी गुणों में विनय ही महागुण है।

Courtesy is the greatest virtue in all virtues.

2828. विणयो ण केवलं धण-कारणं परं गुणस्स वि।

विनय न केवल धन का कारण है अपितु गुण का भी कारण है।

Courtesy is not only the cause of wealth but also of virtues.

2829. सया विणयो पुण्णवंत-चित्ते।

पुण्यवान् पुरुष के चित्त में सदा विनय रहती है।

There is always courtesy in the heart of meritorious person.

2830. अइवद-विज्जा-तव-वयवंतेसु णदायरणं विणयो।

अधिक व्रत-विद्या तप और आयु वालों में नम्र आचरण विनय है।

Polite conduct towards vowers, learned, penance and elders is courtesy.

विनाश

2831. विणासयाले वि सगहढं ण छड्डुदि हढी।

हठाग्रही विनाशकाल में भी अपनी हठ नहीं छोड़ता।

Unyielding doesn't leave his obstinacy even at the time of annihilation.

2832. विणासे बुद्धी वि तहेव अणुवच्चदि।

विनाशकाल आने पर बुद्धि भी तदनुकरण करती है।

At the time of destruction mind works according to that.

2833. विणास-वारिदुं को समत्थो पावुदये?

पापोदय काल में कौन विनाश-निरोध करने के लिए समर्थ होता है?

Who is able to prevent destruction during the rise of demerits?

2834. को जाणदि विणास-खणं देहीणं।

संसारियों के विनाश के क्षण कौन जानता है?

Who knows the moment of destruction for worldly soul?

वियोग

2835. दुस्सहो दुल्लह-वत्थुणो विजोगो।

बहुत यत्न से प्राप्त वस्तु का वियोग दुस्सह होता है।

Seperation of things which have been attained by effort is intolerable.

2836. विजोग-दुक्खं सया तावदि।

वियोग का दु:ख हमेशा संताप देता है।

Grief of seperation always gives sufferings.

2837. संजोगो हु विजोगमूलं।

संयोग ही वियोग का मूल है।

Connection is the root of seperation.

विरह

2838. विरहयाले सग्गोव्व सुहं वि णिरयोव्व भासदे।

विरहकाल में स्वर्ग के तुल्य सुख भी नरक के समान प्रतिभासित होते हैं।

Pleasure similar to heaven appears like hell at the time of seperation.

2839. परविरहवेयणं जाणिदुं को समत्थो?

पर की विरह-वेदना को जानने में कौन समर्थ है?

Who is able to know others pain of separation.

विरोध

2840. पत्तेगं किरियाए विरोहो ण संभवो।

प्रत्येक क्रिया का विरोध संभव नहीं है।

Opposition to every activity is not possible.

2841. कयावि धम्म-विरोहं ण करेज्ज।

कभी भी धर्म का विरोध नहीं करना चाहिए।

One should never oppose religion.

2842. विरोहेण सत्तू सगसत्तिं संचिणेदि।

विरोध से शत्रु अपनी शक्ति संग्रह करता है।

Enemy collects his strength from opposition.

2843. बलिट्ठा वि बहुजणाण विरोहं ण करेज्ज।

बलवानों को भी बहुत लोगों का विरोध नहीं करना चाहिए।

Strong people shouldn't oppose many people too.

2844. धूलि-विरोहेण सा सिरे चिट्ठदि।

धूल का विरोध करने से वह सिर पर बैठ जाती है।

One should never oppose any virtuous person because hitting the dust makes it sit on the head.

विवेक

2845. कज्जेसुं सुपवित्ती विवेगो।

प्रत्येक कार्य में सम्यक् प्रवृत्ति विवेक है।

Proper tendency in every work is discrimination.

2846. विवेकहीणा णेत्तजुत्ता वि णेत्त-हीणा।

विवेकहीन चक्षु होने पर भी चक्षुहीन कहे जाते हैं।

Even after having eyes, thoughtless people are said to be blind.

2847. विवेगहीणो सहसा पडदि दुक्ख-कुंडे।

विवेकहीन सहसा ही दु:ख के कुण्ड में गिर जाता है।

Indiscriminating falls down in the pond of sorrows.

2848. इहपरलोयस्स खेमंकरो देहीणं सुविवेगो।

संसारियों का सम्यक् विवेक इह-परलोक के लिए क्षेमंकर है।

Right discrimination of worldly souls is auspicious for this and next world.

2849. विवेगभट्ठो सयमग्गादो दुहगड्ढे पडदि।

विवेक से स्खलित लोग सौ मार्गों से दु:खों के गड्ढे में गिर जाते हैं।

People devoid of discrimination fall down in the hole of pain by hundred ways.

विवेकी

2850. विवेगी कम्मि वत्थुम्मि ण संमुज्झंति।

विवेकीजन किसी भी वस्तु में मोहित नहीं होते।

Discriminating person doesn't get infatuated by anything.

2851. अण्ण-भूसणं णिरत्थगं विवेगभूसिदाणं।

विवेक से भूषित लोगों के अन्य आभूषण निरर्थक हैं।

Other ornaments are useless for the people who are adorned with discrimination.

2852. विवेगसीलो देहं जीवं च भिण्णो हु मण्णदे।

विवेकशील पुरुष देह और जीव को भिन्न ही मानते हैं।

Discriminating people consider body and soul seperate.

2853. विवेगी कज्ज-पुव्वं तस्स फलं चिंतंति।

विवेकीजन कार्य से पूर्व उसका फल विचारते हैं।

Discriminating people think of the fruition before doing any work.

विश्वस्थ जन

2854. सव्वाणंद-कारगा वीसत्था।

विश्वस्त लोग सभी के लिए आनन्दकारक होते हैं।

Believable people are cause of happiness to all.

विष

2855. अजिण्णे भोयणं विसं।

अजीर्णता में भोजन विष होता है।

Food is poison in indigestion.

2856. विसकूवो ण होदि अमियकुंडं णाममत्तेण।

विषकूप नाममात्र से अमृत कुण्ड नहीं हो जाता।

Poison's well doesn't become nectar's well just by name.

2857. विसवल्लिव्व भोय-संपदा।

भोग सम्पदा विषबेल के समान है।

Worldly pleasure is like poison-vine.

2858. दुल्लहं अमियं लहिच्चा को भुंजदि कालकूड-विसं?

दुर्लभ अमृत को प्राप्त कर कालकूट विष को कौन पीता है?

Who takes poison after gaining nector?

2859. विसकणेण सायरो ण विसमइओ।

विषकण से सागर विषाक्त नहीं होता।

Ocean doesn't get poisoned by a particle of poison.

विषय

2860. जम्मि अक्खाणि पवट्टंति ते विसया।

जिसमें इन्द्रियाँ प्रवृत्ति करती हैं वे विषय हैं।

In which senses act are their objects.

2861. विसयभोगेहिं तुट्ठो णो को वि।

विषयभोगों से कोई संतुष्ट नहीं होता।

No one get satisfied from enjoyment of senses.

2862. खारणीरं पिबिय अइपिवासा वड्ढदि तहा हु विसया।

जिस प्रकार खारा पानी पीने से अति प्यास बढ़ती है उसी प्रकार विषयों को मानना चाहिए।

Just like thirst increases by salty water, worldly pleasures should be assumed similar.

2863. विसयणिवित्ती हु महासुहं तं वंछंति को विदू।

विषय निवृत्ति ही महासुख है उसको ही विद्वान चाहते हैं।

Release from worldly pleasure is the greatest happiness. A learned only wants that.

2864. विसव्व विसया को धीमंतो सेवदे?

विष के समान विषयों को कौन बुद्धिमान सेवता है?

Which wise man enjoys the worldly pleasure which are like poision?

2865. भोययाले सुहाभासं देंति विसया हु दुहदा।

जो विषय भोगकाल में सुखाभास देते हैं वे नियम से दु:ख-दायक होते हैं।

Worldly pleasures which give pleasure only for a period of time, surely give pain afterwards.

2866. वरो विसयचागो हु विसयसेवणं सुट्ठु ण कयावि।

विषयों का त्याग ही श्रेष्ठ है विषय सेवन कदापि श्रेष्ठ नहीं है।

Renouncing worldly pleasure is the best not enjoying them.

2867. मुहु विसयसेवणेण अणंतयालम्मि वि ण को वि तिप्पदि।

बार-बार विषय सेवन से अनंतकाल में भी कोई संतुष्ट नहीं होता है।

No one gets satisfied even after enjoying worldly pleasure again and again for an endless time.

2868. विणा वेरग्गेण विसयचागो केवलं किलेसवड्ढगो।

बिना वैराग्य के विषयत्याग केवल संक्लेशता वर्धक है।

Renouncement without detachment increases distress in mind.

2869. विसव्व दुहदा विसया केवलं भोगयाले हु रसदा।

विष के समान दारुण दु:ख देने वाले विषय केवल भोगकाल में ही रस देने वाले होते हैं।

Worldly pleasures which give poison like pain give joy only at the time of enjoyment.

2870. विसयाणुभव-सुहं कया वि ण सगाहीणं।

विषयानुभव सुख कदापि स्वाधीन नहीं होता।

Enjoyment of worldly pleasure is never independent happiness.

2871. पराहीणं सबाहो दुहमइयं हु विसयसुहं।

विषयसुख पराधीन बाधासहित दु:खमिश्रित ही होते हैं।

Luxury is always dependent, with obstacles and painful.

2872. विसयचागो बालवत्थाए महापुरिसाणं वि दुल्लहो।

बाल्यावस्था में विषय त्याग महापुरुषों के लिए भी दुर्लभ है।

Renouncing worldly pleasures in the childhood is difficult even for the greatest men.

2873. मणोण्ण-विसयसेवणं वि केवलं तण्हा-विड्ढीए ण चित्त-तत्तीए।

मनोज्ञ विषयसेवन भी केवल तृष्णा वर्धन के लिए हैं न कि चित्त की तृप्ति के लिए।

Enjoyment of delightful worldly pleasures is only for increasing desires, not for the satisfaction of heart.

2874. अग्गिव्व अक्ख-विसय-तावो भासदे।

इन्द्रिय विषयों का संताप अग्नि की तरह प्रतिभासित होता है।

Grief of sensual pleasure is like fire.

2875. बहुरोगजुत्तदेहेण वि विसयवासणा दुच्चागणीया?

बहुरोगयुक्त देह द्वारा भी विषयवासना दुष्त्याज्य है।

Sensual pleasures are difficult to give up even by diseased body.

2876. संजमजलेण धोवेज्ज विसय-कसायमलपुंजं।

विषयकषाय रूपी मलपुंज को संयम रूपी जल से धोना चाहिए।

Dirt of worldly pleasures & passions should be washed by water of self-restraint.

विषयासक्त

2877. विसयंधस्स कुत्थ सुहं?

विषयांध को सुख कहाँ?

Where is pleasure for the one blind to worldly pleasures?

2878. विसयेसु अइ-आसत्ताणं वेरग्गं महादुल्लहं।

विषयों में अति आसक्त व्यक्तियों को वैराग्य महादुर्लभ है।

Detachment is very difficult for the people who are infatuated with worldly pleasures.

2879. पाय विसयासत्तण सव्व-गुणा विणस्संति।

प्रायश: विषयासक्त पुरुषों के सभी गुण नष्ट हो जाते हैं।

Generally all virtues of the people infatuated with worldly pleasures get destroyed.

विषाद

2880. कया वि णो कुणेदि विसादं सो सूरो।

जो कभी भी विषाद नहीं करता है वह शूरवीर माना जाता है।

One who never become sad is said to be a valiant.

2881. णाणी सूरवीरो ण विसूरंति कया वि।

ज्ञानी और शूरवीर को कभी भी विषाद नहीं होता।

Learned and valiant never sorrow.

वीतराग/वीतरागी

2882. चिंतदि सया वीयरायत्तं सो हु होज्ज वीयरायी।

जो सदा वीतरागता का चिंतन करता है वह नियम से वीतरागी होगा।

One who meditates over passionless will surely become dispassionate.

2883. चित्ते ण किं चि वि रायो सो वीयरायो।

जिस चित्त में किञ्चित् भी राग नहीं रहता है वह ही वीतरागी है।

The one in which even a little attachment doesn't remain is dispassionate.

2884. जस्स रायो वीदं सो वीयरायो।

जिसका राग चला गया है वह वीतराग है।

Whose affection has been destroyed is dispassionate.

2885. वीयरायेण विणा को समत्थो सहावं जाणेदुं?

वीतराग के बिना स्वभाव को जानने में कौन समर्थ है?

Who is able to know the nature without being dispassionate?

वृक्ष

2886. रुक्खो वि णरोव्व जम्मदि मरदि।

वृक्ष भी नरवत् जन्मता और मरता है।

Even a tree takes birth and dies like a person.

वृद्ध/वृद्धावस्था

2887. अइवुड्ढत्तस्स दीह-जीवणादो णिरोयिअ-वत्थाए अप्पजीवणं हु वरं।

अतिवृद्धावस्था के दीर्घ जीवन से निरोगी अवस्था का अल्पजीवन ही श्रेष्ठ माना जाता है।

Short healthy life is better than long life of old age.

2888. अइवुड्ढवत्थाए पाय मदिमंदा।

प्रायशः अतिवृद्धावस्था में मतिमंद हो जाती है।

Generally, people become slow-witted in old age.

2889. वुड्ढ-समीवे बहुमुल्ल-अणुभवधणं होदि।

वृद्धों के पास बहुमूल्यवान् अनुभव धन होता है।

Old people have precious wealth of experience.

2890. णाण-तव-वद-अणुभव-आउ-अवेक्खाए वुड्ढा समाजस्स बहुमुल्ल-कोसा।

ज्ञान, तप, व्रत, अनुभव, आयु की अपेक्षा जो कोई भी वृद्ध होते हैं वे समाज के अतिमूल्यवान् कोष माने जाते हैं।

People who are old regarding knowledge, austerity, vows, experience and age are considered precious wealth of the society.

2891. वुड्ढत्ते पुत्तो वि सत्तुव्व भासदि परमप्पं विणा ण को वि सहाई।

जिस वृद्धावस्था में पुत्र भी शत्रु के समान लगते हैं तब परमात्मा के बिना कोई सहायी नहीं है।

In the old state where even sons seem like enemies, there no one is the protector except God.

2892. लहुवयो दोसजुदो वुड्ढत्तं गुणजुदं णो एरिसो को वि णियमो।

लघुवय दोषयुक्त और वृद्धावस्था गुणयुक्त होती है ऐसा कोई नियम नहीं है।

There is no such a law that young age is faulty and old age is virtuous.

2893. जदा जोवणजुत्तो वि णाणी होदि तदा वुड्ढत्तस्स किं महच्चं?

जब यौवनयुक्त भी ज्ञानी होता है तब वृद्धावस्था का क्या महत्त्व?

When younger person is also learned then what is the importance of old age?

वेदना

2894. वेगजुद-णदिव्व णर-वेयणा अइतिव्वा जह णदी तडा धंसदि तह वेयणा हिअयं।

मनुष्य की वेदना अतितीव्र वेगयुक्त नदी के समान होती है जैसे नदी तटों को तोड़ती है वैसे ही वेदना हृदय को।

Pain of a person is like an intense river just like the river breaks the bank similarly pains break the heart.

वेदनीय कर्म

2895. वेयणीय-कम्म-खयेण विणा को वि जोगी णो समत्थो अव्वाबाह-गुणं लहेदुं।

वेदनीय कर्म के क्षय के बिना कोई भी योगी अव्याबाध गुण प्राप्त करने में समर्थ नहीं होता।

No ascetic is able to attain unperturbed quality without destroying feeling producing karmas (pathos functional).

2896. असादासादाकम्मंअणुभवावदि तं वेयणीयकम्मं।

जो साता या असाता कर्म का अनुभव कराने में समर्थ होता है वह वेदनीय कर्म है।

Karma which is able to produce feelings of delight and sorrow is feeling producing karmas or pathos functional.

वैभव

2897. विहवे मदजुत्तो दुहे पडणसीलो।

वैभव में मदयुक्त ही दु:ख में पतनशील होता है।

One who indulges in wealth receives decline.

2898. उरालत्तं विहव-भूसणं।

उदारता वैभव का आभूषण है।

Generosity is an ornament of prosperity.

2899. विसणहीणो हु विहवसीलो।

व्यसनहीन ही वैभवशील है।

Free from bad habits is prosperous.

2900. अंतरंग-एसज्जं विणा बहिरं णिरत्थगं।

अंतरंग ऐश्वर्य के बिना बाह्य ऐश्वर्य निरर्थक है।

Outer supremacy is useless without inner supremacy.

2901. जहेच्छ-धणाइजुत्तो हु विहवसीलो।

यथेच्छ धनादियुक्त ही वैभवशील है।

One who has desired money etc. is wealthy.

2902. परप्पर-चच्चेण जाणिज्जदि बुद्धि-विहवो।

परस्पर चर्चा से ही बुद्धि का वैभव जाना जाता है।

Power of mind is known only by conversing with one-another.

वैय्यावृत्ति

2903. वेय्यावच्चं तवेसु सेट्ठं।

वैय्यावृत्ति तपों में श्रेष्ठ है।

Service to the saints is best in all penances.

2904. वैय्यावच्चं पाण समो तवो सव्व तव देहेसु।

सभी तपरूपी देहो में वैय्यावृत्ति तप प्राण के समान है।

To serve a saint is like a soul in body of penance.

वैराग्य

2905. वेरग्गं सुह-साहणं।

वैराग्य सुख का साधन है।

Detachment is the cause of happiness.

2906. भव-देह-भोयादो विरत्ती हु वेरग्गं।

संसार, शरीर व भोगों से विरक्ति वैराग्य है।

Refrain from world , body and worldly pleasures is detachment.

2907. वेरग्गं हु मोक्ख-बीयं।

वैराग्य ही मोक्ष का बीज है।

Detachment is the seed of libration.

2908. वेरग्ग-पहिगस्स को समत्थो बाहं देदुं?

वैराग्य मार्ग पर चलने वाले को बाधा देने में कौन समर्थ है?

No one is able to block a detached person.

2909. वेरग्गं हु तव-मूलं जहा सम्मत्तस्स संजमो।

वैराग्य ही तपस्या का मूल है जैसे सम्यक्त्व का मूल संयम।

Detachment is the base of penance like restraint is of perception.

2910. वेरग्ग-बलं सव्वसेट्ठं।

वैराग्य का बल सर्वश्रेष्ठ बल है।

Power of detachment is the strongest power.

2911. भोये रोयभयं, धणे रायभयं, गुणे दुट्ठभयं, सत्थे वादभयं किंतु वेरग्गे ण कं वि भयं।

भोग में रोग भय, धन में राज्य भय, गुण में दुष्ट भय, शास्त्र में वाद भय किन्तु वैराग्य में कोई भी भय नहीं है।

There is fear of disease in enjoyments, kingdom in wealth, wicked in virtues and dispute in scriptures but there is no fear in detachment.

2912. वेरग्गिओ णाणी संजमजुदो तवसी।

वैराग्य युक्त ज्ञानी संयमयुक्त तपस्वी है।

One who is endowed with detachment is learned and endowed with restraint is an ascetic.

व्यय

2913. आयणुरूवेणं वयं ववत्थिदं करदि सज्जणा।

आय के अनुसार व्यय को सज्जन व्यवस्थित करता है।

Virtuous manages expends according to income.

2914. आय-वयस्स णिरवेक्खो णाणी हु मूढो।

आय व्यय के निरपेक्ष ज्ञानी ही मूर्ख है।

Indifferent knower of income and expense is foolish.

2915. सगायणुसारेण विच्चेज्ज।

अपनी आयानुसार व्यय करना चाहिए।

One should expend according to one's income.

व्यर्थ

2916. विहा णह-छेदग-तिणस्स परसु-पओगो।

नख से छेदने में समर्थ तृण के लिए परशु का प्रयोग व्यथा ही माना जाता है।

Halberd is useless in piercing straw which can be pierced by nails.

2917. विहा सुक्क-खेत्ते मेहविट्ठी।

धान्यखेत के सूख जाने पर मेघवृष्टि व्यर्थ है।

Rain is useless in the dry field.

व्यवहार

2918. लोगववहारं णो विरोहेज्ज।

लोकव्यवहार का विरोध नहीं करना चाहिए।

One should not oppose public behaviour.

2919. आदाण-पदाणस्स माप-भिण्णदा ववहारं दूसदि।

आदान-प्रदान के मापकों की भिन्नता व्यवहार को दूषित कर देती है।

Divergence of measure of give and take pollutes the behaviour.

2920. बंधुवग्गे अणुचिद-ववहारं कयावि णोचिदं।

बंधुवर्ग में अनुचित व्यवहार कभी भी उचित नहीं है।

Unpleasant behaviour among friends is never fair.

2921. विणा विसेसववहारेण ण जणा कया वि तिप्पंति।

बिना विशेष व्यवहार के लोग कभी भी संतुष्ट नहीं होते।

People never get satisfied without special behaviour.

2922. विणा सामण्ण-विसेसववहारेण णो लोय-ववहारो।

बिना सामान्य, विशेष व्यवहार से लोक व्यवहार नहीं चलता।

Public behaviour don't go on without general and special behaviour.

व्यसन

2923. वसण-चागं विणा सव्व-वद-सुद-तवा णिप्फला।

व्यसन के त्यागे बिना सभी व्रत-तप-श्रुत निष्फल होते हैं।

All vows, austerity and scriptures are useless without giving up bad addictions.

2924. एगेण वि जणो णस्सदि सुगुणा बहुवसणाण का कहा?

एक व्यसन से भी व्यक्ति सुगुणों को नष्ट कर देता है अनेक व्यसनों की क्या कथा?

Person destroyes his virtues with a bad habit also then what can be said for many bad habits?

2925. वसणेण को ण लहदि दुग्गदिं।

व्यसन से कौन दुर्गति प्राप्त नहीं करता।

Who doesn't have a bad condition from bad addictions?.

2926. जूअं वसण-मूलं।

जुआ सभी व्यसनों का मूल माना जाता है।

Gamble is considered root of all bad habits.

2927. महापावरूव-वसणाणि उज्झदि सो सुही।

महापाप व्यसनों को जो त्यागता है वह सुखी होता है।

He who gives up bad habits which are the cause of heinous sin remains happy.

2928. जिणपूया गुरुसेवा उवयारो विज्जज्झणं सुपत्तदाणं च पंचवसणाणि हु सुहाणि इहलोयम्मि।

इस लोक में पाँच व्यसन शुभ हैं-जिनपूजा, गुरुसेवा, उपकार, विद्याध्ययन और सुपात्रदान।

Five addictions are auspicious in the world-worshiping jina, serving preceptor, studying scriptures & donating to recipients.

व्रत

2929. हिंसाइ-पाव-भाव-वज्जणं हु वदं।

हिंसादि पाप भावों का वर्जन ही व्रत है।

Destroying inauspicious deeds like violence etc. is vow.

2930. सावयस्स पंचणुव्वदं सत्तसीलव्वदं च।

श्रावक के पंचाणुव्रत और सप्त शीलव्रत होते हैं।

There are five atom vows and seven sheel vrit (rules of conduct) of a layman.

2931. सीलव्वदं अणुव्वद-रक्खाए गुणवड्ढग-कारणं च।

शीलव्रत अणुव्रत के रक्षक और गुणवर्धक कारण माने जाते हैं।

Sheel vrit (Rules of conduct) are considered cause in protecting atom vows and increasing virtues.

2932. विणा वदेण को वि पाव-कारणं उज्झिदुं ण समत्थो।

बिना व्रत के कोई भी महापुरुष पाप के कारण त्यागने में समर्थ नहीं होता।

No greatman is able to give up sins without vows.

2933. वरो पाणचागो वदभंगजीवणादो।

व्रतभंग के जीवन से प्राण त्याग श्रेष्ठ है।

Sacrificing life is better than breaking vows.

2934. विणा वदेण जीवणं णिरत्थगं।

बिना व्रत के जीवन निरर्थक होता है।

Life is useless without vows.

व्रती

2935. हिंसाइ-पंच-पावादो विरत्तो वदी।

हिंसादि पाँचपापों से जो विरक्त है वह व्रती है।

One who is detached from five sins like violence etc. is a vower.

शक्ति/समर्थ

2936. उहयलोयम्मि हिदंकरा सत्ती हु परमत्थिय-सत्ती।

उभयलोक में हितकारी शक्ति ही पारमार्थिक शक्ति है।

Beneficent power is a spiritual power in both worlds.

2937. अइसमत्थ-पुरिसाण दोसं देदुं को वि ण समत्थो।

अति सामर्थ्यवान् पुरुष को दोष देने में कोई भी समर्थ नहीं है।

No one is able to blame capable person.

2938. बहु-असमत्था पुरिसा सत्तिमंताणं किं चि वि ण अहिदं करिदुं समत्था।

बहुत से असमर्थ पुरुष शक्तिमान् का कुछ भी अहित करने में समर्थ नहीं होते हैं।

Many incapable men aren't successful in doing wrong with strong people.

2939. समत्थस्स किं भारो असमत्थस्स किं सहजो य? ण किं वि।

समर्थ को क्या भार है और असमर्थ को क्या सहज है? कुछ भी नहीं।

What is hard for capable and what is simple for incapable? Nothing!

2940. सत्तिमंतो हणदि दुब्बलं।

शक्तिमान् दुर्बल का हनन करता है।

Powerful harms weak.

2941. जदा जस्स उक्किट्ठो समयो सो हु बलवंतो।

जब जिसका उत्कृष्ट समय होता है तब वह ही बलवान् माना जाता है।

One is assumed strong only at one's good time.

शक्तिहीन

2942. सत्तिहीणस्स को मित्तं?

बलहीन का कौन मित्र है? कोई नहीं।

Who is a friend of weak? No one!

शत्रु

2943. जाणिच्चा सत्तु-वियारं करेज्ज पडिकिरियं।

शत्रुओं के विचार को जानकर प्रतिक्रिया करना चाहिए।

One should react after knowing about the thoughts of enemy.

2944. जाव सत्तू मित्तं ण होदि ताव सत्तू।

जब तक शत्रु मित्र नहीं होता तब तक शत्रु शत्रु ही रहता है।

Until enemy doesn't become a friend till then enemy remains an enemy.

2945. जाव सत्तू सत्तुत्तं ण मुंचदि ताव जागरुओ होज्ज।

जब तक शत्रु शत्रुता नहीं छोड़ता तब तक उससे सचेत रहना चाहिए।

Until enemy doesn't leave enmity till then one should be alert from him.

2946. मद-कोह-मच्छर-अविवेगाइ-भावा परमट्ठेण जीवाणं सत्तू।

परमार्थ से अहंकार, क्रोध, मात्सर्य, अविवेक आदि भाव संसारियों के शत्रु होते हैं।

From ultimate point of view ego, anger, envy and imprudence etc. are the enemies of worldly souls.

2947. लोए मित्तस्स सत्तू वि सत्तू सत्तुणो मित्तं वि।

लोक में मित्र का शत्रु भी शत्रु होता है शत्रु का मित्र भी शत्रु होता है।

Enemy of friend is also an enemy and friend of enemy is also an enemy in the world.

2948. रिण-रिउ-रोय-हीणो सुही।

ऋण, शत्रु और रोग से विहीन सुखी है।

Devoid of debt, enemy & disease is blissful.

2949. रिणं वि रिउव्व।

ऋण भी रिपु (शत्रु) की तरह है।

Debt is also like an enemy.

2950. जस्स गुणा वि दोसोव्व दिस्संति सो सत्तू।

जिसके गुण भी दोष की तरह दिखते हैं वह शत्रु है।

Whose virtues also look like faults he is an enemy.

शराबी

2951. सुह-सायरे जिणवाणि-पिया बूडंति भवसायरे वारुणि-पिया।

जिनवाणी प्रिय सुख सागर में डूबते हैं और शराब प्रिय भव सागर में डूबते हैं।

Scripture loving attain pleasure and drinker falls down in the ocean of the world.

2952. को ण लहदि दुग्गदिं वारुणि-पियो।

कौन शराबी दुर्गति नहीं प्राप्त करता है?

Which drinker doesn't receive catastrophe?

शांति

2953. विअप्पेहिं आउलचित्तं संति ण लहदे कया।

विकल्पों के द्वारा आकुल चित्त कभी शांति प्राप्त नहीं करता।

Anxious heart never gets peace from alternatives.

2954. कसायाणं समदसा संती।

कषायों की साम्यावस्था शान्ति है।

Soft state of passions is tranquility.

2955. जत्थ कलहो तत्थ ण संती।

जहाँ कलह रहती है वहाँ शान्ति संभव नहीं है।

Where there is strife, tranquility is not possible.

2956. जत्थ सव्व-वण्ण-जादीणं णरा पेम्म-पुव्वगं वसंति तत्थ सुह-संती य सव्वदा।

जिस स्थान में सर्व वर्ण और जाति के नर प्रेमपूर्वक रहते हैं उस स्थान पर नियम से सुख शान्ति होती है।

The place where people of all classes and castes live lovingly, tranquility is surely there.

2957. जत्थ जीववहो णो सुह-संती तत्थ।

जिस स्थान पर जीववध होता है वहाँ सुख शान्ति नहीं रहती है।

Where creatures are killed, there is no tranquility.

2958. जत्थ खेत्ते अग्गजाण सम्माणो बालाणं वच्छल्लं बुड्ढाणं सेवाभावो समवयाणं अकारण-पेम्मो तत्थ सुह-संती वड्ढदि।

जिस स्थान पर अग्रेजों के प्रति सम्मान, बालकों के प्रति वात्सल्यभाव, वृद्धों के प्रति सेवाभाव तथा समवयों के प्रति अकारण प्रेम होता है वहाँ नियम से सुख-शान्ति बढ़ती है।

Where there is respect for elders, affection for children, service for old people and unreasonable love for other people, tranquility surely increases.

2959. जत्थ बहु-कला-विज्जा-अभिविज्जा वड्ढंति तत्थ सुह-संती।

जहाँ अनेकविध कला, विद्या, अभिविद्या बढ़ती है उस क्षेत्र को सुख शान्ति नहीं त्यागती है।

Where there is many types of arts, cognition, literacy increases tranquility doesn't give up that place.

2960. सस्सद-संती णिय-चितम्मि विज्जदि ण हु अण्णत्त लोए।

शाश्वत शांति निज चित्त में विद्यमान है लोक में अन्यत्र नहीं।

Eternal peace exists in one's own heart and no where else in the world.

2961. पर-दिट्ठंतो वि सग-संति-कारणं।

दूसरे का दृष्टान्त भी स्वकीय शान्ति का कारण होता है।

Example of others is also the cause of self peace.

2962. पत्तेगं णरे त्तं संती सुई अज्झप्पुण्णदी य होज्ज।

प्रत्येक मनुष्य में आरोग्य, शान्ति, पवित्रता और आध्यात्मोन्नति होनी चाहिए।

Progress of health, tranquility, holiness and spiritual mind should be in every person.

2963. जो विस्सम्मि संतिं ठाविदुं समत्थो सो हु संतव्व।

जो विश्व में शांति स्थापित करने में समर्थ होता है वह ही संत पुरुष के समान है।

One who is able to establish peace in the universe, is like an ascetic.

2964. असंतचित्तस्स कुत्थ संती?

अशांतचित्त के लिए कहाँ शान्ति?

Where is peace for restless mind?

शास्त्र

2965. णाणप्पदं कसायहारगं इंदियदमण-कारगं सुहसंतिहेदू य सम्म-सत्थं।

ज्ञानप्रद, कषायहारक, इन्द्रिय दमन के कारण और सुख शान्ति के हेतु ही सम्यक्शास्त्र हैं।

Scriptures which give knowledge, destroy passions are the cause of repressing senses and give tranquility, are right scriptures.

2966. संसारीणं मादुव्व हिदंकरं हु परमट्ठेण सत्थं।

संसारी प्राणियों का माता के समान हित करने वाले परमार्थ से शास्त्र हैं।

From ultimate point of view, scriptures are those which do good to other people like a mother.

2967. वीयरायि-सव्वण्हु-सव्वहिदंकर-जिणदेवेण उवदिट्ठं सत्थं।

जो वीतरागी सर्वज्ञ सर्वहितंकर जिनदेव द्वारा उपदिष्ट हैं वे सम्यक्शास्त्र हैं।

Right scriptures are those which are said by jina who is dispassionate, omniscient and benevolent to all.

2968. जोदिस-वत्थु-सिद्धंत-अज्झप्पगंथो कयावि कस्स वि किं चि वि याले मिच्छा ण होंति।

ज्योतिषशास्त्र, वास्तुशास्त्र, सिद्धांतशास्त्र, अध्यात्म ग्रंथ कभी भी किसी के भी किञ्चित् काल में भी मिथ्या नहीं होते।

Astronomy, architecture, siddhant and spiritual scriptures are never false.

शिक्षा

2969. सिट्ठ-सयायारिणो सुसिक्खा हु आहारो।

शिष्ट सदाचारी नर के लिए सद्शिक्षा ही आधार होती है।

Ture education is the base of good conducted people.

2970. विणा सुसत्थेण को वि सुसिक्खं लहिदुं ण समत्थो।

बिना सम्यक्शास्त्रों के कोई भी सुशिक्षा प्राप्त करने में समर्थ नहीं होता।

No one is able to get true education without right scripture.

2971. सुसिक्खा सुहिद-समिद्ध-संत-जीवणाहारो य।

सुशिक्षा सुहित, समृद्ध व शान्त जीवन का आधार होती है।

Good education is the base of benevolent, prosperous and peaceful life.

2972. विणा सुसिक्खाए णरा पसुव्व।

बिना सुशिक्षा के सभी नर पशुवत् माने जाते हैं।

All persons are assumed like animals without good eduction.

2973. बालाणं वच्छलेण सुसिक्खं दाएज्ज।

बालकों को वात्सल्यपूर्वक सुशिक्षा देनी चाहिए।

Good education should be given affectionately to the children.

2974. जुवाणं अणुसासणेण जोग्ग-सिक्खं दाएज्ज।

युवाओं को अनुशासन पूर्वक योग्य शिक्षा देनी चाहिए।

Youth should be given eminent and disciplined education.

2975. बुड्ढाणं आयरेण भावणाजुत्त-सिक्खं दाएज्जा ।

वृद्धों को आदरपूर्वक भावनायुक्त शिक्षा देनी चाहिए।

Education should be given respectfully and emotionally to old people.

2976. जुवदीण सक्किदि-रक्खाए सिक्खं दाएज्ज।

युवतियों को संस्कृति की रक्षा हेतु शिक्षा देनी चाहिए।

Education for the protection of culture should be given to young girls.

2977. बुड्ढीणं ईसोवासणा-पुव्वं सहजपरिणाममय-सक्किदिवड्ढग-सुसिक्खं दाएज्ज।

वृद्धाओं को ईशोपासनापूर्वक सहजपरिणाममय संस्कृति वर्धक शिक्षा देनी चाहिए।

Culture growing education should be given with worshipping God to old women.

2978. जदि वच्छलेण सिक्खं दाएज्ज ता पसु-पक्खीण वि सिक्खा संभवो।

यदि वात्सल्यपूर्वक शिक्षा दी जाए तो पशु-पक्षियों के लिए भी शिक्षा संभव है।

If education is given affectionately then it can be given to animals and birds also.

2979. सगासिदा जदणेण सिक्खंति पसंसणीया गुरु-जणग-मित्ताइ-जणा।

वे गुरु, जनक, मित्रादि प्रशंसनीय होते हैं जो निज आश्रितों को यत्नपूर्वक सुशिक्षा देते हैं।

Preceptor, father and friends are praise worthy who give education to the one's dependant on them.

2980. पओगेसु सिक्खाए परिक्खणं होज्ज पडिपलं।

प्रयोगों में शिक्षा की प्रतिपल परीक्षा होती है।

Education is examined every monent during usage.

2981. अप्पओगी सिक्खा णिरत्थगा।

अप्रयोगी शिक्षा निरर्थक है।

Non-experimental education is useless.

शिव

2982. सव्व-कम्म-रहिदा सिद्धा हु सिवा।

सभी कर्मों से रहित सिद्ध ही शिव कहे जाते हैं।

Emancipated souls, devoid of all karmas are called shiva.

2983. सिव-णामं वि लोक-कल्लाणकरं।

शिव नाम भी लोक कल्याणकारी माना जाता है।

Shiva is also considered auspicious for the

world.

शिष्य

2984. जदा सिस्सो समत्थो तदा गुरू वि णिराउलो।

जब शिष्य समर्थ होता है तब गुरु भी निराकुल होता है।

When disciple is capable then preceptor is also devoid of distress.

2985. सिस्सुण्णदीए गुरू णंददि।

शिष्यों की उन्नति से सुगुरु भी आनन्दित होते हैं।

Preceptor gets bliss from the progress of disciples.

2986. गुरु-देसणाए संपुण्ण-फलं लहिदुं मेत्तं सिस्सो हु समत्थो।

गुरु की देशना का सम्पूर्ण फल प्राप्त करने में मात्र शिष्य ही समर्थ है।

Only disciple is able to get the fruition of all preachings of a preceptor.

2987. सुपत्तस्स संपत्ती, सुसिस्सस्स विज्जा, सज्जणस्स सुकिदि-आदी ण खयंति।

सुपात्र को दी गई सम्पत्ति, सुशिष्य को दी विद्या, सज्जन को दी गई सुकृति आदि क्षीण नहीं होती।

Wealth given to good recipient, knowledge given to good disciple, good composition given to gentle man never diminish.

शील

2988. सीलवंतस्स सीलं हु भूसणं वरं।

शीलवान् नर का शील ही श्रेष्ठ भूषण है।

Conduct is the best ornament of a conducted person.

2989. उहयलोए पसंसणीयो सीलवाणो ।

उभयलोक में शीलवान् प्रशंसनीय है।

Good conducted person is admirable in both worlds.

2990. सीलस्स पहावेण जलं थलं अग्गी वि सीयलजलं।

शील के प्रभाव से जल स्थल और अग्नि भी शीतल जल हो सकती है।

Water may become earth and fire may also become cool from the effect of good conduct.

2991. सीलजुत्तो मिदो सुहं लहदि भवे-भवे।

शीलयुक्त मृतक प्राणी भव-भव में सुख प्राप्त करता है।

Good conducted person attains pleasure even after death in many birth.

2992. सीलसिद्धी पहाणा सव्वसिद्धीसुं।

सर्वसिद्धियों में शील की सिद्धि प्रधान है।

Accomplishment of conduct is prime in all accomplishments.

2993. सीलं चित्तसुद्धि-कारणं तं सिवस्स णंदस्स च कारणं।

शील चित्त की पवित्रता का कारण है इसीलिए शील ही शिवत्व और आनन्द का कारण है।

Good conduct is the cause of purity of the heart so it is the cause of liberation and bliss.

2994. सीलवंत-सम्मुहे देवा असुरा णरा वि दासत्तं लहंति।

शीलवान् के सम्मुख देव, असुर और नर भी दासत्व प्राप्त करते हैं।

The gods, demons and people also become slave in front of the good conducted.

2995. सयायार-सुगुण-बंभचेर-पालणं सीलवदं।

सदाचार, सद्गुण और ब्रह्मचर्य का पालन करना शीलव्रत है।

Observing good conduct, virtues and chastity is supplementary vows.

2996. वद-पव्व-दिणेसु य सीलं पालेज्ज णियमेण।

व्रत और पर्व के दिनों में नियम से शील का पालन करना चाहिए।

One should observe chastity in the days of vows and festivals.

2997. सव्वसीलवंतेसु जेट्ठो जो संतुट्ठो।

जो संतोष का पालन करता है वह सभी शीलवंतों में बड़ा है।

One who is contented is eldest among all conducted people.

2998. विहव-भूसणं सज्जणदा सोरिअस्स खमा, णाणस्स विणयो धणस्स पत्तदाणं तवस्स य संती तहा सव्वपाणि-भूसणं सीलधम्मो।

जैसे वैभव का आभूषण सज्जनता, शूरता का क्षमा, ज्ञान का विनय, धन का पात्रदान, तप का शान्ति है वैसे सभी प्राणियों का आभूषण शीलधर्म है।

As goodness is an ornament of wealth, forgiveness of bravery, donating to recipient of money, tranquility of austerity similarly good conduct is an ornament of all living being.

2999. सीलधम्म-पहावेण अग्गी सीयलो, जलं थलोव्व, भयंकरो सीहो मिगरोव्व विसं च अमियव्व होज्ज।

शील धर्म के प्रभाव से अग्नि शीतल रूप, जल स्थल रूप, भयंकर सिंह मृगरूप और विष अमृत रूप होते हैं।

Fire may become cool, water may become land, dangerous lion may become like deer and poi-

son may become like nector from the effect of good conduct.

शुद्ध

3000. सदासय-हेदुभूदकिरिया असुद्धे वि महासुद्धा।

सद् आशय की हेतुभूत क्रिया अशुद्ध होने पर भी महाशुद्ध कहलाती है।

If work is done by good intention then even being impure it is considered highest form of purity.

3001. सुद्धभावजुत्तो सव्वत्थ सोहदे।

जो शुद्धभावों से युक्त हो वह सर्वत्र शोभता है।

One who is endowed with pure thoughts splendid everywhere.

3002. जस्स चित्तं सुद्धं तस्स सव्ववत्थुं सुद्धि-कारणं।

जिसका चित्त शुद्ध होता है उसके लिए सभी वस्तु शुद्धि का कारण हैं।

All things are the cause of purity for him whose heart is pure.

3003. जस्स कुलं सुद्धं तस्स पुत्तो वि सयायारी कुलीणो य।

जिसका कुल शुद्ध होता है उसका पुत्र भी सदाचारी और कुलीन होता है।

Whose family is pure, his son is also become good conducted and well mannered.

शुभ

3004. एगच्छिल्लो काणो ण सुहो मण्णे लोए।

एक आँख वाला काणा कहलाता है वह लोक में शुभ नहीं माना जाता है।

One eyed man is not considered auspicious in

the world.

3005. णियसुहकम्मं हु महारक्खगं देहीणं।

प्राणियों के निज शुभ कर्म ही महा रक्षक होते हैं।

Only auspicious karmas are the protectors of the living beings.

शूरवीर

3006. सूरो रणे पिट्ठं ण देदि कयावि।

शूरवीर युद्ध में कभी पीठ नहीं देता।

Valiant never turns his back from the battle.

3007. सूरिंदोव्व सूरवीरो भूमंडले भंति।

सूर्य और इन्द्र के समान शूरवीर भूमण्डल पर चमकते हैं।

Vigorous shine on the earth like sun & moon.

3008. जस्स सूरस्स दक्खिणे हत्थे परक्कमो तस्स वामहत्थे हु विजयो।

जिस सुभट के दाहिने हाथ में पराक्रम है उसके वाम हाथ में विजय रहती है।

Which valiant has vigour in right hand,victor remains in his left hand.

3009. आपदे सूरा पाणा उज्झंति किंतु ण कुव्वंति अहमकज्जं।

आपदकाल में वीर पुरुष अपने प्राण दे देते हैं किन्तु अधम कार्य नहीं करते हैं।

Courageous people abandon their lives at the time of adversity but don't do low deeds.

शोक

3010. सज्जणा सोगं हु महाविसं मण्णंते।

सज्जन शोक को ही महाविष मानते हैं।

Gentle men consider sorrow a poison.

3011. **सोगो हु महापिसल्लो सुहसंतिं णस्सदि जो।**

शोक ही महापिशाच है जो सुख शान्ति को नष्ट करता है।

Sorrow is the greatest demon which destroys tranquility.

शोभा

3012. **रायहंसेण माणसरोवरं सोहदि णो सयबयेहिं।**

एक राजहंस से मानसरोवर की जो शोभा होती है हजारों वकों से नहीं।

As much Maansarovar looks beautiful from a swan that is impossible from thousands of herons.

3013. **पुप्फभारेण लया सीलभारेण इत्थी जहा सोहंति तहेव अत्थभारेण कव्वं।**

जैसे पुष्प के भार से लता और शील के भार से स्त्री शोभती है वैसे अर्थ के भार से काव्य शोभित होता है।

As vine seems beautiful with flowers and woman with good conduct similarly meaningful poem looks graceful.

3014. **सुकव्वं विणा सहा कुलंगणं विणा गिहं ण सोहेज्ज तह सुपत्तदाणं विणा धम्मो।**

जैसे सुन्दर काव्य के बिना सज्जनों की सभा और कुलंगना के बिना घर नहीं शोभता वैसे सुपात्रदान के बिना धर्म नहीं शोभता।

Like assembly of virtuous men doesn't look graceful without good poetry and house without good conducted wife similarly religion without donating to good recipient.

3015. **जहा चंदं विणा णिसा अक्कं विणा दिणं ण सोहेज्ज तहा साहुं विणा समाजो।**

जैसे चन्द्र के बिना रात्रि और सूर्य के बिना दिन नहीं शोभता वैसे साधु के बिना समाज नहीं शोभता।

As night doesn't look graceful without moon and day without sun similarly society doesn't look good without saints.

श्रद्धा

3016. **सद्धाए विणा अत्थ-णाणं सुभावेहि विणा च पुरिसस्स कल्लाणं असंभवो।**

श्रद्धा के बिना पदार्थ का ज्ञान तथा सुभावों के बिना पुरुष का कल्याण असंभव है।

Knowledge of substances without faith and welfare of a person without the good feelings is impossible.

3017. **सुसद्धा सया वंदणीया सा पाणीणं इयर-चेयणा।**

सम्यक्श्रद्धा सदा वंदनीय है वह ही प्राणियों की इतर चेतना है।

Right faith is always worthy of honour, it is the second conscience of living beings.

3018. **सद्धा-रज्जं जत्थ सुहाणुभूदी तत्थ।**

जहाँ श्रद्धा का राज्य होता है वहाँ नियम से सुखानूभूति होती है।

Where there is rule of faith, there is realisation of happiness.

श्रम

3019. **समज्जिद-धण-बल-विज्जा सुह-कारणं।**

श्रम में अर्जित धन, बल और विद्या सुख का कारण ही है।

Money, strength and knowledge gained by efforts are the cause of happiness.

श्रमण

3020. **रयणत्तय-जुत्तो जहाजादो दियंबरो समणो।**

रत्नत्रय से युक्त यथाजात दिगम्बर श्रमण हैं।

Monk with three jewels is Digamber ascetic.

3021. राय-दोस-विमुत्तो समणो हु पुरिसुत्तमो।

राग द्वेष विमुक्त श्रमण ही पुरुषोत्तम हैं।

Saint devoid of attachment and malice is the supreme being.

3022. सग-देसुण्णदीए समणो समिगो य सच्चजुदो होज्ज।

स्वयं और देश की उन्नति के लिए श्रमण और श्रमिक को सत्ययुक्त होना चाहिए।

Saints and workers should be truthful towards self & country's progress.

3023. असुह-सुह-णिवित्ति-मग्गो समण-धम्मो।

अशुभ-शुभ निवृत्ति मार्ग श्रमण धर्म है।

Inauspicious & auspicious cessation is ascetic religion.

श्रावक

3024. सुसद्धाए सविवेगेण धम्मकारगो सावयो।

सम्यक् श्रद्धा-विवेक के साथ धर्मक्रिया करने वाला श्रावक है।

Doer of religious activities with right belief and discrimination is layman.

3025. अप्पहिदत्थीण सावय-धम्मो रुच्चदे।

आत्महितार्थियों के लिए श्रावक धर्म रुचता है।

Self-beneficiary likes religion of layman.

श्रीमान

3026. किं ण लहंति सज्जणा सिरीमंताणं आसयेण?

श्रीमंतों के आश्रित रहने से सज्जन क्या प्राप्त नहीं कर सकते?

What virtuous people can not attain from leaning on wealthy?

3027. धीमंतो सिरीमंतादो अइपुज्जो।

धीमान् श्रीमान् की अपेक्षा अधिक पूज्य होता है।

Learned is more venerable than wealthy person.

श्रृंगार

3028. साहु-सरीरोवरि जल्लमलं साहु-सिंगारो।

साधुओं के शरीर पर जमा जल्ल-मल ही साधुओं का श्रृंगार है।

Dirt exist on the body of ascetics is their adornment.

3029. साहु-सेवाए तणं सिंगारेज्ज मणं य तच्च-चिंतणेण।

तन का श्रृंगार साधु सेवा से और मन का तत्त्वचिंतन से करना चाहिए।

Body should be adorned by the service to saints and heart should be adorned by thinking over reality.

3030. वेरग्गं संजम-सिंगारो।

वैराग्य संयम का श्रृंगार है।

Detachment is the adornment of restraint.

3031. जिणभत्ती सम्मत्त-सिंगारो।

जिनभक्ति सम्यक्त्व का श्रृंगार है।

Devotion to jina is an ornament of right faith.

श्रेयस्कर

3032. णो सया कडुदा ण सरलदा सम्मा।

न तो सदा कठोरता उचित है न ही सरलता।

Neither harshness nor simplicity is always good.

3033. मुहुत्ते दहणं सेयकरं णो चिरं धूमाणं।

एक मुहूर्त में जलना ही श्रेयस्कर है न कि चिरकाल तक धुआँ करना।

Burning in a moment is better than not smoking till long time.

संकल्प

3034. असुह-संकप्पेण को ण लहदि संकडं?

अशुभ संकल्प से कौन संकट प्राप्त नहीं करता?

Who doesn't get dire difficultly from inauspicious determination?

संक्लेशता

3035. संकिलेसो भवसायरे पडणस्स जिण्णणावा।

संक्लेशता संसार सागर में डुबाने वाली टूटी नाव है।

Passionate thought activity is broken boat which drowns in world sea.

3036. बहुपरिग्गहो परिचओ य संकिलिट्ठ-कारणं।

बहु परिग्रह और परिचय नियम से संक्लेशता का कारण है।

Accumulation and acquaintance is the cause of passionate thought activity.

3037. जत्थ विगिद-परिणामो तत्थ हु संकिलिट्ठ-भावो।

जहाँ विकृत परिणाम होते हैं वहाँ नियम से संक्लेशित भाव होते हैं।

Where there is mutilated thoughts, there is distressed feelings.

3038. विसंवादो संकिलिट्ठ-कारणं।

विसंवाद संक्लेशता का कारण है।

Argument is the cause of passionate thought activity.

संगति

3039. सुवण्णं होदि अयं पारस-संजोगेण।

पारसमणि के संयोग से लोहा सोना हो जाता है।

Iron becomes gold by touching the elixir.

3040. कुसंगेण जीवणादो मरणं वरं।

कुसंग के साथ जीने से मरना अच्छा है।

Death is better than bad company.

3041. साहुसंगदि-जोगेण भव्वो लहदि सुगदिं।

साधुसंगति के योग से भव्य सुगति को प्राप्त करते हैं।

Accomplishable soul gets good transit from the company of saint.

3042. गुणा दोसा हु वत्थु-संसग्गेण।

गुण दोष वस्तु के संसर्ग से ही दिखाई देते हैं।

Qualities and faults become visible from association with the things.

3043. खलेण सह जीवा दुक्खं लहंति जहा खलिणा सह चक्खू।

दुष्ट के साथ रहने से जीव दु:ख प्राप्त करते हैं जैसे खली के साथ चक्षु।

Living with wicked people, worldly souls get pain as eyes with oil-cake.

3044. साहु-संगदिं करेज्ज हु भव्वा।

भव्यों को नियम से ही साधु और सज्जनों की संगति करनी चाहिए।

Accomplishable souls should accompany the saints and virtuous people.

3045. चंदणरुक्खेहिं सह सामण्णरुक्खो वि गंधजुत्तो होदि तहा साहुसंगदी।

चंदन के वृक्ष के साथ सामान्य वृक्ष भी सुगंधयुक्त हो जाता है

वैसे ही साधुसंगति।

Normal trees also become fragrant with sandal tree similar is the company of ascetic.

3046. पारसेण सह लोहं वि सुवण्णं होज्ज तहा सुसंगेण सामण्णजणो वि सज्जणो।

पारसमणि के साथ जैसे लोहा सुवर्ण हो जाता है वैसे सत्संगति से सामान्य जन भी सज्जन हो जाता है।

As iron becomes gold with elixir similarly ordinary people become virtuous with good company.

3047. धणिणा सह णिद्धणो धणी ण होदि तहा सुवण्णेण सह लोहं ण सुवण्णं।

धनी के साथ निर्धन धनी नहीं होता जैसे सुवर्ण के साथ लोहा सुवर्ण नहीं होता।

Poor doesn't become rich by being with the wealthy as iron doesn't become gold by being with gold.

3048. साहुसंगदी सुह-मंगल-वच्छल्ल-जसाणं च कारणं।

साधुसंगति सुख, मंगल, वात्सल्य और यश का कारण होती है।

Company of an ascetic is the cause of pleasure, welfare, affection & glory.

3049. किं साहुसंगदी-मंगलं ण करेदि?

साधु की संगति क्या मंगल नहीं करती?

Does company of an ascetic not do welfare?

3050. जहा संगदी तहा आयरो।

जैसी संगति वैसा आदर।

As there is company, so there is honour.

3051. साहुसंगदी हु दुल्लहा।

साधु की संगति ही दुर्लभ है।

Company of an ascetic is rare.

3052. पुण्णोदयेण विणा सज्जणाणं सज्जणेहिं संसग्गो ण।

पुण्योदय के बिना सज्जनों का सज्जनों से संसर्ग नहीं होता।

Virtuous people don't meet virtuous people without rise of merits.

संगीत

3053. सव्व-कलासुं संगीदं सुरम्मं।

सर्व कलाओं में संगीत सुरम्य है।

Music is pleasing among all arts.

3054. दुक्खं हरदि गायणं।

गायन दुःख दूर करता है।

Singing removes pain.

3055. कस्स चित्तं णो हरदि संगीदं?

संगीत किसका चित्त नहीं हरता है?

Whose heart is not stolen by music?

संतति

3056. बहुसंततिजुत्तो मण्णे संघस्ससीलो।

बहुसंततियुक्त संघर्षशील माना जाता है।

A person who has many children is considered struggler.

3057. गुणहीणाणं बहुसंतती दुह-कारणं।

गुणहीनों के लिए बहुसंतति दुःख का कारण है।

Many children are cause of sorrow for people without virtues.

3058. गुणजुत्ता बहुसंतती हु लोगपुज्जा किंतु णो गुणहीणा।

गुण युक्त बहुसंतति ही लोकपूज्य है किन्तु गुणहीन उसके विपरीत है।

Virtuous many children are venerable in the world but devoid of virtues its opposite.

3059. भवसुहस्स दुहस्स वा मूलकारणं कम्मं ण बहुसंतती।

भव सुख या दु:ख का मूल कारण कर्म है न कि बहु संतति।

Main cause of joy or sorrow of the world is karma not many children.

सन्तोष/संतोषी

3060. परदव्वेसु णिराकंखी संतोसी।

परद्रव्यों में निराकांक्षी सन्तोषी है।

A person who is free from desire of alien substances is a contented person.

3061. जस्स भूसणं संतोसो देवा वि सेवगा तस्स।

संतोष जिसका आभूषण है उसके देव भी सेवक बन जाते हैं।

Devas serve him whose ornament is patience.

3062. दिव्व-णिहीए लाहं लहिच्चा को जणो ण तिप्पदि?

दिव्यनिधि के लाभ को प्राप्त करके कौन संतुष्ट नहीं होता?

Who doesn't get satisfied by getting the divine wealth?

3063. इहलोयम्मि धीमंताण बहि-अत्थेहिं तुट्ठी दुल्लहा।

इस लोक में सुधीजनों की बाह्य पदार्थों द्वारा तुष्टि दुर्लभ है।

Making virtuous people satisfied by worldly pleasure is difficult in the world.

संयम/संयमी

3064. महव्वदी दमी वा संजमी।

महाव्रत धारक या इन्द्रियों का दमन करने वाला संयमी होता है।

Saint who observes great vows for his whole life or represses senses is restraint.

3065. परिग्गह-विहीणो संजमी।

परिग्रह विहीन संयमी होता है।

A person who is without accumulation is self restraint.

3066. अण्णाणेण किदं पावं संजमेण विणस्सदि।

अज्ञान से कृत पाप संयम से विनष्ट हो जाता है।

Sins done in ignorance get destroyed by self-restraint.

3067. संजमेणं मिच्चू वि मरदि।

संयम से मृत्यु की भी मृत्यु हो जाती है।

Death is also dies by self-restaint.

3068. जहा संजमो संजमिणो पाणो तहा दया धम्मस्स।

